
# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 930135969 पर कॉल करें।

मौसम
अधिकतम तापमान 38.5°C
न्यूनतम तापमान 26.6°C
सूर्योदय - 5.44 | सूर्यास्त - 6.33



शीर्ष चार की दौड़ में आगे निकलने के लिए ▸▸ 10



अक्षय तृतीया व परशुराम जयंती पर निकली ▸▸ 2



'टॉक्सिक' के अंदर की कहानी: रॉकिंग स्टार ▸▸ 7



घर-घर हुआ गुड्डे गुड़ियों का विवाह ▸▸ 9

# चिप से शिप तक : भारत-दक्षिण कोरिया के बीच कई समझौते

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और दक्षिण कोरिया के बीच बढ़ते रणनीतिक और आर्थिक रिश्तों को नई दिशा देते हुए कहा कि दोनों देश अब 'चिप्स से शिप्स' तक सहयोग को मजबूत कर रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी दक्षिण कोरिया के साथ हुए कई महत्वपूर्ण समझौतों के बाद आई, जो तकनीक, रक्षा, व्यापार और समुद्री सहयोग जैसे क्षेत्रों को कवर करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया के रिश्ते अब केवल पारंपरिक व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सेमीकंडक्टर (चिप), इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, ग्रीन टेक्नोलॉजी और शिपबिल्डिंग (जहाज निर्माण) जैसे हाई-टेक और रणनीतिक क्षेत्रों में तेजी से विस्तार कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि दोनों देशों की साझेदारी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता और विकास के लिए भी बेहद अहम है। दोनों देशों ने आपसी व्यापार को नई ऊंचाई पर ले जाने का लक्ष्य रखा है। भारत, दक्षिण कोरिया के लिए एक बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकता है, वहीं दक्षिण कोरिया की कंपनियां भारत में निवेश बढ़ाने में रुचि दिखा रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान दक्षिण कोरियाई निवेशकों के लिए नए अवसर पैदा कर रहे हैं। भारत और दक्षिण कोरिया ने रक्षा क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। इसमें संयुक्त सैन्य अभ्यास, तकनीक साझा करना और रक्षा उपकरणों के निर्माण में साझेदारी शामिल है। यह सहयोग खासतौर पर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों देशों ने शिक्षा, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में भी संबंध मजबूत करने पर जोर दिया। छात्रों के आदान-प्रदान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया एक मुक्त, खुला और समावेशी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देश क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए साथ मिलकर काम करेंगे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की रिश्तों की सराहना



### कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर

भारत और दक्षिण कोरिया के बीच इस दौरे के दौरान कई समझौते हुए, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन समझौतों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच निवेश बढ़ाना और सप्लाई चेन को मजबूत बनाना है।

- ▸▸ 1. सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में सहयोग।
- ▸▸ 2. डिफेंस और सिक्योरिटी साझेदारी को मजबूत करना।
- ▸▸ 3. ग्रीन एनर्जी और क्लाइमेट चेंज पर संयुक्त पहल।
- ▸▸ 4. शिपबिल्डिंग और समुद्री सुरक्षा में सहयोग।
- ▸▸ 5. स्टार्टअप और इनोवेशन इकोसिस्टम को बढ़ावा देना।

### सुभाषचंद्र बोस को 'राष्ट्रपुत्र' घोषित करने की मांग खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को 'राष्ट्रपुत्र' घोषित करने और आजाद हिंद फौज को भारत की आजादी का श्रेय देने की मांग वाली पीआईएल खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को 'न सुधरने वाला' बताया और सख्त टिप्पणी की। सोमवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने याचिकाकर्ता पिनाकपानी मोहंती को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि वह पहले भी इसी तरह की याचिका दाखिल कर चुके हैं और अब अदालत का समय बर्बाद कर रहे हैं। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो याचिकाकर्ता के सुप्रीम कोर्ट में आने पर भी रोक लगाई जा सकती है। साथ ही रजिस्ट्री को निर्देश दिया गया कि भविष्य में उनकी कोई पीआईएल मंजूर न की जाए।

### उद्घाटन के एक दिन पहले रिफाइनरी में लगी आग

**बाड़मेर।** राजस्थान में बाड़मेर के नजदीक बालोतरा में हिंदुस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड की रिफाइनरी में सोमवार दोपहर 2 बजे भीषण आग लग गई। जानकारी के मुताबिक आग रिफाइनरी में कच्चे तेल को साफ करने वाली दो यूनिट में लगी। यूनिट से धुआं उठने पर कर्मचारियों ने फायर सेफ्टी सिस्टम चालू किया। इसके बाद मौके पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने 2 से 3 घंटे में आग पर काबू पाया। इस दौरान यूनिट से लपटें उठती रहीं। करीब 79 हजार 459 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस रिफाइनरी का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को उद्घाटन करने वाले थे। इस घटना के बाद उनका दौरा स्थगित हो गया है। आग लगते ही पूरे इलाके को खाली करा लिया गया था और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि नुकसान और आग लगने के कारणों का आकलन बाकी है। सीएम भजनलाल शर्मा ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

### अरविंद केजरीवाल की अर्जी पर आया फैसला

# सुनवाई से खुद को अलग नहीं करेंगी जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा

नई दिल्ली

कथित शराब घोटाले से जुड़े केस की सुनवाई से न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने खुद को अलग करने की अरविंद केजरीवाल की मांग को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति शर्मा ने अगर मैं खुद को इस मामले से अलग कर लेती हूं तो जनता को यह लगने लगेगा कि जज किसी खास राजनीतिक दल या विचारधारा से जुड़े हुए हैं। यह अदालत, खुद को मामले से अलग करके, ऐसी धारणा बनने की अनुमति नहीं दे सकती। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि मेरा न्यायिक करियर 34 साल का है। लेकिन, क्या ऐसा हो सकता है कि जजों को अब मुकदमा लड़ने वाले की तरफ से तय किया गया एक और टेस्ट पास करना पड़े, ताकि यह साबित हो सके कि वे केस सुनने के लिए योग्य हैं? ऐसे में, जजों को उस मनगढ़ंत टेस्ट की शर्तों को पूरा करना होगा, जैसे कि उन्होंने किसी संगठन के कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया हो, या उनके परिवार के सदस्य कानूनी पेशे में न हों। ऐसा होने पर किसी भी जज के लिए काम कर पाना नामुमकिन हो जाएगा। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि मुझे पता है कि एक न्यायाधीश के रूप में मेरी आलोचना की जाएगी। चाहे वो इंटरनेट मीडिया हो या आवेदक। मुझे पता है कि मुझे कितना और क्या करना है। उन्होंने कहा कि अगर मैं बिना सुने इन्कार कर देती तो मैं अपनी ड्यूटी सरेंडर कर देती। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि यह बार-बार कहा गया था कि मेरी ईमानदारी पर कोई संदेह नहीं है और मेरी बहुत इज्जत करते हैं पर उन्हें कहा कि वो अपने मन का क्या करें जब उनके मन में ऐसे विचार आ रहे हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने मनीष सिसोदिया की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े के तर्क का जिक्र किया। जिसमें उन्होंने माता सीता को एक बार नहीं बल्कि दो बार अग्नि परीक्षा देने का जिक्र किया था। उन्होंने कहा कि यह कोर्ट इस नई बात के लिए शुक्रगुजार है, लेकिन अगर इस कोर्ट को एक आरोपित अग्नि परीक्षा देने के लिए कहता है, जिसे बरी कर दिया गया है, तो इस कोर्ट को यह सवाल करना चाहिए कि एक जज को सिर्फ एक आरोपित के कहने पर अग्नि परीक्षा क्यों देनी पड़ती है, सिर्फ इसलिए कि उसे डर है कि जज गलत नतीजा दे सकता है?



Justice Swarana Kanta Sharma    Arvind Kejriwal

### अलग होने के गहरे संवैधानिक प्रभाव होंगे

उन्होंने कहा कि सुनवाई से अलग होने के गहरे संवैधानिक प्रभाव होंगे। मैंने अपने आप से पूछा कि अगर मैं इनकार नहीं करूंगी तो क्या हो सकता है। फिर मैंने सोचा अगर मैं मना कर दूं तब क्या होगा। उन्होंने कहा कि मैंने बहुत से एमपी-एमएलए केस भी दूसरे कोर्ट में ट्रांसफर किए हैं, अगर मुझे महसूस हुआ कि केस यहां नहीं सुना जाना चाहिए।

### कोई वादी जज को भी जज नहीं कर सकता

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि एक आरोपित यह साबित कर सकता है कि वह बेगुनाह है, लेकिन उसे यह साबित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती कि जज दागी है। उन्होंने कहा कि जब वादी अदालत को जज करेगा और जब अदालत उसे जज करेगी, उसका अलग क्राइटेरिया नहीं हो सकता। कोई वादी बिना साक्ष्य के जज को भी जज नहीं कर सकता।

### इधर, बालियान के केस से खुद को किया अलग

मकोका मामले में आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक नरेश बालियान द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई से न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने खुद को अलग कर लिया। उन्होंने खुद को अलग करने का कोई कारण नहीं बताया। बालियान ने मकोका मामले में जमानत मांगी थी। अब यह मामला 23 अप्रैल को किसी अन्य न्यायाधीश के समक्ष सूचीबद्ध होगा।



## पहाड़ से गिरी यात्रियों से भरी बस, 22 की मौत

जम्मू

जम्मू में रामनगर शहर से उधमपुर जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पहाड़ से नीचे जा गिरी। बताया जा रहा है कि चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस पलट गई और पहाड़ी से नीचे गिर गई। इस हादसे में अब तक 22 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया, अभी कुछ ही देर पहले मैंने उधमपुर के डीसी मिंगा शेरपा से बात की। मुझे गांव कनोटे में हुए एक दुखद सड़क हादसे की जानकारी मिली, जो करीब एक घंटे से भी कम समय पहले हुआ। यह हादसा रामनगर से उधमपुर जा रही एक पब्लिक ट्रांसपोर्ट बस से जुड़ा है। रेस्क्यू ऑपरेशन तुरंत शुरू कर दिया गया है। भारी जनहानि की आशंका है। हर संभव मदद दी जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है और गंभीर रूप से घायलों को एयरलिफ्ट करने की व्यवस्था की जा रही है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, मैं लगातार स्थानीय प्रशासन और हमारे स्थानीय कार्यकर्ताओं की टीम, जिसका नेतृत्व राजिंदर शर्मा कर रहे हैं, उनके संपर्क में हूं। इस बीच, जम्मू-कश्मीर के एलजी कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि उधमपुर में हुआ दुखद सड़क हादसा बेहद दर्दनाक है। जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर उन्हें शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। मैंने जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग को हर संभव मदद देने के निर्देश दे दिए हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी इस दर्दनाक सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## मोदी झूठों के सरदार : खड़गे

### बंगाल में बोले- उनके खाने और दिखाने के दांत अलग



**कोलकाता।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बंगाल के कूचबिहार में कहा कि नरेंद्र मोदी झूठों के सरदार हैं। वह चुनाव जीतने के लिए झूठ बोलते हैं। खड़गे ने कहा- अगर सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती तो वह ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाए और सबसे पूछे कि इसे कैसे लागू करें? लेकिन मोदी सरकार ने पार्लियामेंट का सेशन बुलाया ताकि दिखा सके कि उसे महिला आरक्षण की परवाह है। सच तो यह है कि मोदी के खाने और दिखाने के अलग-अलग दांत हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण विधेयक को खारिज करने और 'भ्रूण हत्या' करने का आरोप लगाया था। इस पर खरगे ने पलटवार करते हुए कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को आपने (मोदी) खत्म किया। हमने महिला आरक्षण का विरोध नहीं किया था, हम उस परिसीमन विधेयक के खिलाफ लड़े थे, जिसे आरक्षण से जोड़ा गया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्ष का पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि मोदी सरकार ने आरक्षण को 2029 तक के लिए टाल दिया है, जो महिलाओं के अधिकारों के साथ खिलवाड़ है। कांग्रेस हमेशा से महिलाओं के कल्याण और अधिकारों के पक्ष में रही है।

### शांति वार्ता में पाकिस्तान की मेजबानी, भारतीय कूटनीति में बदलाव जरूरी : कांग्रेस

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस ने सरकार पर पाकिस्तान को उसकी नीतियों के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस देश को विदेश मंत्री एस. जयशंकर 'दलाल' बता रहे थे, उसी को दूसरी बार अमेरिका-ईरान शांति वार्ता की मेजबानी का मौका मिल रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को एक बयान में इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की विदेश नीति के लिए झटका बताया और कहा कि अब कूटनीतिक तथा रणनीतिक स्तर पर बदलाव की सख्त जरूरत है। उन्होंने विदेश मंत्री पर भी निशाना साधा और कहा, बहुत जानकार और हमेशा सलीके से पेश आने वाले विदेश मंत्री ने जिस देश को 'दलाल' बताया था, वही आज अमेरिका-ईरान शांति वार्ता के दूसरे दौर की मेजबानी कर रहा है। 12 अप्रैल को पहले दौर की वार्ता पूरी होने के बाद पाकिस्तान ने सऊदी अरब और कतर से छह अरब डॉलर का कर्ज लिया।

### तमिलनाडु में राहुल गांधी बोले

## नीतीश ने भाजपा के दबाव में गद्दी छोड़ी

चेन्नई



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने नीतीश कुमार को समझौतावादी बताते हुए आरोप लगाया कि जेडीयू प्रमुख के पिछले कार्यों ने भारतीय जनता पार्टी को उन पर पूरी तरह से कंट्रोल करने की इजाजत दी। श्रीवैकुंठम में सत्तारूढ़ डीएमके-कांग्रेस गठबंधन के लिए प्रचार करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, देखिए बिहार में हाल ही में क्या हुआ है। बिहार के मुख्यमंत्री को हटाकर उनकी जगह भाजपा के एक व्यक्ति को बिठा दिया गया है। क्यों? क्योंकि बिहार के मुख्यमंत्री भ्रष्ट हैं। उन्होंने एक शब्द भी नहीं कहा और चुपचाप राज्यसभा चले गए। नीतीश कुमार ने भाजपा के दबाव में आकर बिहार के मुख्यमंत्री की गद्दी छोड़ी है। राहुल गांधी ने कहा कि हम भाजपा को तमिलनाडु में ऐसी सरकार बनाने की इजाजत कभी नहीं देंगे, जिसे वे अपने कंट्रोल में रख सकें। बिहार का उदाहरण देते हुए राहुल ने तमिलनाडु के लिए भी इसी तरह की चिंता व्यक्त की और कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी राज्य सरकार चाहती है जिस पर उनका पूरा नियंत्रण हो। राहुल गांधी ने आगे कहा, उनके पिछले कारनामों ने बीजेपी को उन पर पूरी तरह नियंत्रण करने का मौका दिया। तमिलनाडु में भी वे यही चाहते हैं। वे ऐसी सरकार चाहते हैं जिस पर उनका पूरा नियंत्रण हो। वे ऐसा मुख्यमंत्री चाहते हैं जो उनकी हर बात माने। और हम उन्हें ऐसा कभी नहीं करने देंगे।

## सिंगरौली में डीईओ समेत कई अधिकारियों पर एफआईआर

### 8 करोड़ के कामों में टेंडर-पेमेंट में भ्रष्टाचार के आरोप



**सिंगरौली (स्वतंत्र मत)।** सिंगरौली जिले के शिक्षा विभाग में करोड़ों रुपए के सामान की खरीदी में हुए बड़े घोटाले को लेकर लोकायुक्त ने शिकंजा कस दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी समेत कई बड़े अफसरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। लोकायुक्त की शुरुआती जांच में पता चला है कि नियमों को ताक पर रखकर भारी-भरकम भुगतान किए गए। इसमें तीन मुख्य गड़बड़ियां सामने आई हैं। 19 स्कूलों के लिए करीब 4.68 करोड़ रुपए की खरीदी। 61 स्कूलों में बिजली के सामान और मरम्मत पर लगभग 3.05 करोड़ रुपए खर्च। 558 स्कूलों के लिए साफ-सफाई के सामान पर करीब 98 लाख रुपए का भुगतान। इन सभी कामों के टेंडर और पेमेंट की प्रक्रिया में गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। लोकायुक्त की टीम ने सिंगरौली पहुंचकर शिक्षा विभाग के दफ्तर से टेंडर, बिल और सप्लाई से जुड़े जरूरी कागज अपने कब्जे में ले लिए हैं। लोकायुक्त एसपी सुनील पाटीदार ने बताया कि शुरुआती जांच में आरोप सही पाए गए हैं, इसलिए अब पूरे लेनदेन की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि दोषियों को सजा दिलाई जा सके।

### इन अधिकारियों पर कार्रवाई

लोकायुक्त रीवा ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जिला शिक्षा अधिकारी सूर्यभान सिंह, सहायक संचालक राजधर साकेत, जिला परियोजना समन्वयक रामलखन शुक्ल और वित्त विभाग के छविलाल सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# मप्र में अब नहीं बनेंगे स्वागत द्वार

### आर्थिक स्थिति सुधारने और बुनियादी सुविधाओं पर जोर

भोपाल

मध्य प्रदेश में अब नगर निगम व नगरीय निकाय स्वागत द्वार नहीं बनाएंगे। शासन ने शहरी क्षेत्रों में स्वागत द्वार बनाने पर रोक लगा दी गई है। इसके पीछे फिजूलखर्ची रोकने और निकायों की आर्थिक स्थिति सुधारने का तर्क दिया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने नगरीय निकायों के सीएमओ को हिदायत दी है कि अब किसी ने स्वागत द्वार बनाया तो सस्पेंड कर दूंगा।

दरअसल, प्रदेश के नगर निगमों व निकायों की माली हालत ठीक नहीं है। इससे उबरने के बजाय निकाय ऐसे निर्माण कार्य कर रहे हैं, जिनसे कोई आय नहीं होती है। इनमें स्वागत द्वार को फिजूलखर्ची का कार्य बताया गया है। अपर मुख्य सचिव ने निकायों को स्वागत द्वार बनाने के बजाय बुनियादी सुविधाओं, जैसे- सड़कों, नालियों और शुद्ध पेयजल आपूर्ति जैसी नागरिक सुविधाओं के विकास पर खर्च करने का निर्देश दिया है। हालांकि यह बात अलग है कि जनप्रतिनिधियों और नेताओं का जोर महापुरुषों के नाम पर स्वागत द्वार बनाए जाने पर रहता है। नगरीय निकाय के अधिकारियों के अनुसार, नगर पालिका या प्रमुख सड़कों पर बनने वाले कंक्रीट और पत्थर के मध्यम आकार के स्वागत द्वारों पर लगभग 15 लाख से 20 लाख तक का खर्च होता है। स्वागत द्वार में रेड सैंडस्टोन (लाल पत्थर) या अन्य नक्काशीदार पत्थर का उपयोग लागत बढ़ाता है। लोहे या साधारण कंक्रीट से बने छोटे से छोटे स्वागत द्वार की लागत भी 15 लाख रुपये तक आती है। इस राशि के व्यय से निकायों को आय नहीं होती। बड़े आकार के स्वागत द्वार बनाने में एक करोड़ से अधिक राशि व्यय होती है।



# अक्षय तृतीया व परशुराम जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, शहडोल जिला हुआ भक्तिमय

### संभाग में एक मात्र सिंहपुर मंदिर में श्री परशुराम भगवानजी की मूर्ति का भव्यता के साथ हुआ पूजा पाठ







शहडोल(स्वतंत्रमत)

सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयस्तंभ चौक से हुआ, जो शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए मोहन राम तालाब तक पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ब्राम्हण समाज के हजारों महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए। सभी ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर भगवान परशुराम के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे और धार्मिक ध्वज भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। रास्ते भर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा की तथा जलपान की व्यवस्था भी की गई। आयोजन के अंत में मोहन राम तालाब पर विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का समापन किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकता, संस्कृति और धार्मिक आस्था को बढ़ावा मिलता है।

## शहडोल संभाग में आस्था का केंद्र बना सिंहपुर मंदिर, भगवान परशुराम जी की एकमात्र प्रतिमा पर ब्राह्मण समाज ने किया भव्य पूजन-अर्चन

शहडोल संभाग के सिंहपुर स्थित प्राचीन मंदिर में भगवान भगवान परशुराम जी की एकमात्र प्रतिमा के समक्ष ब्राह्मण समाज द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। यह मंदिर पूरे संभाग में विशेष धार्मिक आस्था का केंद्र माना जाता है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन एवं पूजन के लिए पहुंचते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन, दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। आचार्यों एवं विद्वान ब्राह्मणों द्वारा शास्त्रोक्त विधि से भगवान परशुराम जी का अभिषेक, पुष्पांजलि एवं आरती की गई। वातावरण भक्तिमय भजनों एवं जयघोष से गुंजायमान रहा, जिससे पूरा मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि सिंहपुर मंदिर में स्थापित भगवान परशुराम जी की प्रतिमा शहडोल संभाग में अपनी तरह की एकमात्र प्रतिमा है, जो वर्षों से ब्राह्मण समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, संस्कार और संस्कृति के संरक्षण को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम जी से क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि एवं शांति की कामना की। आयोजन के समापन पर सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर समाज को एकजुट करने एवं सनातन परंपराओं को आगे बढ़ाने का प्रयास जारी रहेगा।

# स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत धनपुरी में मच्छर नियंत्रण हेतु व्यापक फॉगिंग अभियान संचालित



धनपुरी(स्वतंत्रमत)

स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर पालिका धनपुरी द्वारा शहर को स्वच्छ एवं मच्छरजनित बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री पूजा बुनकर ने बताया कि नगर के विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से फॉगिंग मशीन के माध्यम से मच्छररोधी दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मच्छरों के प्रसार को रोकना एवं मलेरिया, डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों से आमजन को सुरक्षित रखना है। लगातार किए जा रहे छिड़काव से मच्छरों के प्रजनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो रहा है, जिससे नागरिकों को राहत मिल रही है। प्रशासन का मानना है कि समय पर की गई यह पहल जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही नगर पालिका के मैदानी अमले द्वारा जनजागरूकता गतिविधियों को भी समान रूप से प्राथमिकता दी जा रही है। अमले द्वारा वार्डों में पहुंचकर नागरिकों को मच्छरों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। लोगों को समझाइश दी जा रही है कि वे अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में पानी का जमाव न होने दें, कूलर, टंकी एवं अन्य जल स्त्रोतों के पानी को नियमित अंतराल पर बदलते रहें तथा साफ-सफाई बनाए रखें। यह भी बताया जा रहा है कि थोड़ी सी लापरवाही मच्छरों के पनपने का कारण बन सकती है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

नगर पालिका द्वारा किए जा रहे इन समन्वित प्रयासों फॉगिंग के साथ-साथ जनजागरूकता से शहर में स्वच्छता का स्तर बेहतर हो रहा है और नागरिकों में भी स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे शहर को स्वस्थ एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया है।

# बरगवां सोड़ाफैक्ट्री में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव

### पूजन के पश्चात भव्य भंडारे का हुआ आयोजन



बुढार (स्वतंत्रमत)

अमलाई के स्थित बरगवा फैक्ट्री गेट के सामने विवेक पाण्डेय निवास पर सनातन प्रेमियों द्वारा भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सुबह 11 बजे से सभी श्रद्धालु एकत्रित हुए और विधिवत पूजन एवं हवन में भाग लिया। इसके पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भगवान परशुराम जी के जीवन, उनके आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया तथा आयोजन के लिए विवेक पाण्डेय एवं विमला पाण्डेय का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताएं, बहनें, वरिष्ठजन एवं सनातन धर्म के अनुयायी उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# श्मशान घाट की जमीन पर अवैध ईंट भट्टे से पर्यावरण और जलस्त्रोतों पर संकट, प्रशासन मौन



धनपुरी(स्वतंत्रमत)

नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 05 में श्मशान घाट के लिए आरक्षित शासकीय भूमि पर अवैध रूप से ईंट भट्टों का संचालन किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वर्षों से रमेश प्रजापति ठेकेदार द्वारा यहां मिट्टी का अवैध उत्खनन कर भट्टे लगाए जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण और जलस्त्रोतों पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। जलस्त्रोतों पर खतरा, प्राकृतिक झिरिया सूखने की कगार पर विलियर्स नंबर एक नर्सरी क्षेत्र में स्थित प्राकृतिक जलश्रोत (झिरिया), जो स्थानीय लोगों के पेयजल और दैनिक उपयोग का मुख्य स्त्रोत है, अब मिट्टी की लगातार खुदाई के कारण प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र में मौजूद धार्मिक स्थल और हरियाली भी इस अवैध गतिविधि से खतरे में है। ईंट निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर जेसीबी मशीनों से खुदाई की जा रही है, जिससे कई वर्षों पुराने पेड़ जड़ों समेत उखड़ रहे हैं। इससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ने का खतरा बढ़ गया है।

**अवैध कोयला और रेत का धड़ल्ले से उपयोग**- स्थानीय सूत्रों के अनुसार, भट्टे संचालक द्वारा बुढार साइडिंग और रेलवे वैगनों से कोयला मंगवाकर बड़े पैमाने पर भंडारण किया जा रहा है। वहीं, पास के नालों और अन्य स्थानों से बिना ट्रांजिट परमिट (ञक्क) के अवैध रेत लाकर उपयोग में ली जा रही है।

**समतल भूमि बनी गड्ढों का जाल**- शासकीय और वन भूमि सहित आदिवासी क्षेत्रों में भी खुदाई कर बड़े-बड़े गड्ढे बना दिए गए हैं। इससे भूमि बंजर होती जा रही है और भविष्य में श्मशान घाट के उपयोग पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। साथ ही, करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए पेयजल संपवेल पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

**प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल**- नगरपालिका परिषद और थाना धनपुरी से महज कुछ दूरी पर संचालित इन अवैध भट्टों की जानकारी अधिकारियों को न होना लोगों के लिए आश्चर्य का विषय है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी कब इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करते हैं।

# आरएन भारती के पदोन्नती पर सम्मान एवं स्वागत

**कटनी (स्वतंत्रमत)**। टैक्स बार एसोसिएशन, कटनी द्वारा होटल अरिंदम में 17 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में आयकर विभाग के संयुक्त आयकर आयुक्त आर. एन. भारती के पदोन्नती का सम्मान एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डायरेक्टर सुशील शर्मा, संजय गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारती के अनुभव और कार्यशैली की सराहना करते हुए कर प्रशासन को अधिक पारदर्शी और सुगम बनाने पर जोर दिया। इस दौरान करदाताओं से जुड़ी समस्याओं, रिटर्न फाइलिंग, नोटिस प्रक्रिया और नए प्रावधानों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। भारती ने अपने संबोधन में कहा कि विभाग करदाताओं को बेहतर सेवाएं देने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने टैक्स प्रोफेशनल्स से सहयोग की अपील करते हुए समय पर और सही जानकारी उपलब्ध कराने पर बल दिया। इस अवसर पर हरीश नारंग, विनय मिश्रा, सचिन सुलभ सहित अनेक सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन किया गया और भविष्य में ऐसे संवाद कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया।



# विभिन्न शैक्षणिक परिसरों में माँ भारती के जय घोष के साथ यात्रा पहुंचीं



कटनी (स्वतंत्रमत)

अभाविप नरसिंहपुर विभाग द्वारा वंदे मातरम के 150वे वर्ष पर आयोजित वंदे मातरम रथ यात्रा के प्रथम दिवस पर कटनी नगर के विभिन्न शैक्षणिक परिसरों में माँ भारती के जय घोष के साथ यात्रा पहुंचीं एवं द्वितीय दिवस पर यात्रा कटनी नगर के विभिन्न महाविद्यालय परिसरों के साथ-साथ कटनी डिग्री कॉलेज में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के यूनिट कैंप में माँ भारती के जय घोष के साथ पहुंची। यात्रा के तृतीय दिवस वंदेमातरम् रथ बरही, विजयराघवगढ़, कैमोर के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय परिसरों में जाकर युवाओं के बीच में वंदे मातरम गायन के पश्चात सभी से वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी के बारे में जानने एवं उनके प्रसिद्ध उपन्यास आनंद मठ को पढ़ने एवं वंदे मातरम को अपने जीवन में आदर्श बनाते हुए भारत माता के प्रति सेवा का भाव जागृत करने को कहा यात्रा संयोजक एवं कटनी विभाग संयोजक सीमांत दुबे ने बताया कि वंदे मातरम रथ यात्रा का आयोजन करने का उद्देश्य यह है कि कैसे विद्यार्थी जीवन में रहते हुए हर एक विद्यार्थी अपनी शिक्षा के साथ भारत भूमि एवं भारत माता की सेवा कैसे कर सकता है इस भाव को जागृति करना एवं हमारे राष्ट्रगीत वंदे मातरम के प्रति ऐसा भाव प्रकट करना जिसने हमारे स्वतंत्रता संग्राम मे भी अहम भूमिका निभाई हो जिसमें हमारे देश के लाखों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भारत माता के प्रति समर्पण का भाव जगाया हो यह गीत कल भी उतना ही महत्वपूर्ण था आज भी है और आने वाले हजारो सालों के बाद भी यह गीत उतना ही महत्वपूर्ण होगा। यात्रा कटनी, सिहोरा, होते हुए नरसिंहपुर मे इसका समापन होगा यात्रा मे महाकौशल प्रांत के प्रांत मंत्री सुब्रत जैन एवं विभाग संयोजक यात्रा संयोजक सीमांत दुबे पूरे समय साथ रहेंगे।

## परशुराम जयंती पर भव्य आयोजन, 21 बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार

**कटनी (स्वतंत्रमत)**। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर जिला अस्पताल रोड स्थित परशुराम मंदिर प्रांगण में बटुक बालकों का उपनयन संस्कार संपन्न हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर में महिलाओं और पुरुषों की भारी सहभागिता देखने को मिली। चाणक्य महासभा के अध्यक्ष पंडित रमाकांत पप्पू दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि परशुराम मंदिर में चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के पहले दिन मेहंदी माहवर महिला मंडल द्वारा रामायण मंडल का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 200 से 250 महिलाओं ने भाग लिया। दूसरे दिन भजन संध्या का आयोजन हुआ, वहीं परशुराम जन्मोत्सव पर भगवान का विधिवत अभिषेक एवं पूजन कराया गया। सोमवार को कार्यक्रम के समापन अवसर पर 21 बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया, जिसमें बटुकों के परिजनों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान पूरे मंदिर परिसर में धार्मिक और उत्सवी माहौल बना रहा।



# झुकेही रेलवे स्टेशन के पास हादसा चलती ट्रेन से गिरा यात्री, हालत गंभीर



कटनी (स्वतंत्रमत)

कटनी-मैहर रेल खंड के बीच झुकेही स्टेशन के पास एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ जनता एक्सप्रेस से गिरकर एक अज्ञात यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। यात्री की स्थिति नाजुक बनी हुई है और फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार, जनता एक्सप्रेस जैसे ही झुकेही स्टेशन के आउटर के समीप पहुँची, तभी एक यात्री अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। ट्रेन की गति तेज होने के कारण यात्री को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही रेल प्रशासन सक्रिय हो गया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए झुकेही स्टेशन मास्टर ने तत्काल निर्णय लिया और घायल को प्राथमिक उपचार के बाद अन्य उपलब्ध ट्रेन के माध्यम से कटनी स्टेशन के लिए रवाना किया। कटनी स्टेशन पर सूचना मिलते ही डिप्टी एसएम चितरंजन दुबे ने मोर्चा संभाला। ट्रेन के पहुँचते ही घायल को सावधानीपूर्वक नीचे उतरवाया गया। इसके बाद रेलवे के सफाई मित्रों के सहयोग से घायल को तत्काल एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, अत्यधिक रक्तस्त्राव होने के कारण यात्री की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। घायल के पास से अभी तक कोई ऐसा दस्तावेज या पहचान पत्र नहीं मिला है जिससे उसका नाम या पता मालूम हो सके। जीआरपी और स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास के थानों में यात्री की जानकारी साझा की गई है।

# कटनी पहुंचे विधायक अजय सिंह राहुल




कटनी (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अजय सिंह राहुल भैया सोमवार को कटनी पहुंचे। इस दौरान वरिष्ठ विधायक अजय सिंह राहुल भैया पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के घर पहुंच कर उनसे सौजन्य मुलाकात कर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। पूर्व कटनी आगमन पर चाका बायपास पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेता का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल भैया पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के घर पहुंचे। सबसे पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कृषि मंडी सदस्य मोहन बत्रा के निवास पर पहुंचे। जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया था। इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक अजय सिंह ने पार्टी को और अधिक मजबूत करने की बात कही। इसके पश्चात वे महिला कांग्रेस नेत्री मंजू निषाद के आवास पर पहुंचे थे जहां उनका आतिशबाजी के बीच गर्मजोशी से स्वागत किया गया था। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाना ही हम सब का प्रमुख उद्देश्य है। शहर के प्रतिष्ठित श्री राम ज्वेलर्स व्यवसाई सुरेश सोनी के प्रतिष्ठान पर पहुंचे जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया था। इसके बाद राकेश जैन कक्का निवास पर पहुंचे यहां उन्होंने कहा कि पार्टी किसे टिकट देती है ये पार्टी का मामला है हम सबको पार्टी के लिए काम करना है जिससे आगामी समय पर प्रदेश में कांग्रेस कांग्रेस सरकार बनाई जा सके इसके लिए सभी को मिलजुलकर पार्टी हित में कार्य करना होगा। इसके बाद पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान, ठाकुर गुमान सिंह, रुस्तम भाई, लिप्पू भाई के निवास पर पहुंचे। इसके बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल भैया आस्था प्लाजा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कहा कि बहुत से वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता घरों पर बैठे हैं ऐसे में संभाग वार दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओ को पार्टी मजबूत करने के लिए दौरा कर रहा हूं जिससे पार्टी जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी बीरेंद्र द्विवेदी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ महेन्द्र सिंह चौहान, नीरज सिंह बघेल, पप्पू बाजपेयी, रुस्तम भाईएबीएम तिवारी, शैलेन्द्र शुक्ला, डॉ के एल जैन, प्रियदर्शन गौर, प्रेम बत्रा, कल्लू दास बैरागी, नारायण निषाद, जितेन्द्र सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा, माधुरी जैन, सौम्या राधेंलिया, नरेंद्र सैनी, अजय गर्ग, चिंतामणि तिवारी, नदीम खान, आंनद मिश्रा, अजय जयसवानी, जित्तू गुप्ता, सुशील जायसवाल, राजेश जाटव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धूप-छांव के खेल से तापमान में आई गिरावट, आमजन को मिली हल्की राहत

### गरज चमक के साथ हल्की बौछार पड़ने की सम्भावना

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

संस्कारधानी जबलपुर में सूर्यदेव के तेवर तल्ख बने हुए हैं। आज मंगलवार को भी राहत की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही । मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को तापमान 38.5 दर्ज किया गया था जो सामान्य से कई डिग्री ऊपर है पर गत वर्ष की तुलना में दो डिग्री कम है वही न्यनतम तापमान 26.6 रहा ।

सोमवार को सुबह से ही धूप-छांव देखने को मिली। जिससे तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिली। इधर मौसम विभाग ने जिले में कहीं कहीं गरज चमक के साथ हल्कि बौछार पड़ने की सम्भावना भी व्यक्त की है। तेज गर्मी के कारण प्रशासन ने नागरिकों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। वर्तमान में शहर की स्थिति यह है कि शीतल पेय और मटकों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी जा रही है, लेकिन सूरज की तपिश के आगे सब बेअसर साबित हो रहा है।



### लू के प्रकोप से बचने डॉक्टरों ने दिए टिप्स

नमी के अभाव और शुष्क पश्चिमी हवाओं के कारण हीट वेव का असर चरम पर रहेगा, जिससे न केवल शरीर में पानी की कमी, डिहाइड्रेशन का खतरा है, बल्कि लू लगने की घटनाएं बढ़ सकती हैं। पूरे मध्य प्रदेश में भी तेज गर्मी का दौर जारी है। इस सीजन में छतरपुर के नौगांव में पारा 44.3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। 45 से ज्यादा जिलों में तेज गर्मी पड़ेगी। वहीं 12 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया गया है।

डॉक्टरों का कहना है कि लोग सूती कपड़े पहनें, सिर ढंककर बाहर निकलें और अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करें। स्कूलों और दफ्तरों से लौटने वाले बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह गर्मी जानलेवा साबित हो सकती है।



# माहेश्वरी मंडल जबलपुर के चुनाव हुए सम्पन्न

### निर्विरोध हुए चुनाव, नए सदस्यों की हुई घोषणा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अक्षय तृतीया के शुभ दिवस पर माहेश्वरी मंडल जबलपुर के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी गोविंद दास करवा रिटायर्ड सेल्सटैक्स ऑफिसर एवं जबलपुर जिला माहेश्वरी सभा के सचिव अभिषेक जेठा चुनाव पर्यवेक्षक, प्रदेश मानद मंत्री श्याम सुन्दर जेठा तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद मालानी के मार्गदर्शन में, हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। चुनाव सम्पन्न होते ही निर्वाचन अधिकारी गोविन्द दास करवा ने मंच पर पदाधिकारियों एवं निर्वाचित सदस्यों की घोषणा की ।

### इन पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

माहेश्वरी मंडल जबलपुर के चुनाव में अध्यक्ष- मदन गोपाल जेठा, उपाध्यक्ष- वल्लभदास पलोड, सचिव उत्तम चांडक (एडवोकेट), सहसचिव दीपक मालपानी, कोषाध्यक्ष पंकज गाँधी, सहकोषाध्यक्ष आशीष मालपानी, सांस्कृतिक सचिव मनीष भट्टर, संपत्ति सचिव अनुराग जेठा, जनसंपर्क सचिव शरद काबरा, तथा कार्यसमिति सदस्य केके सादानी, रूपकिशोर जेठा, सुशील सादानी, शैलेन्द्र जेठा, प्रवीण भूतडा, संतोष सादानी एवं मनीष सारडा के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस अवसर पर राजेश कयाल, दीपेश जेठा, हर्ष काबरा, प्रदीप जेठा, मनोहर राठी, रोहित जेठा, श्रीकुमार सादानी, राहुल जेठा, हरिवल्लभ जेठा, राजा गिरधर सादानी, शरद जेठा आदि उपस्थित रहे।



## गमछा और वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** फ्रीमेसनरी, मेसोनिक लॉज नर्मदा द्वारा विगत 15 अप्रैल को प्रातः 9 बजे, श्री हनुमान मंदिर, रांटीताल में एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को गमछा एवं वस्त्र वितरण किया गया। यह कार्यक्रम स्व सी. आर. शाह की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया, जिसमें उनके द्वारा समाज के प्रति किए गए योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता करना एवं समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में फ्रीमेसनरी के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और वितरण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस अवसर पर केतन शाह, चेतन जैसवाल, वीएस कोहली, तल्लीन सिंह बावा, वैभव अग्रवाल, प्रदीप रूसिया, अरुण खर्ड, विजय जैन, अखिलेश बादशाह, बॉबी भसीन, विजेंद्र व्यास आदि उपस्थित रहे। अंत में सभी सदस्यों ने समाज सेवा के ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## मप्र लघु उद्योग संघ कार्यकारिणी की बैठक हुई सम्पन्न

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र लघु उद्योग संघ की तृतीय कार्यकारिणी की बैठक भोपाल में संपन्न हुई। बैठक में मध्य प्रदेश लघु उद्योग संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सुबोध कुमार जैन ने भवन का लोकार्पण किया तत पश्चात सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि यह हम सबके लिए अत्यंत गर्व और गौरव की बात है कि संघ के सारे कार्य अब अपने स्वयं के भवन जसवंत टावर विद्यानगर फेज 2 के सभागार में संपन्न होंगे। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने ऐसे संघ की बड़ी उपलब्धि निरूपित किया एवं सुबोध कुमार जैन के कुशल नेतृत्व की प्रशंसा भी की । संघ के महासचिव विपिन कुमार जैन ने संघ की सफल 66 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सचिव सुनील भार्गव एवं आभार प्रदर्शन सुधीर मिश्रा उपाध्यक्ष ने किया।



# जबलपुर संभाग में स्वरोजगार को मिलेगी नई उड़ान

### स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना की आगामी सत्र की कार्ययोजना तैयार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के तहत आगामी सत्र की संभाग स्तरीय बैठक का आयोजन शासकीय महाकोशल महाविद्यालय (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस) में किया गया। संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जबलपुर, नरसिंहपुर, कटनी, डिंडौरी और मंडला जिलों के लिए क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगार और स्वरोजगारोन्मुखी प्रस्ताव तैयार किए गए। बैठक में विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए अत्याधुनिक संसाधनों की



स्थापना पर चर्चा की गई। प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि शासकीय होमसाइंस कॉलेज के लिए मोमोज मेकिंग, रोटी मेकिंग और ऑटोमेटिक एंब्रॉयडरी मशीन का प्रस्ताव दिया गया है। वहीं, सिहोरा कॉलेज में 3 हथकरघा इकाइयां और बरेला महाविद्यालय में ब्यूटी पार्लर लैब प्रस्तावित है। कटनी- स्लीमनाबाद कॉलेज में हथकरघा और कोकोपिट कम्पोस्ट यूनिट स्थापना का लक्ष्य है। मंडला के रानी दुर्गावती कॉलेज में चावल निकालने की मशीन (राइस मिल प्लांट) और डिंडौरी के प्रधानमंत्री उत्कृष्टता संस्थान में जनजातीय कला कौशल प्रयोगशाला की स्थापना का प्रस्ताव है। नरसिंहपुर में हस्तशिल्प और मूर्तिकला प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास पर जोर दिया गया है।

### राज्य कार्यालय को भेजा गया प्रस्ताव

संभागीय नोडल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि इन सभी नवाचारों के प्रस्ताव राज्य कार्यालय को भेज दिए गए हैं। बजट आवंटन प्राप्त होते ही संबंधित कॉलेजों में मशीनों की स्थापना और प्रशिक्षण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

बैठक में जिला नोडल अधिकारी डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी (जबलपुर), डॉ. चित्रा प्रभात (कटनी), डॉ. बी.डी. कोष्ठी (नरसिंहपुर), डॉ. सुदामा प्रसाद धूमकेती (मंडला) एवं डॉ. रवि सिंह (डिंडौरी) ने अपने-अपने जिलों की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की।

# महिला वकील का दैहिक शोषण

### विश्वासघात कर आरोपी ने दूसरी युवती से की कोर्ट मैरिज

**जबलपुर।** एक युवक ने शादी का वादा कर महिला वकील को सात साल तक अपने प्रेम जाल में फंसाए रखा और जब शादी की बारी आई, तो गुपचुप तरीके से दूसरी युवती से शादी कर ली। पीड़िता की शिकायत पर भेड़ाघाट पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार ओमती निवासी 30 वर्षीय पीड़िता अधिवक्ता हैं। साल 2016 में जब वह प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग कर रही थीं, तब उसकी पहचान भेड़ाघाट निवासी शुभम पटेल (32) से हुई थी। शुभम ने मेल-जोल बढ़ाकर पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी का भरोसा दिलाया। पीड़िता ने बताया कि साल 2017 में शुभम उसे भेड़ाघाट स्थित एक होटल में ले गया, जहाँ उसने पहली बार उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर आरोपी ने जल्द शादी करने का वादा किया। इसके बाद वह लगातार पीड़िता का शारीरिक शोषण करता रहा। हाल ही में पीड़िता को पता चला कि शुभम ने उसे अंधेरे में रखकर किसी दूसरी युवती से कोर्ट मैरिज कर ली है। जब पीड़िता ने इस विश्वासघात का कारण पूछा और अपना हक मांगा, तो आरोपी ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया और उसे धमकी दी। आरोपी के व्यवहार से तंग आकर पीड़िता ने भेड़ाघाट थाने में शिकायत दर्ज करायी।

### आज से श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** छोटा फुहारा स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर, सूजी मोहल्ला में श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का चार दिवसीय भव्य आयोजन 21 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के प्रथम दिवस 21 अप्रैल को दोपहर 3 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर बड़ा फुहारा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं एवं युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर भक्ति का वातावरण निर्मित करेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रवीण साहू ने बताया कि पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति, श्रद्धा एवं उत्साह का विशेष वातावरण रहेगा। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन का पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# पार्टनर का अपहरण कर मारपीट दुकान का विक्रयनामा लिखवाया

### पीड़ित ने रांझी थाने में दर्ज करायी शिकायत, आरोपियों की तलाश में पुलिस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बकरी व मुर्गी पालने के काम पर पार्टनरों के बीच घाटे को लेकर विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष ने टाटा सफारी गाड़ी पर अपने गुर्गो को बेचकर पार्टनर मोनू रैकवार को फार्म हाउस से किडनैप कराया और अपने आफिस में ले जाकर मारपीट की। इसके बाद शपथपत्र विक्रेता के पास ले जाकर जबरन हस्ताक्षर कराकर उसकी रांझी स्थित दुकान का विक्रयनामा तैयार कराकर उसे हस्ताक्षर लिये, इसके बाद उसके घर पहुंचकर पत्नी व साली को भी डरा-धमकाकर गवाह के तौर पर उनके हस्ताक्षर ले लिये और पीड़ित को मारपीट कर फेंककर आरोपी भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिय ने बताया कि मड़ई मस्जिद के पास रांझी में रहने वाले 46 वर्षीय मोनू रैकवार ने शिकायत दर्ज करायी कि वह बकरी व मुर्गी पालने का काम करता है। सात माह पूर्व विवेक सतनामी के साथ पार्टनरशिप में कटाव धाम मंझौली में एक फार्म हाउस किराये पर लिया था। उक्त व्यवसाय में उन्हें घाटा लग गया, जिसके बाद विवेक सतनामी उसके पास हिसाब-किताब करने नहीं आया। बीते दिवस जब मोनू रैकवार अपने कटाव धाम स्थित फार्म हाउस पर था, उसी समय अभिषेक घाटे और अन्य तीन लोग टाटा सफारी गाड़ी क्रमांक एमपी 20 के एन 0111 से उसके फार्म हाउस में पहुंचे और बोले कि तुम्हें विवेक सतनामी ने




बुलाया है। मोनू के यह कहने पर अभी वह काम कर रहा है, बाद में आयेगा तो चारो आरोपियों ने जबरदस्ती मोनू का अपनी गाड़ी में बैठा लिया। जब मोनू ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरु कर दी, इतना ही नहीं उसका मोबाईल भी छुड़ाकर अपने पास रख लिया।

### बस स्टैण्ड ऑफिस में ले जाकर की मारपीट

इसके बाद आरोपी मोनू का अपहरण कर उसे बस स्टैण्ड स्थित विवेक सतनामी के आफिस लेकर पहुंचे। जहां विवेक सतनामी डरा धमकाकर उसे अपने साथ टाटा सफारी गाड़ी से तहसील कार्यालय के आगे एक शपथ पत्र विक्रेता के पास लेकर पहुंचे। जहां जबरदस्ती मोनू रैकवार की मड़ई स्थित 264 वर्गफिट में बनी दुकान को एफीडेविट के माध्यम से विक्रयनामा लिखवाकर उससे हस्ताक्षर करा लिये।

इसके बाद रात्रि लगभग 9-30 बजे विवेक सतनामी अपने साथी अभिषेक घाटे एवं अन्य 3 लोगों के साथ मोनू रैकवार के घर पहुंचा। जहां उसकी पत्नी भूमा रैकवार, साली प्रियंका बर्मन को डरा धमकाकर शपत्र पत्र की गवाही में हस्ताक्षर करा लिये। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए सभी आरोपी मौके से भाग निकले।



### सिद्ध संत दादा ठन ठन पाल निर्वाण दिवस पर सम्मान समारोह आज

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। शहर में संकीर्तन की अलख जागने वाले भजन आनंदियों का सम्मान समारोह नरसिंह मंदिर में शास्त्री ब्रिज में 21 अप्रेल सुबह 10 बजे पूज्य जगद्गुरु नरसिंह देवाचार्य महाराज के सानिध्य में नर्मदा खंड के सिद्ध संत दादा ठन ठन पाल महाराज के निर्वाण दिवस पर किया जाएगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल, परिक्रमा संरक्षक सुषमा शंकर पटेल, बंटी पटेल, करण पटेल, विनोद दीवान आदि ने की है।

# दुबई में कत्थक नृत्यांगना से दोस्ती शादी का झांसा देकर लूटी आबरू

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** देश-विदेश में प्रस्तुतियां देने वाली एक 29 वर्षीय कत्थक नृत्यांगना को दुबई में महाराष्ट्र निवासी युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर जबलपुर समेत कई शहरों में उसका शोषण किया। आरोपी ने न केवल मंदिर में अंगूठी पहनाकर कोर्ट मैरिज का दावा किया, बल्कि युवती के गर्भवती होने और नवजात शिशु के जन्म के बाद अब शादी से साफ मुकर गया। इसके बाद पीड़िता ने अब ग्वारीघाट थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



पुलिस के मुताबिक 29 वर्षीय युवती कत्थक डांसर है। साल 2023 में वह एक शो के सिलसिले में दुबई गई थी। वहां उसकी पहचान नासिक महाराष्ट्र निवासी शोहसिन हसीन इकबाल सैय्यद पिता इकबाल कादिर सैय्यद (41) से हुई। दुबई के बाद जब युवती मुंबई आई, तो आरोपी ने वहां भी उससे मुलाकात की और उसके नृत्य की खूब प्रशंसा की। इसी प्रशंसा और मुलाकातों के जरिए आरोपी ने युवती का भरोसा जीत लिया। इसके बाद नवंबर 2023 में जब युवती जबलपुर लौट रही थी, तब आरोपी काम का बहाना बनाकर उसके साथ शहर आ गया। यहाँ ग्वारीघाट स्थित आकाश होटल में रुककर उसने युवती को प्रेम जाल में फंसाया। आरोपी ने युवती के परिजनों से मिलकर शादी का प्रस्ताव भी रखा, जिससे परिवार को उस पर भरोसा हो गया। इसके बाद आरोपी उसे ग्वारीघाट स्थित आकाश गंगा होटल ले गया और शादी का झांसा देकर पहली बार दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे मुंबई और नासिक भी ले गया। नासिक में उसने एक मंदिर में युवती को अंगूठी पहनाई और वादा किया कि वे जल्द ही धूमधाम से शादी करेंगे। उसने कोर्ट मैरिज के दस्तावेज तैयार करने का भी दावा किया था।

**गर्भावस्था में दिया धोखा-**

जून 2024 में युवती गर्भवती हो गई। इस कठिन समय में युवती बीमार भी रही और उसने आरोपी पर शादी का दबाव बनाया। आरोपी उसे जल्द शादी का आश्वासन देकर वापस चला गया, लेकिन फिर लौटकर नहीं आया। इस बीच युवती ने एक बच्चे को जन्म दिया। जब पीड़िता ने फिर से संपर्क किया, तो आरोपी ने शादी करने से साफ मना कर दिया। अपने साथ हुए इस बड़े धोखे के बाद पीड़िता ने ग्वारीघाट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी शोहसिन हसीन इकबाल सैय्यद के खिलाफ दुष्कर्म प्रकरण दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

# दूरदर्शन कार्यालय के बाहर एनएसयूआई का प्रदर्शन, फूंका पीएम और गृहमंत्री का पुतला

### राहुल गांधी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का हुआ विरोध

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सोमवार को एनएसयूआई जबलपुर जिला इकाई ने दूरदर्शन कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में दूरदर्शन कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण विरोध में शामिल एनएसयूआई साथियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किए जाने की निंदा करते हुए तत्काल रिहाई की मांग उठाई।



**मर्यादा भूला दूरदर्शन-** एनएसयूआई नेताओं ने कहा कि दूरदर्शन सार्वजनिक प्रसारण मंच है, इसलिए उससे निष्पक्षता, गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादा की अपेक्षा की जाती है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध वरिष्ठ एंकर अशोक श्रीवास्तव के द्वारा कथित आपत्तिजनक टिप्पणी न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह सार्वजनिक संस्थानों की निष्पक्षता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

यदि गिरफ्तार साथियों को शीघ्र रिहा नहीं किया गया और सरकारी संस्थानों का दुरुपयोग बंद नहीं हुआ, तो संगठन आंदोलन को और व्यापक स्वरूप देगा। प्रदर्शन के दौरान मौके पर मौजूद पुलिस बल एवं कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झड़प की स्थिति भी निर्मित हुई, प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष सचिन रजक, अनुज यादव, अभिनव मिश्रा, करन तामसेतवार, एजाज अंसारी, अर्पित सोनकर, सचिन शर्मा, आकाश सेन,दिलशाद अंसारी,मो समीम,जयसूर्या, विदांत श्रीवास्तव, समीर,कफील ,आशिष सहित भारी संख्या मे छात्र उपस्थित थे।

# पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान दो बार कॉलेज खोलने कर चुके हैं घोषणा, भाजपा के राज में नहीं मिली सफलता

### गढ़ी में कॉलेज और आईटीआई खोलने की मांग नहीं हो रही पूरी

### 23 पंचायतों के विद्यार्थियों को होती हैं परेशानी, जिम्मेदार बने अनजान

बालाघाट (स्वतंत्र मत)




जिले की बैहर विधानसभा के 23 ग्राम पंचायतों का सेंटर प्वाइंट ग्राम पंचायत गढ़ी है। यह पंचायत कान्हा राष्ट्रीय उद्यान से लगी है। इस क्षेत्र के अधिकांश गरीब बच्चे 12वीं की पढ़ाई के बाद गांव तक ही सीमित रह जाते है। गरीब परिवार के अभिभावक अपने बच्चों को बैहर, बालाघाट तक पढ़ाई करने नहीं भेज पाते। आदिवासी क्षेत्र होने से यहां शिक्षा का ग्राफ गिर रहा हैं। वर्ष 2013 व 2023 केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सीएम सीएम शिवराज सिंह चौहान, 10 वर्ष में दो बार गढ़ी आए थे। उन्होंने कहा था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनती है तो कालेज खुलवाकर रहेंगे, लेकिन इतने वर्ष बीत गए यह सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। वर्ष 2003 में चुनावी सभा को संबोधित करने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का भी गढ़ी में आगमन हुआ था। जिन्होंने बैहर को जिला व गढ़ी तहसील बनाने की घोषणा की थीं। ये घोषणा आज तक आदिवासी क्षेत्र के लिए केवल कहानी बनकर रह गई हैं। एक ही पार्टी लंबे समय तक सत्ता में रहने की वजह से यह सब हो रहा है। रविवार को ग्राम पंचायत गढ़ी में आयोजित वार्ता के दौरान यह बात रंजीत सिंह बैस उपाध्यक्ष जनपद बैहर एवं सभापति शिक्षा समिति ने कही। उन्होंने कहा- समस्या का समाधान जल्द नहीं होता है तो जन आंदोलन करेंगे। गढ़ी जिला मुख्यालय से 100 किमी दूर है, जिसके कारण अधिकारी का आना बहुत कम होता हैं।

कालेज और आईटीआई खुलवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री से लेकर कलेक्टर, एसडीएम तक कई बार आवेदन निवेदन किया जा चुका है। इसके बाद भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों के कानों तक जूं नहीं रेंग रही है। ग्राम गढ़ी, खजरा व परसामऊ, ये तीनों गांवों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है। 23 ग्राम पंचायतों में लगभग 70-80 गांव आते है, इतने गांवों से हर वर्ष 500 से अधिक बच्चे उत्तीर्ण होते है। साथ ही इतने गांवों में लगभग एक लाख की आबादी है। इनमें से कई बच्चे गरीब, मध्यम वर्ग के होते है। कालेज और आईटीआई सेंटर प्वाइंट में नहीं होने से तहसील, जिला मुख्यालय तक नहीं जाते सकते। जिससे उन्हें पढ़ाई छोड़ने पड़ती है। वार्ता के दौरान सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी, महेश मरकाम जिपं सदस्य, विधायक प्रतिनिधि द्रोपिकिशोर मेरावी, लक्ष्मी मेरावी सरपंच कदला, भागवती उइके सरपंच माना, प्रताप करायत उपसरपंच गढ़ी, डा. अमित पाटिल पंच, विकल पाटिल ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस, दशरथ धारवैया सहित समस्त पंचगण व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### इनका कहना हैं

जिला पंचायत में जो सामान्य सभा की बैठक होती है। एक बार गढ़ी में हुई थी। हमने कालेज, आईटीआई के अलावा अन्य मुद्दों को सामने रखा था, लेकिन सारे मामले कागजों तक सीमित रह गए है। कालेज व आईआटीआई के अभाव में कई बच्चे आगे की पढ़ाई से वंचित हो रहे है। आगामी समय में इस समस्या को लेकर जन आंदोलन किया जाएगा।

**रंजीत सिंह बैस, उपाध्यक्ष जनपद बैहर एवं सभापति शिक्षा समिति।**

गढ़ी में कालेज व आईटीआई की मांग पिछले लंबे समय से की जा रही है, परंतु आदिवासी क्षेत्र होने की वजह से इस दिशा में जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है। कालेज व आईटीआई खुलती है तो गरीब आदिवासी बच्चे आगे की पढ़ाई आसानी से कर पाएंगे। इसके लिए कई बार ज्ञापन सौंपे गए है।

**सुश्री रोशनी मेरावी, सरपंच, ग्रापं गढ़ी**

कालेज व आईटीआई खुलने से 23 पंचायतों के बच्चों को पढ़ाई करने सहूलियत होगी। इस क्षेत्र से बैहर व जिला मुख्यालय की दूरी अधिक है। जिसके कारण गरीब वर्ग के बच्चे 12वीं उत्तीर्ण तो हो जाते है, लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक न रहने की वजह से वे शहर में पढ़ाई करने नहीं जा पाते है। इसके लिए कई बार ज्ञापन सौंप चुके है। क्षेत्र में और भी अनेक समस्याएं है।

**महेश मरकाम**
**जिपं सदस्य बालाघाट**

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश, 9 आरोपी गिरफ्तार





बालाघाट (स्वतंत्र मत)

जिले की रामपायली थाना पुलिस ने एक बार फिर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है और अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क का पदार्फाश किया है। थाना रामपायली पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई में एक मोटरसाइकिल से 21 किलो गांजा बरामद कर पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। जिनमे दो आरोपी उडींसा राज्य और एक बालाघाट का पाया गया था। वही उनके विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर मामले की गहन जांच के लिए एसआईटी गठित की गई। विवेचना के दौरान की गई पूछताछ में आरोपीयों ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के एक बडे अंतर्राज्यीय रैकेट का खुलाया हुआ, जो गांजा सप्लाई की श्रृंखला में एपेक्स परपेट्रेटर की भूमिका में है। जहां टीम ने मध्यप्रदेश सहित उड़ीसा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान और गुजरात में लगातार दबिश दी और करीब 25,000 किमी का सफर तय करके अहम साक्ष्य जुटाए। तकनीकी विश्लेषण और पूछताछ के आधार पर पूरे नेटवर्क का खुलासा करते हुए कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। यहां पुलिस ने तकनीकि विश्लेषण के माध्यम से आरोपीयों के बैंक खातो की जांच कर वित्तिय लेन-देन/फांइनेशियल ट्रेल का भी विश्वलेषण किया जा रहा है। प्राप्त संदिग्ध लेन देन होने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। विवेचना के दौरान आरोपीयों के कब्जे से दो मोटर साईकिल, एक टाटा पिकअप 407 वाहन, 10 मोबाईल फोन एवं अतिरिक्त 2.140 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया। इस तक अब तक की कुल कार्यवाही में 23.140 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है। वही पूरे कार्यवाही में गिरफ्तार आरोपियों में मुन्ना बर्वे (बालाघाट), मिकेन्द्र उर्फ मुकेश देव (गंजाम, उड़ीसा), दिलीप सुना (बौद्ध, उड़ीसा), राज उर्फ आशुतोष पारधी (बालाघाट), विजय नायक उर्फ बिजया नाईक (बौद्ध, उड़ीसा), कैलाश चंद्र खमारी (बौद्ध, उड़ीसा), बुल्ला उर्फ बबलू उर्फ वीरभद्र समन्तारा (उड़ीसा), जग्गा उर्फ जगदीश पाडुआ (गंजाम, उड़ीसा) और तेजशंकर पाटीदार (उदयपुर, राजस्थान) शामिल हैं, जिन्हे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मामले में अन्य संलिप्त लोगों और तस्करी से अर्जित संपत्ति की जानकारी जुटाई जा रही है तथा आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# सी-पैप और वेंटिलेटर की मदद से नवजात को मिली नई जिंदगी

### जिला चिकित्सालय बालाघाट के एसएनसीयू में चिकित्सकों की टीम ने किया सराहनीय कार्य

बालाघाट (स्वतंत्र मत)



जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू में एक बार फिर चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की तत्परता और समर्पण ने एक नवजात शिशु को नई जिंदगी दी। आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और सतत निगरानी के चलते गंभीर स्थिति में भर्ती नवजात को पूरी तरह स्वस्थ कर सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया। ग्राम मोहगांव, तहसील उगली (केवलारी), जिला सिवनी निवासी दीपिका, पति प्रदीप पंचेश्वर ने दिनांक 31 मार्च 2026 को रात 8ः48 बजे बालाघाट स्थित धुर्वे नर्सिंग होम में सिजेरियन प्रसव के माध्यम से एक बालिका को जन्म दिया। जन्म के समय शिशु का वजन 3 किलोग्राम था, लेकिन जन्म के तुरंत बाद उसे सांस लेने में गंभीर परेशानी होने लगी। स्थिति को देखते हुए उसी रात 9ः30 बजे नवजात को जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक जांच में शिशु की हालत गंभीर पाई गई। चिकित्सकों ने तत्काल सी-पैप (उ-ढअढ) मशीन के माध्यम से उपचार शुरू किया और लगातार 4 दिनों तक शिशु को इस पर रखा गया। हालांकि अपेक्षित सुधार नहीं होने पर विशेषज्ञ टीम ने निर्णय लेते हुए शिशु को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा। वेंटिलेटर पर मात्र एक दिन के उपचार के बाद ही शिशु की स्थिति में सकारात्मक सुधार दिखने लगा। इसके बाद अगले चार दिनों तक ऑक्सीजन सपोर्ट और आवश्यक एंटीबायोटिक दवाइयों के जरिए इलाज जारी रखा गया। धीरे-धीरे शिशु की स्थिति सामान्य होने लगी और उसे मां का दूध भी दिया जाने लगा। लगभग 11 दिनों तक सतत निगरानी और उपचार के बाद, 10 अप्रैल 2026 को शिशु को पूर्णतः स्वस्थ घोषित करते हुए 3 किलोग्राम वजन के साथ सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया। इस सफलता पर परिजनों ने एसएनसीयू के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ का आभार व्यक्त किया। डिस्चार्ज के समय माता-पिता के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। जिला चिकित्सालय बालाघाट के एसएनसीयू वार्ड की यह उपलब्धि न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को दशार्ती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि समर्पण, आधुनिक तकनीक और टीमवर्क से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

## शौच करने गये वृद्ध के साथ हुई सर्पदंश की घटना, उपचार दौरान मौत

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

लालबर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम चंद्रपुरी में शौच करने गये एक वृद्ध के साथ सर्पदंश की घटना हो गई, जहां उपचार के दौरान रमेश गिरी पिता पुरन गिरी उम्र 71 वर्ष की मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा। जानकारी अनुसार, रमेश गिरी खेती किसानी करता है। वह रविवार की शाम 6ः30 बजे करीब भोजन करने के पश्चात घर के पास ही खेत में शौच करने गया था। जहां शौच करने के दौरान ही उसे जहरीले सांप ने कांट लिया। जिसकी जानकारी रमेश गिरी ने तुरंत ही घर पहुंचकर परिजनों को दी और फिर तत्काल परिजनों ने जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया। लेकिन देर रात्रि 11ः00 बजे करीब उसकी मौत हो गई। अस्पताल पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई के पश्चात सोमवार की सुबह 10 करीब शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुप्रसिद्ध कर दिया गया।

# भगवान परशुराम के अवतरण महापर्व पर भगवामय रहा मानपुर नगर

मानपुर (स्वतंत्रमत)



सनातन धर्म के अनुसार ? श्री पारब्रम्ह परमेश्वर श्री विष्णु भगवान का छठवां अवतार वसंत ऋतु वैशाख माह के शुक्ल पक्ष अक्षय त्रतिया शुभ तिथि को हुआ था, तब सभी ग्रह नक्षत्र अनुकूल थे पूरा ब्रम्हांड श्री हरिमय था, भगवान परशुराम जी महान ब्रम्हऋषि होते हुये कईवार अत्याचारियों का संघार किये थे, तभी से सनातनी लोग इस दिन भगवान श्री परशुराम जी का अवतरण दिन बड़े ही हर्सो उल्लाश से मनाते चले आ रहे हैं, इस दिन पूरे भारत वर्ष में भगवान श्री परशुराम जी का अवतरण महां पर्व मनाया जाता है।

इसी महांपर्व के उपलक्ष में रविवार 19 अप्रैल को सुवह 11 बजे से शाम पांच बजे तक मानपुर के मां काली मंदिर में कन्या एवं ब्राम्हण भोजन के सांथ भंडारा चलता रहा। शाम पांच बजे मां काली एवं भगवान श्री राम मंदिर पुरानी बाजार से भगवान परशुराम जी का भब्य रथ यात्रा निकाला गया। यहां पूरे दिन श्री राम चरित मानस का संगीतमय रामायण गान होता रहा, डीजे, शंख, घड़ियाल के संगीत एवं पटाखों के गड़गड़ाहट के सांथ रथ यात्रा का भृमण करवाया गया, यह भब्य रथ यात्रा भगवान श्री राम एवं माता काली मंदिर से पूरे बाजार होते हुये बस स्टैंड तक और बस स्टैंड से पूरे मध्य नगर का भृमण करते हुये श्री राम जानकी मंदिर के बाद माता काली मंदिर तक चला। वहीं रथ यात्रा के पहले क्षेत्रीय प्रतिभागी मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा में द्वितीय अंक प्राप्त कर मानपुर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले बच्चों को विप्र समाज द्वारा भगवान अयोध्या पति श्री राम जी के चित्र छाया श्रीफल चंदन आरती हजारों रुपये एवं शाल से सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनो ग्राम पंचायत और मानपुर नगर से आये हजारों ब्राम्हण समाज के बच्चे एवं वरिष्ठों ने भाग लिये जिसमे क्षेत्रीय पदाधिकारी भी भगवा वस्त्र धारण कर भाग लिये। इस आलौकिक महां कार्यक्रम में क्षेत्र के समस्त विप्र देव थिरकते दिखे। इस भब्य कार्यक्रम में मां आदि शक्ति काली मंदिर समित के सांथ अन्य कई श्रद्धालुओं का भी सराहनीय कार्य रहा। रथ यात्रा के दौरान सभी के गले में श्री रामनामी पट्टी, एक हांथ में भगवान श्री अयोध्या राम जी का तस्वीर, दूसरे हांथ में श्री हनुमान ध्वजा और मुख में भगवान श्री परशुराम जी के जयकारों गर्जना से पूरा मानपुर गूंजमान रहा।

# बोर्ड एग्जाम में आई.पी.एस. स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत

उमरिया (स्वतंत्रमत)




जिले की प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम आईपीएस इंटरनेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल उमरिया में बोर्ड एग्जाम कक्षा 10वीं तथा 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के कक्षा दसवीं बोर्ड एग्जाम में प्रथम स्थान वर्चस्व चौधरी 451अंक 90.2ः अर्जित किया, साथ ही द्वितीय स्थान में अनन्या चौधरी 430 अंक 86ः तथा तृतीय स्थान लक्ष्मी राय 428 अंक 85.6ः अर्जित किया। इसके साथ ही कक्षा 12वीं बोर्ड एग्जाम में गणित समूह में प्रथम स्थान विनम्र गुप्ता 442 अंक 88.4ः तथा द्वितीय स्थान ध्रुव जयसवाल 363 अंक 72.6ः तथा तृतीय स्थान रुद्र कुमार 338 अंक 67.6ः अर्जित किया। साथ ही कॉमर्स समूह में प्रथम स्थान कविता सिंह 396 अंक 79.2ः द्वितीय स्थान सूर्यांश सिंह 373 अंक 74.6ः तृतीय स्थान आस्था पांडे 371 अंक 74.2ः अर्जित किया। कक्षा 12वीं बोर्ड एग्जाम जीव विज्ञान समूह में प्रथम स्थान आरुषि सिंह 358 अंक 71.6ः द्वितीय स्थान स्नेहा गुप्ता 353 अंक 70.6ः तथा तृतीय स्थान प्रिया रजक 350 अंक 70ः अर्जित किया। विद्यालय परिवार इन सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# आदर्श कालेज में सोमनाथ स्वाभिमान पर हो रहे कार्यक्रम



उमरिया (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में ग्रीन कैंपस ऊर्जा,नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा एवं सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत विभिन्न कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सी. बी. सोदिया के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे हैं। भारत की सभ्यतागत सांस्कृतिक विरासत से जनमानस एवं छात्र - छात्राओं को अवगत कराने के लिए सोमनाथ मंदिर की स्थापना,कला,ज्योतिर्लिंग के रूप में महत्व, निर्माण, जीर्णोद्धार आदि से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसके अंतर्गत 17 एवं 18 अप्रैल को वाद-विवाद ,प्रश्नमंच एवं गीत भजन शिव स्तुति आदि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रश्नमंच के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सोमनाथ मंदिर से संबंधित जानकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ सरिता विश्वकर्मा, डॉ रिचा तिवारी द्वारा क्विज के द्वारा प्रस्तुत की गई। इसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अविनाश चौधरी ,भारत सिंह, नन्द किशोर,आरती दुबे ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डॉ. प्रज्वला सिंह,किरण भारती,हरीश शुक्ला,तबस्सुम बानो के संयोजन में छात्रा रुचि नामदेव ने शिव स्तुति भजन शिव स्तुति आशुतोष शशांक शेखर, शिव तांडव स्त्रोत प्रस्तुति दी। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ नियाज़ अंसारी, प्रशासनिक अधिकारी डॉ परमेश्वर सिंह, रा.से.यो. अधिकारी रेम सिंह हटिला ,कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती निशी करण,डॉ. पिंकी सोमकुवर, डॉ. अरूणेन्द्र बहादुर सिंह, डॉ. विजय डाबर, डॉ नवीन उपाध्याय ,डॉ. सत्येंद्र महोबिया, डॉ राजीव तिवारी, डॉ. वीरेन्द्र विश्वकर्मा, डा. विष्णुकांत तिवारी, डॉ. रश्मि साकेत, डॉ. रूपलता चतुर्वेदी,महेन्द्र कनौजिया,कामता प्रसाद आदि ने भी अपने विचार रखते हुए प्रतिभागी छात्र दृ छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। डॉ. हरेन्द्र कुमार ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया ।

# सूने मकान से चोरों ने किया लाखों के जेवर साफ

उमरिया (स्वतंत्रमत)

नगर परिषद मानपुर के वार्ड क्रमांक 5 में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है, जहां अज्ञात चोरों ने सूने घर को निशाना बनाते हुए नगदी और लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड निवासी डॉ. अशोक द्विवेदी कुछ समय से घर से बाहर थे। इसी दौरान बीती रात चोरों ने उनके सूने मकान को निशाना बनाया। चोर मुख्य गेट से अंदर घुसे और घर का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। घर में रखी करीब 45 हजार रुपये की नगदी तथा कीमती सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित परिजनों ने तत्काल मानपुर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। इस वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। अब सभी की निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हैं कि आखिर कब तक इन शातिर चोरों का सुराग लग पाता है और चोरी का खुलासा हो पाता है।

# मंदिर में हुई चोरी का हुआ खुलासा पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

उमरिया (स्वतंत्रमत)



थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया चांदी का मुकुट एवं चांदी का छत्र बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी द्वारा दिनांक 3 अप्रैल 2026 को ग्राम ददरी स्थित हनुमान मंदिर में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं मशरूका बरामदगी हेतु निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी उमरिया पी.एस. परस्ते के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मदन लाल मरावी एवं पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। विदित हो कि दिनांक 3 अप्रैल को फरियादी रामलला सिंह राठौर निवासी ग्राम ददरी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुआ था। रात्रि में कार्यक्रम समाप्त होने के बाद मंदिर में ताला लगाकर सभी लोग घर चले गए। अगले दिन सुबह जब मंदिर खोला गया तो ताला टूटा हुआ मिला तथा हनुमान जी की प्रतिमा पर लगा चांदी का मुकुट एवं छत्र गायब पाया गया। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना के खुलासे हेतु पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का सूक्ष्म अवलोकन किया गया तथा संदेहियों की पहचान कर तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों को चिन्हित किया गया। तत्पश्चात जिला कटनी से दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी प्रकाश उर्फ अभिषेक दुबे द्वारा स्वीकार किया गया कि वह पूर्व में मंदिरों की रेकी कर योजनाबद्ध तरीके से चोरी की वारदात करता है। घटना में उसने हनुमान मंदिर ददरी से चांदी का मुकुट एवं छत्र चोरी कर अपने साथी राहुल उर्फ लालू सोनी को बेचने हेतु दिया था। गिरफ्तार आरोपियो में प्रकाश उर्फ अभिषेक दुबे पिता गुड्डू उर्फ कृष्ण कुमार दुबे, उम्र 20 वर्ष, निवासी ओम अनाथालय, अयोध्या नगर, चार लाईन मोपाल, हाल उडिया मोहल्ला, थाना एनकेजे, जिला कटनी,राहुल उर्फ लालू सोनी पिता स्व. पुरुषोत्तम दत्त सोनी, उम्र 38 वर्ष, निवासी शांति मार्ग, वार्ड नं. 08, मकान नं. 62, उमरिया शामिल हैं, जिनके पास से चांदी का मुकुट,चांदी का छत्र,घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल बरामद किया गया है। इस कार्यवाही में एसडीओपी उमरिया पी.एस. परस्ते, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मदन लाल मरावी एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा। उमरिया पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

## कलेक्टर पहुंचे रामनगर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** आगामी आदि उत्सव के आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे रामनगर पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम रामनगर के ऐतिहासिक किले का भ्रमण कर इस पुरातात्विक धरोहर की वास्तुकला ऐतिहासिक महत्व और वर्तमान स्थिति के संबंध में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि रामनगर किला जिले की सांस्कृतिक पहचान है।

## अवैध खनिज पर कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है। खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है जो अवैध रूप से खनिज का परिवहन कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशों के पालन में खनिज विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में सतत निगरानी और जांच की जा रही है। इसी क्रम में बिछिया तहसील अंतर्गत ग्राम चक्की क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान अवैध खनिज परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 51 जेडएफ 1154 को पकड़ा गया।

## अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए एक वाहन को जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज विभाग को मिली शिकायतों के आधार पर कलेक्टर के निर्देशानुसार लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 18 अप्रैल को तहसील मंडला क्षेत्र के ग्राम बम्हनी में जांच के दौरान खनिज निरीक्षक द्वारा रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त एक वाहन क्रमांक एमपी 50 जेडजी 2232 को पकड़ा गया।

## चुटका परमाणु परियोजना बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने चुटका परमाणु परियोजना क्रियान्वयन के लिए की जा रही कार्यवाही समीक्षा की। गोलमेज कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि चुटका परमाणु परियोजना का क्रियांवयन पहले ही विलंबित है इसलिए आवश्यक है कि हम इसके लिए निर्धारित टाइमलाइन का पालन करें। बैठक में उन्होंने भू-अर्जन, अवार्ड, दोहरे विस्थापन, आर एण्ड आर कालोनी गौंझीमाल की स्थिति, पुनर्वास, टिकरिया- मानेगांव-चुटका सड़क निर्माण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## साहू समाज की अनुकरणीय पहल

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में प्रतिभा को सम्मान और प्रोत्साहन देने की एक सराहनीय मिशाल साहू समाज ने पेश की है। माध्यमिक शिक्षा मंडल 2026 बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं गणित संकाय 96.6 प्रतिशत के साथ प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली होनहार बेटी कृति साहू का साहू समाज के पदाधिकारियों ने विशेष रूप से सम्मानित किया एवं इनके उज्वल भविष्य कामना की है। समाज के सदस्य नवनीत साहू ने बताया कि बेटी कृति भविष्य में आईएएस में जाने का सपना रखती है इसके लिए साहू समाज अगले 3 साल की पढ़ाई में होने वाले सम्पूर्ण शैक्षणिक खर्च को सामाजिक फण्ड से वहन करेगा।

## अवैध शराब पर कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर एवं एसडीएम के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई। इस अभियान का संचालन प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी शैली सैयाम एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट रामसिंह उडाली के मार्गदर्शन में किया गया।

# कलेक्टर पहुंचे मेडिकल कॉलेज: निर्माण में देरी से दिखे नाराज, ड्राइंग मैप और पीपीटी से लिया प्रोजेक्ट का जायजा

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जिले में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन के कार्य में हो रही देरी को लेकर कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने कड़ी नाराजगी जताई है। सोमवार को उन्होंने अचानक निर्माण स्थल का निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश दिए और कहा कि जून 2027 तक हर हाल में कार्य पूर्ण किया जाए कलेक्टर के इस औचक निरीक्षण से निर्माण एजेंसी और संबंधित विभागों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर धोटे ने सबसे पहले मेडिकल कॉलेज परिसर के मुख्य ड्राइंग मैप का अवलोकन किया उन्होंने पूरे कंस्ट्रक्शन एरिया की रूपरेखा को समझते हुए भवनों की संरचना विभिन्न ब्लॉकों की स्थिति और प्रस्तावित सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली इसके बाद निर्माण एजेंसी के अधिकारियों और बीपीसी इंफ्रास्ट्रचर कंपनी की तकनीकी टीम द्वारा प्रस्तुत पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति डिजाइन निर्माण तकनीक और आगामी



कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई प्रस्तुतीकरण के दौरान कलेक्टर ने कई तकनीकी पहलुओं पर सवाल उठाए और निर्माण कार्य में हो रही देरी के कारणों को समझने का प्रयास किया उन्होंने पाया कि कार्य की गति अपेक्षित स्तर से काफी धीमी है जिस पर उन्होंने स्पष्ट असंतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी इसके बाद कलेक्टर धोटे स्वयं निर्माणाधीन भवनों के अंदर पहुंचे और वहां चल रहे सिविल वर्क, फिनिशिंग कार्य, स्ट्रक्चर डेवलपमेंट और अन्य गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया उन्होंने श्रमिकों की संख्या, कार्य की गुणवत्ता, निर्माण सामग्री के उपयोग और साइट पर उपलब्ध संसाधनों की स्थिति का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कार्य की धीमी गति और असंगठित व्यवस्था सामने आई जिस पर उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को फटकार लगाई कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से देरी के कारणों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी अधिकारियों ने मौसम संसाधनों की कमी और तकनीकी अड़चनों का हवाला दिया लेकिन कलेक्टर इन कारणों से संतुष्ट नहीं दिखे



उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी स्थिति में तय समय सीमा का पालन किया जाना अनिवार्य है और इसके लिए सभी आवश्यक संसाधन एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को चरणबद्ध तरीके से तेज किया जाए और एक स्पष्ट टाइमलाइन बनाकर कार्य किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जून 2027 तक मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण पूर्ण करना प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए और इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें गुणवत्ता को लेकर भी कलेक्टर ने विशेष जोर दिया उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सीमेंट, गिट्टी, रेत, ईट और अन्य निर्माण सामग्री की नियमित रूप से लैब टेस्टिंग कराई जाए, ताकि निर्माण कार्य की मजबूती और दीर्घकालिक उपयोगिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक लाभ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री की आपूर्ति स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं से ही की जाए उन्होंने कहा कि इस बड़े प्रोजेक्ट से जिले के लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलना चाहिए। इससे न केवल स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे उन्होंने साइट पर कार्यरत मजदूरों के लिए सुरक्षा उपायों, पेयजल शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए यह भी कहा कि परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और प्रगति की समीक्षा समय-समय पर की जाएगी उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर सप्ताह कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए और किसी भी प्रकार की समस्या या बाधा को तुरंत प्रशासन के संज्ञान में लाया जाए इस दौरान एसडीएम सोनल सिडाम, तहसीलदार हिमांशु भलावी, लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे सभी अधिकारियों को कलेक्टर ने अपने-अपने स्तर पर जिम्मेदारी निभाने और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## पोषण पखवाड़ा में व्यंजन प्रदर्शनी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत परियोजना मंडला सेक्टर-2 के बूढ़ीमाई वार्ड में व्यंजन प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ आहार के महत्व को बताना था सुपरवाइजर मीनू कछवाहा की उपस्थिति में विभिन्न पोषणयुक्त व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। प्रदर्शनी में संतुलित आहार हरी सब्जियों दालों और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों से तैयार व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया इस अवसर पर वार्ड पार्षद राम जी गायक कार्यकर्ता प्रियंका राकसिया सहायिका सुमन कांड्रा सहित वार्ड की अनेक महिलाएं शामिल हुईं सभी ने पोषण के महत्व को समझते हुए इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को रोकने के लिए एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया और इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया गया।



## बिछिया बस स्टैंड में खुला प्याऊ

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

लगातार बढ़ती गर्मी और तेज धूप के कारण आमजन एवं राहगीरों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद भुआ बिछिया द्वारा सराहनीय पहल की गई है शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्थानीय बस स्टैंड परिसर में प्याऊ पेयजल केंद्र की शुरुआत की गई पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते यात्री मजदूरों दुकानदारों और राहगीरों को पेयजल के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसी समस्या के समाधान के उद्देश्य से नगर परिषद ने यह पहल करते हुए बस स्टैंड जैसे व्यस्त स्थान पर प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित की है जिससे लोगों को राहत मिल सके इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, पार्षद



शशिकांत श्रीवास्तव, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार सुनील गर्ग तथा नल-जल प्रभारी अशोक यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बस स्टैंड पर उपस्थित राहगीरों और यात्रियों को पानी पिलाकर प्याऊ का शुभारंभ किया यहां नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी ने कहा कि यह अभियान पूरे नगर में चलाया जाएगा और आने वाले दिनों में प्रमुख सार्वजनिक स्थानों चौक चौराहों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी शीघ्र ही प्याऊ स्थापित किए जाएंगे ताकि गर्मी के इस मौसम में किसी भी व्यक्ति को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े।

## सांदीपनि विद्यालय का उत्तम रिजल्ट

**मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)।** सांदीपनि विद्यालय निवास के कक्षा दसवीं के मेधावी छात्र आनंद वरकडे ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 500 में से 463 अंक प्राप्त किए। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के साथ आनंद ने अपने विद्यालय माता-पिता एवं समस्त ग्रामीण क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य वेदप्रकाश अवधिया एवं समस्त शिक्षकों ने आनंद को इस उल्लेखनीय सफलता पर शुभकामनाएं दीं। आनंद का प्रारंभ से ही गणित विषय में विशेष रुचि रही है। उन्होंने न केवल गणित में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि अन्य सभी विषयों में भी विशेष योग्यता डिस्टिंक्शन के साथ उत्तीर्ण होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। आनंद का सपना भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अपना करियर बनाना है। विद्यालय परिवार को ऐसे होनहार छात्र पर गर्व है।



## जन अभियान परिषद ने मनाई जयंती




**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड द्वारा रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती के उपलक्ष्य में तैल्यचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यहां पर संतोष झारिया, श्रीमती प्रिया धुर्वे, समाजसेवी एवं समस्त परामर्शदाता की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समाजकार्य स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्यार्थी राजकुमार, संतोष कछवाहा, सुरेखा, ग्यारसी, शिवम नंदा, पूनम राय, मिथलेश झारिया एवं परामर्शदाता आशीष नामदेव, लालाराम चक्रवर्ती, रागिनी हरदहा, दीपा श्रीवास ने भी अपना विचार प्रस्तुत किया कार्यक्रम पश्चात सभी उपस्थित छात्रो को पाठ्यक्रम की पुस्तकों का वितरण किया गया है।

## बिजली विभाग का शिविर आयोजित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मंडला सर्किल में इन दिनों अतिरिक्त मुख्य अभियंता मो. अयूब खान के नेतृत्व में बिजली विभाग द्वारा विशेष नाइट शिविर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभाग की टीमें रात के समय घर-घर पहुंचकर उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल की वसूली कर रही हैं। अभियान के दौरान बकाया राशि वाले डिफॉल्टर उपभोक्ताओं पर सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। मौके पर ही बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं जिससे अन्य उपभोक्ताओं को भी समय पर बिल भुगतान का संदेश मिल रहा है। वहीं बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ तत्काल पंचनामा तैयार कर बिलिंग की जा रही है। विभाग का कहना है कि इस अभियान से कई सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। बिजली चोरी के मामलों पर नियंत्रण मजबूत होगा जिससे इनपुट लॉस में कमी आएगी और विभाग के राजस्व में बढ़ोतरी होगी। साथ ही ईमानदार उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसके अलावा उपभोक्ताओं में समय पर बिजली बिल जमा करने को लेकर जागरूकता भी बढ़ रही है, जो भविष्य में बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिए अहम कदम माना जा रहा है।

### समर चालिया का अखण्ड पाठ

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** श्री अमृतवेला सत्संग समिति के द्वारा अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में सोमवार को प्रात: समर चालिया महोत्सव का आरंभ किया गया। इस अवसर पर समिति के द्वारा चालीस दिन का अखण्ड पाठ प्रारंभ किया गया अखण्ड पाठ प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य सभी परिवारों की सुख शांति एवं खुशहाली के लिए कामना करना है एवं बच्चों को भी आध्यात्म की राह में जोड़ना है आयोजन के अवसर पर शामिल संगत के द्वारा श्री ग्रंथ साहिब जी की आरती पूजा, अरदास की गई और सभी परिवारों की सुख शांति के लिए कामना की गई श्री अमृतवेला सत्संग समिति के द्वारा बताया गया कि साल में दो बार चालिया महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

## भगवान परशुराम का मनाया जन्मोत्सव

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

नगर के राम मंदिर में भगवान परशुराम के जयकारे के साथ जन्मोत्सव मनाया गया इस अवसर पर मंदिर में भगवान परशुराम की प्रतिमा को साक्षी मान धार्मिक अनुष्ठान राम मंदिर के विशिष्ट आचार्य पंडित दिलीप गर्ग एवं पंडित अवधेश मिश्रा के मंत्रोच्चार से ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष रजनीश पांडे ने भगवान परशुराम की विधिवत पूजन हवन रुद्राभिषेक महाआरती कर प्रसाद वितरण किया इस अवसर पर विनोद चौबे दमरी उपाध्याय अशोक ज्योतिषी, केके पांडे, सुनील गर्ग, चंद्रिका उपाध्याय, अशोक बाजपेई अशोक पांडे, नीरज भट्ट, आजाद चौबे, अभिषेक पांडे, रमाकांत दुबे अभय गर्ग, दीपक दीपक पांडे




दीपक कटारे दीपक द्विवेदी, चंद्रकांत शर्मा, नीरज मिश्रा, अरविंदर उपाध्याय विवेक पांडे सहित सैकड़ों ब्राह्मण परिवार के साथ घुटास सिझोरा मवई आस-पास से आए ब्राह्मण परिवार युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी। इस वर्ष समिति ने ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपयित संस्कार कार्यक्रम 27 अप्रैल को रखा गया है जिसमें बिछिया क्षेत्र सहित अनेक स्थानों जिलों से ब्राह्मण बटुक बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराने आव्हान किया यहां पर यज्ञों पवित बटुक बालको की शोभायात्रा निकाली जाएगी यह कार्यक्रम 12 वर्षों पश्चात किया जा रहा।

# नैनपुर में 130 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न

### प्रशासन ने दी 49 हजार की सहायता, प्रासांगिक रहा जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सदस्यों का आयोजन से बाहर रहना

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

समाज के अंतिम छोर तक खुशियों की किरण पहुँचाने के उद्देश्य से शासन-प्रशासन की पहल एक बार फिर रंग लाई है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आज नैनपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत इंद्री में सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में कुल 130 जोड़ों ने एक साथ वैवाहिक बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। जनपद पंचायत नैनपुर एवं नगर पालिका नैनपुर के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन नैनपुर के इंद्री ग्राम में आहूत किया गया था। वेद मंत्रोपचार के साथ बनाये गये पंडाल में और विवाह मंडप में रख साथ 130 जोड़ो ने सात फेरे लिए।

यह दृश्य केवल एक सामाजिक आयोजन नहीं, बल्कि सामूहिकता, समानता और सहयोग की मिसाल बनकर उभरा, जहाँ हर वर्ग और समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी



निभाई। प्रशासन की मंशा स्पष्ट है, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संबल प्रदान कर उन्हें सामाजिक परंपराओं के निर्वहन में सहयोग देना। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद स्वरूप 49 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके साथ ही गृहस्थी के प्रारंभ के लिए आवश्यक बर्तन एवं उपयोगी सामग्री भी भेंट की गई। जिससे नवदंपतियों को अपने नए जीवन की शुरुआत में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि सामाजिक समरसता और सामूहिकता को भी बढ़ावा देती है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की



जानकारी भी साझा की। इस आयोजन में पूर्व विधायक देव सिंह सैयाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शालिनी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, उपाध्यक्ष श्रीमती संजू लता वैष्णव, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच और जनप्रतिनिधि के अलावा नैनपुर एस डी एम आशुतोष महादेव ठाकुर, तहसीलदार और जनपद सी ई ओ विनोद मरावी के साथ अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**मुख्य मंत्री कन्या दान कार्यक्रम से दूर रहें जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एंव जनपद सदस्य-** सीईओ विनोद मरावी की कार्यप्रणाली से नाराज़ जनपद अध्यक्ष श्रीमति ओमवती उइके, उपाध्यक्ष अमरेन्द्र पप्पू पटेल सहित जनपद सदस्यों का मुख्य मंत्री कन्या दान कार्यक्रम में शामिल न होना चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी अनुसार सामान्य सभा की बैठक में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सीईओ द्वारा जानकारी दी गई की 200 वर-वधू का विवाह ग्राम पंचायत इंद्री मे सम्पन्न होना है बाद में अपनी मनमर्जी से वगैर जनपद सदस्यो अध्यक्ष उपाध्यक्ष को विश्वास में लिए 130 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराने की तैयारी की गई जिससे उत्पन्न हुआ गम्भीर विवाद सरकार की मनमर्जी के खिलाफ होना प्रदर्शित कर्ता है। ऐसे विवाद सीईओ एंव जनपद पंचायत के निर्वाचित सदस्यो के बीच होना गत तीन वर्षों से देखा जा रहा है। कार्यक्रम में सम्मिलित पूर्व विधायक राज्य मंत्री देव सिंह सैयाम के द्वारा भी इस विवादित विषय को लेकर मंच के माध्यम से अपनी खेद भरी भाषा में विरोध किया गया एंव सीईओ की कार्यप्रणाली पर चेतावनी देते हुए सभी जनप्रतिनिधियों का सम्मान करते शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करने कहा गया। नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे इस गम्भीर रूप ले रहे लंम्बे समय से चले आ रहे आपसी मतभेद पर चिन्तन कर जनपद पंचायत नैनपुर की कार्यप्रणाली की सुध लेंगे ऐसी अपेक्षा जताईं जा रही है।

संपादकीय

## परिसीमन की उलझन

यदि 2011 की 121 करोड़ से अधिक जनसंख्या के आधार पर परिसीमन तय किया गया है या किया जाना है, तो वह बुनियादी तौर पर विसंगत होगा, समानुपाती नहीं होगा, क्योंकि देश की मौजूदा आबादी 147.66 करोड़ से अधिक है। क्या दोनों जनगणनाओं में अंतर नहीं है? क्या पुरानी जनसंख्या के आधार पर मौजूदा आबादी के विकास, विस्तार, भौगोलिक बदलावों का परिसीमन किया जा सकता है? भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस.वाई. कुरैशी की चेतावनी है कि यदि परिसीमन के भरोसे रहे, तो 2034 के आम चुनाव तक महिला आरक्षण कानून लागू हो पाएगा। यदि महिलाओं को राजनीतिक और नीति-निर्धारण में भागीदारी देनी है, तो 50 फीसदी के फॉर्मूले के आधार पर उतनी ही सीटें आवंटित की जा सकती हैं। मसलन-भाजपा-एनडीए को चुनाव में जो जनादेश प्राप्त हुआ था, उसके मुताबिक लोकसभा में उनकी कुल 292 सीटें हैं। उसमें 50 फीसदी, यानी 146, सीटें जोड़ कर उन सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जा सकता है। इसी तरह विपक्ष की 233 सीटों में 116 सीटें और जोड़ी जा सकती हैं। चूंकि संशोधन बिल के मुताबिक, लोकसभा में 543 से बढ़ कर 815 सीटें हो जाएंगी और 33 फीसदी महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यानी सदन में 273 महिलाएं सांसद बनकर आ सकेंगी। परिसीमन सरकार की मनमर्जी के मुताबिक नहीं होना चाहिए। बेशक परिसीमन आयोग सर्वोच्च अदालत के वर्तमान या पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित होता है और उसके निष्कर्षों को किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। फिर भी आयोग की रपट पर पहले संसद की स्वीकृति अनिवार्य है और फिर राष्ट्रपति की मुहर अंतिम निर्णय है। देश के जम्मू-कश्मीर और असम के कुछ मामले, परिसीमन के बाद, सामने आए हैं, जो इतने असंतुलित और असमान हैं कि परिसीमन की ईमानदारी पर ढेरों सवाल और संदेह किए जा सकते हैं। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर जो संविधान संशोधन लोकसभा में पेश किया गया था, उस पर मत-विभाजन हो चुका होगा अथवा विपक्ष ने सामूहिक बहिर्गमन का रास्ता चुना होगा! इसका विश्लेषण बाद में करेंगे, क्योंकि यह घटनाक्रम शुक्रवार शाम तक होना था। बहरहाल इस संविधान संशोधन से पहले ही, गुरुवार देर रात्रि, 2023 में पारित किए गए कानून की सरकारी अधिसूचना भी जारी कर दी गई। इसके क्या 'तकनीकी कारण' हो सकते हैं? यह लोकतंत्र और संसद का अपमान है, क्योंकि महिला आरक्षण पर संसद में बहस जारी थी। अभी तक की चर्चा में कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, सीपीएम आदि विपक्षी दलों ने सतही तौर पर महिला आरक्षण का विरोध नहीं किया, लेकिन परिसीमन के जरिए संघीयवाद, लोकतंत्र के उल्लंघन पर सवाल और संदेह जरूर किए। बहरहाल लोकतंत्र कभी नहीं मरता, लेकिन जो व्यवस्थाएं मौजूद हैं, जो विसंगतियां हमें खोखला कर रही हैं, वे जरूर बदलनी चाहिए। लोकसभा में फिलहाल 74-75 महिला सांसद हैं। उनका प्रतिनिधित्व 13.6 फीसदी बनता है। राज्यसभा में भी यह औसत करीब 17 फीसदी है और महिला सांसद 41 हैं। यदि महिला आरक्षण कानून, अंततः लागू होता है तो राज्यों की विधानसभाओं में विधायकों की संख्या 4123 से बढ़ कर 6186 हो जाएगी। पंचायत, जिला पंचायत, ब्लॉक, स्थानीय नगर निकायों में हजारों महिलाएं सक्रिय हैं। उन्हें प्रशासनिक अनुभव भी हासिल हो रहा है। वे अब 'गूंगी गुड़िया' नहीं, मासूम नहीं हैं, बल्कि राजनीतिक चेतना और जागृति से भरपूर हैं। देश की 'आधी जन-शक्ति' को संसद, विधानसभा के स्तर पर भी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

# महिला कोटे से जुड़े संविधान बिल के लुढ़कने के सियासी निहितार्थ

कमलेश पांडे



इंडिया गठबंधन की विपक्षी एकजुटता ने पुनः सत्ताधारी गठबंधन एनडीए की नींद उड़ा दी है। ऐसा इसलिए कि लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026, जो लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लाने से जुड़ा था, 16 अप्रैल 2026 को वोटिंग में गिर गया। इसके पक्ष में 298 और विपक्ष में 230 वोट पड़े, जबकि न्यूनतम दो-तिहाई बहुमत (लगभग 352 वोट) की आवश्यकता थी, जो सरकार के रणनीतिकारों ने नहीं जुटा पाए। शायद पहली बार सदन में अमित शाह की रणनीति पिट गई। इसका राजनीतिक प्रभाव यह रहा कि मोदी सरकार के लिए 12 साल में पहली बड़ी संवैधानिक हार हुई है, जो विपक्ष की एकजुटता को दर्शाता है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसे संविधान पर हमला बताकर कांग्रेस-विपक्ष की रणनीति की जीत घोषित की, जबकि भाजपा इसे विपक्ष विरोधी हथियार बनाने की योजना बना रही है। एक सत्ता विरोधी रणनीति के तहत जहां विपक्ष ने बिल को छलावा करार दिया, वहीं दावा किया कि यह परिसीमन और चुनावी नक्शा बदलने की साजिश है। वहीं, एक एनडीए नेता के अनुसार, बिल गिरने से सरकार अब सड़क पर विपक्ष को महिलाओं के अधिकारों के नाम पर घेरेगी।

हालांकि, सरकार ने शेष दो बिल (परिसीमन और अन्य) आगे नहीं बढ़ाए, क्योंकि वे मुख्य बिल पर निर्भर थे। एचएम अमित शाह और पीएम मोदी विपक्ष के विरोध को कांग्रेस के इतिहास से जोड़कर जनता में प्रचार करेंगे। यह 2029 चुनावों से पहले राजनीतिक ध्रुवीकरण तेज कर सकता है। लेकिन इसका साइड इफेक्ट्स पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनावों में भी दिख सकता है, क्योंकि विपक्षी एकजुटता का पुनः संदेश गया है।

वहीं, मोदी सरकार महिला आरक्षण बिल को दोबारा लाने के लिए रणनीतिक बदलाव कर सकती है, खासकर 16 अप्रैल 2026 को लोकसभा में हार के बाद। समझा जाता है कि सरकार नई विधेयक रणनीति के तहत दो या तीन नए विधेयक ला सकती है- पहला लोकसभा सीटें बढ़ाकर (543 से 850 तक) 33त्न महिला आरक्षण सुनिश्चित करेगा, जिसमें एससी/एसटी के लिए सब-कोटा भी शामिल होगा। लेकिन फिर सवाल उठेगा कि ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के लिए क्यों नहीं? दूसरा परिसीमन आयोग स्थापित करेगा, लेकिन इसे राज्यों के अनुमोदन से अलग रखा जा सकता है ताकि दो-तिहाई बहुमत आसान हो।

सरकार का मानना है कि विपक्ष से सहमति निर्माण के बाद आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, क्योंकि पीएम मोदी सभी दलों को पत्र लिखकर सर्वसम्मति की अपील कर चुके हैं, इसी सिलसिले में कांग्रेस और अन्य विपक्षियों से बातचीत जारी है। महिला कोटा बिल को 2029 चुनावों से पहले लागू करने के लिए 2011 जनगणना पर आधारित संशोधन पर जोर दिया, और नई जनगणना-परीक्षण का इंतजार खत्म किया जाएगा। इसके निमित्त संसदीय प्रक्रिया यह हैं कि विशेष सत्र बुलाकर संशोधित बिल पेश करना संभव होगा, जहां 18 घंटे लोकसभा और 10 घंटे राज्यसभा चर्चा होगी। वहीं सड़क पर प्रचार के साथ विपक्ष को ओबीसी हितों पर घेराव, जिससे राजनीतिक दबाव बनेगा। यह 2029 से पहले बहुमत जुटाने की कोशिश होगी।

इस प्रकार देखा जाए तो महिला आरक्षण बिल को 2029 से पहले लागू करना संवैधानिक रूप से जटिल है, क्योंकि इसके लिए परिसीमन प्रक्रिया अनिवार्य है जो 2011 जनगणना पर आधारित होनी चाहिए। इसका संभावित विकल्प संशोधित बिल पुनर्प्रस्तावहै जिसके तहत सरकार दोबारा संशोधित विधेयक ला सकती है, जिसमें लोकसभा सीटें बढ़ाकर (543 से 850 तक) 33त्न महिला कोटा सुनिश्चित हो, लेकिन विपक्ष सहमति के बिना दो-तिहाई बहुमत मुश्किल है। इसलिए विपक्ष से सर्वसम्मति की पहल तेज है। सरकार सभी दलों से बातचीत तेज कर विशेष सत्र बुलाना, परिसीमन को अलग रखकर बिल पास करवाना, हालांकि विपक्ष इसे परिसीमन साजिश मान रहा है।

जहाँ तक व्यावहारिक बाधाओं की बात है तो परिसीमन आयोग को पब्लिक हियरिंग और प्रक्रिया में कम से कम 2-3 वर्ष लगते हैं, इसलिए 2029 चुनाव से पहले पूरा होना असंभव है। वहीं बिल गिरने से अब अगली जनगणना (2031) और उसके बाद के परिसीमन तक (2034+) देरी तय, दक्षिणी राज्यों की चिंताएं टल सकती हैं। सरकार सड़क प्रचार पर जोर देगी। वहीं विपक्ष ने लोकसभा में गिरे महिला आरक्षण संविधान संशोधन बिल पर मुख्य रूप से परिसीमन प्रक्रिया, ओबीसी/एससी/एसटी सब-कोटा और राजनीतिक साजिश को लेकर आपत्तियां दर्ज कीं। मुख्य आपत्तियां निम्नलिखित हैं:-

**पहला, परिसीमन साजिश**- बिल को लोकसभा/विधानसभा सीटें बढ़ाने और 2011 जनगणना पर परिसीमन से जोड़ा गया, जिसे विपक्ष ने उत्तर भारत (विशेषकर भाजपा शासित राज्यों) को लाभ पहुंचाने वाली सीट रिबनिंग करार दिया। फलतः दक्षिणी राज्य अपनी सीटें खोने के डर से विरोधी हो गए।

**दूसरा, ओबीसी/ईडब्ल्यूएस आरक्षण अनुपस्थिति**-33त्न महिला कोटा में ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के लिए सब-कोटा न होने से सामाजिक न्याय का उल्लंघन ठहराया, और इसे सवर्ण महिलाओं के लिए नया मौका बताया।

**तीसरा, संविधान पर हमला**- राहुल गांधी ने इसे संविधान बचाओ का मुद्दा बनाया, और दावा किया कि बिल चुनावी नक्शा बदलकर विपक्ष कमजोर करेगा।

इस प्रकार राजनीतिक तर्क देते हुए विपक्ष ने इसे छलावा कहा, क्योंकि लागू होने में 2029-34 तक देरी होगी। इसलिए एकजुट होकर वोटिंग में भाजपा नीत एनडीए को हराया।

वहीं, मोदी सरकार ने विपक्ष की आपत्तियों का जवाब देते हुए बिल को महिलाओं के सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम बताया, जो 25-30 साल पहले ही लागू हो जाना चाहिए था। परिसीमन पर स्पष्टीकरण देते हुए सरकार ने कहा कि परिसीमन 2011 जनगणना पर आधारित होगा, जो निष्पक्ष है और दक्षिणी राज्यों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा; यह सीट वृद्धि के साथ संतुलित होगा। अमित शाह ने चुनौती दी कि यदि विपक्ष संशोधन चाहे तो सदन एक घंटा रोकें, वे तुरंत बदलाव लाएंगे।

वहीं, ओबीसी/एससी/एसटी कोटा पर जवाब देते हुए सरकार ने ओबीसी/ईडब्ल्यूएस सब-कोटा की मांग पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए सरकार ने स्पष्ट कहा कि संविधान धर्म या जाति आधारित अतिरिक्त आरक्षण की अनुमति नहीं देता; इसलिए मौजूदा एससी/एसटी कोटा में महिलाओं को प्राथमिकता रहेगी। पीएम मोदी ने विपक्ष को महिलाओं के खिलाफ करार दिया, और कहा कि पंचायत स्तर पर सफलता साबित हो चुकी है।

हालांकि राजनीतिक आरोपों का खंडन करते हुए और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संविधान पर हमला सम्बन्धी दावे पर शाह ने कहा कि विपक्ष सैद्धांतिक रूप से सहमत था लेकिन वोटिंग में नकारा; अब सड़क पर इसका जवाब मिलेगा। सभी दलों से सर्वसम्मति की अपील की गई।

उल्लेखनीय है कि महिला आरक्षण बिल (संविधान 131वां संशोधन विधेयक 2026) के प्रमुख प्रावधान लोकसभा, और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए कुल सीटों का एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित करने से जुड़े हैं, जिसका

### मुख्य प्रावधान इस प्रकार है

**पहला, आरक्षण का दायरा**- लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में कुल सीटों का 33त्न महिलाओं के लिए आरक्षित, जिसमें एससी/एसटी आरक्षित सीटों का भी एक-तिहाई हिस्सा शामिल है।

**दूसरा, परिसीमन प्रक्रिया**- 2011 जनगणना पर आधारित परिसीमन आयोग द्वारा सीटों का आवंटन और रोटेशन, जिसमें लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 850 तक प्रस्तावित है।

**तीसरा, अवधि और प्रभावी तिथि**- 15 वर्ष के लिए (संसद द्वारा विस्तार योग्य), अगले परिसीमन के बाद 2029 चुनावों से लागू होगा।

**चौथा, अतिरिक्त विशेषताएं**- रोटेशन आधारित सीटें प्रत्येक परिसीमन में बदलेंगी, लेकिन ओबीसी/ईडब्ल्यूएस सब-कोटा शामिल नहीं होना भी विवाद का कारण बना।

# महिला के दांव-पेंच



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

मोदी सरकार का नया महिला आरक्षण संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में गिर चुका है, जिसके लिए सदन में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता थी। जाहिर है कि सत्तारूढ़ एनडीए की 543 सदस्यीय लोकसभा में कुल संख्या 293 होने की वजह से यह विधेयक तब तक पारित नहीं हो सकता था जब तक कि विपक्ष के सांसद इसका समर्थन न करते। अतः विपक्ष के विरोध करने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका। मगर विपक्षी नेता राहुल गांधी से लेकर अखिलेश यादव व सुश्री ममता बनर्जी तक यह घोषणा कर रहे हैं कि वे महिला आरक्षण के हक में हैं और उनके द्वारा ताजा आरक्षण विधेयक-2026 का विरोध चुनाव क्षेत्र परिसीमन से जुड़ा हुआ है। यहां यह समझने की जरूरत है कि विपक्ष के विरोध करने के मूल तर्क क्या हैं? पहला तर्क यह है कि 2023 में ही महिला आरक्षण विधेयक पारित हो चुका है। उस समय समूचे विपक्ष ने इसका समर्थन किया था और विधेयक सर्वसम्मति से दोनों सदनों (लोकसभा व राज्यसभा) में पारित हुआ था। अतः कांग्रेस की नेता श्रीमती प्रियंका गांधी कह रही हैं कि सरकार को नया विधेयक लाने की जरूरत क्यों पड़ी? इसके पीछे वह सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक मंशा को बता रही हैं और कह रही हैं कि सरकार महिला आरक्षण के नाम पर देश भर के चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन अपनी राजनीतिक सहूलियत के आधार पर कराना चाहती है और उल्टे विपक्ष को बदनाम करना चाहती है।

इसी के समानान्तर राहुल गांधी कह रहे हैं कि भाजपा महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन इस प्रकार कराने की योजना बना रही है जिससे इसका राज कभी खत्म ही न हो। हालांकि समूचे विपक्ष की राय यही है मगर समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव का यह कहना है कि महिलाओं के लिए किये जा रहे 33 प्रतिशत आरक्षण में पिछड़े वर्ग व मुस्लिम महिलाओं के लिए भी उनकी जनसंख्या के अनुसार आरक्षण हो। भारत का संविधान चुंकि धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है अतः मुस्लिम स्त्रियों के आरक्षण का सवाल ही पैदा नहीं होता। अब सवाल यह है कि मोदी सरकार नया महिला संविधान संशोधन आरक्षण विधेयक 2026 क्यों लाई जबकि पुराना 2023 का विधेयक जीवित था? इस बारे में भाजपा का तर्क है कि पुराने कानून में यह कहा गया था कि 33 प्रतिशत आरक्षण देश में नई जनगणना के बाद होने वाले चुनाव क्षेत्र परिसीमन के बाद ही हो सकता है अतः 2029 तक के चुनावों तक आरक्षण को लागू करने हेतु चुनाव परिसीमन जल्दी होना चाहिए और यह 2011 की जनगणना के आधार पर कर दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही लोकसभा की कुल सीटें बढ़ाकर 850 कर दी जानी चाहिए और उसमें से 33 प्रतिशत आरक्षण दे देना चाहिए। विपक्ष इसके जवाब में कह रहा है कि पहले तो यह 850 का आंकड़ा कहां से आया और दूसरे वर्तमान सदस्य संख्या 543 में ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं दिया जा सकता? (हालांकि गृहमन्त्री श्री अमित शाह ने बढ़ी हुई संख्या का फार्मूला भी सदन में खोल दिया) वैसे 2023 में भी विपक्ष ने यही मांग की थी मगर तब सरकार ने इसे जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन से जोड़ दिया था। वैसे देश में जनगणना का दो चरणीय काम शुरू हो चुका है। पहले चरण में कुल घरों की जनगणना की जायेगी और दूसरे में प्रत्येक नागरिक की गणना के साथ ही उसकी जाति भी पूछी जायेगी। मगर यह कार्य 2027 के आ?खर तक ही पूरा हो पायेगा। इसके बाद परिसीमन का काम शुरू होगा। पेंच केवल इतना सा है कि मोदी सरकार इस परिसीमन से छुटकारा पाते हुए सीधे 2011 की गणना के आधार पर परिसीमन आयोग गठित करके चुनाव क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण चाहती थी जो कि विपक्ष को मंजूर नहीं था। इसके साथ ही गृहमन्त्री श्री अमित शाह यह आश्वासन भी दे रहे थे कि लोकसभा में उत्तर व दक्षिण के राज्यों की आनुपातिक संख्या बढ़ी हुई लोकसभा सदस्य संख्या में बरकरार रखी जायेगी। इसके साथ ही दक्षिण भारत की प्रमुख द्रमुक व वामपंथी पार्टियां जमकर विरोध कर रही हैं और कह रही हैं कि सरकार की असली मंशा चुनाव क्षेत्र परिसीमन की है वरना वह अपने ही पुराने कानून की जगह नया कानून बनाने पर क्यों आमादा होती। जहां तक पुराने 2023 के महिला आरक्षण का कानून का सम्बन्ध है तो वह जीवित है क्योंकि मोदी सरकार ने नये विधेयक को लोकसभा में विपक्ष का समर्थन न मिलते देख इसे गत 16 अप्रैल की रात से लागू कर दिया है। अतः यह स्पष्ट होना चाहिए कि महिला आरक्षण का कानून भारत में जिन्दा है जिसका क्रियान्वयन 2027 की जनगणना के बाद बनने वाले परिसीमन आयोग की सिफारिशों के बाद होगा। मजेदार तथ्य यह भी है कि 2023 में विपक्ष आरक्षण को नये परिसीमन से जोड़े जाने का विरोध कर रहा था मगर तब मोदी सरकार इस पर अड़ी हुई थी । इसके बावजूद विधेयक सर्वसम्मति से पारित हो गया था। फिलहाल भारत के पांच राज्य चुनावी मुद्रा में हैं जिनमें से दो तमिलनाडु व प. बंगाल में चुनाव आगामी 23 व 29 अप्रैल को होने हैं अतः इन राज्यों में सत्तारूढ़ व विपक्षी दल महिला आरक्षण को एक मुद्दा बना सकते हैं और एक-दूसरे पर अपने-अपने तर्कों के अनुसार आरोप-प्रत्यारोप लगा सकते हैं। हालांकि पूरे मामले में बीसियों कानूनी पेंच हैं मगर इस पूरे मामले को इस तरह भी समझ सकते हैं कि महिला आरक्षण का कानून 2023 में बन चुका है मगर यह 2029 के बाद ही लागू हो सकेगा क्योंकि तब तक जनगणना के बाद बनने वाले परिसीमन आयोग का काम पूरा नहीं हो पायेगा। इसलिए इस मुद्दे पर सरकार अपना सिर ऊंचा रख रही है और विपक्ष कह रहा है कि देर किस बात की। मौजूदा लोकसभा सदस्य संख्या में ही 33 प्रतिशत आरक्षण दे दो और 2023 के कानून में संशोधन कर दो। अब तो जनता ही इन दांव-पेंचों को खोल सकती है,

देखिये लाती है उस शोख की नखवत क्या रंग
उसकी हर 'बात' पे हम 'नामे खुदा' कहते हैं।

# केले में छिपा पर्यावरण की समस्या का समाधानः ग्रीन इकोनॉमी का नया स्तंभ बन सकता है केला

दीपक कोहली

आज दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां संसाधनों की कमी, पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियां विकास के पारंपरिक मॉडल को पुनः परिभाषित करने के लिए मजबूर कर रही हैं। ऐसे समय में एक साधारण-सा दिखाई देने वाला कृषि अवशेष, केले का तना, एक असाधारण वैज्ञानिक संसाधन के रूप में उभर रहा है। केले के तनों का उपयोग केवल स्थानीय नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण हो सकता है। भारत लगभग 3.4-3.5 करोड़ टन वार्षिक उत्पादन के साथ विश्व के अग्रणी केला उत्पादकों में शामिल है।



केले का तना पत्तियों के आवरणों से बना होता है, जिसमें अत्यधिक मात्रा में जल, सेल्यूलोज, हेमीसेल्यूलोज और लिग्निन पाए जाते हैं। ताजे तनों में लगभग 80-90 प्रतिशत जल होता है, जबकि शुष्क तने में 60-65 प्रतिशत तक सेल्यूलोज पाया जाता है। यही सेल्यूलोज इसे फाइबर उत्पादन के लिए अत्यंत उपयोगी बनाता है। पहले केले की कटाई के बाद इन तनों को अनुपयोगी मानकर खेतों में छोड़ या जला दिया जाता था। पर अब इस अपशिष्ट को एक मूल्यवान संसाधन में बदल दिया जाता है।

आज केले के तनों को बायोमास संसाधन के रूप में देखा जा रहा है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि इन तनों से प्राप्त फाइबर की तन्यता शक्ति इसे जूट और कुछ हद तक फ्लैक्स जैसे प्राकृतिक रेशों के समकक्ष बनाती है। यही गुण इसे वस्त्र और कागज निर्माण के लिए अत्यंत उपयोगी बनाता है। केले के फाइबर से बने वस्त्र आज वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हो रहे हैं। ये कपड़े हल्के, मजबूत और पूरी तरह बायोडिग्रेडेबल होते हैं। इनका उपयोग इको-फैशन उद्योग में तेजी से बढ़ रहा है। ये वस्त्र एलर्जी-रहित होते हैं, जिससे यह संवेदनशील त्वचा के लिए भी उपयुक्त है। कागज उद्योग में केले के तनों का उपयोग करने से वनों की कटाई में कमी आती है। जब कृषि अपशिष्ट को जलाया जाता है, तो यह कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन और अन्य प्रदूषक गैसों का उत्सर्जन करता है। केले के तनों का औद्योगिक उपयोग इसे रोकता है और वनों पर दबाव को कम करता है।

अनुमान है कि एक टन प्राकृतिक फाइबर उपयोग करने से लगभग 1.5-2 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की बचत हो सकती है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में सहायक है।

विश्व भर में उपभोक्ता अब ऐसे उत्पादों की ओर झुक रहे हैं, जो पर्यावरण के अनुकूल हों और जिनका कार्बन फुटप्रिंट कम हो। केले के फाइबर से बने उत्पाद इसे पूरा करते हैं। यदि इस तकनीक को संगठित औद्योगिक ढांचे के साथ अपनाया जाए, तो यह न केवल भारत जैसे कृषि प्रधान देशों के लिए, बल्कि वैश्विक हरित अर्थव्यवस्था के लिए भी मजबूत स्तंभ सिद्ध हो सकती है।

# योग वियोग छोड़ बाबाजी बेहतरीन धंधा चला रहे...




पहले योग सिखाया। प्राण का नया आयाम बताया। समझाया कि लोग गलत तरीके से सांस लेते हैं।

आक्सीजन छोड़ते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड खेंच लेते हैं। फिर भी जिंदा हैं तो भगवत कृपा है। लोगों ने मान लिया चलो कोई बात नहीं। फिर कहा नाखून रगड़ो बाल काले हो जाएंगे। लोगों ने खूब नाखून रगड़े। उंगलियां झुलस कर काली हो गईं चिंगारियां तक निकलीं मगर बालों की सफेदी का बाल भी बांका नहीं हुआ।

फिर बाबाजी को बेल रूपी पौधे की पत्तियों से प्यार हो गया। एड्स, कैंसर, सर्दी जुकाम कुछ भी हो, बाबाजी कहिन गिलोय का जूस पियो। लोगों को बदहजमी हुई पेट दुखा मगर बीमारी जहां की तहां रही। ऐसा ही सुलूक सब्जियों की फुआ सास लौकी के साथ हुआ। वैवाहिक संबंधों को तलाक की हद तक पहुंचाने वाली लौकी का बाबाजी ने ऐसा महिमा मंडन किया कि हर दूसरा आदमी लौकी ढूंढता नज़र आया। एकाध तो इस चक्कर में इहलोक से उहलोक चला गया।

यह सब प्रपंच बाबा ने प्राकृतिक चिकित्सा के नाम पर फैलाए। फिर अचानक दिव्य ज्ञान उतरा। बाबाजी प्राकृतिक चिकित्सा से छलांग लगाकर आयुर्वेद पर टूट पड़े।सोना,चांदी,पीतल,एल्युमिनियम,

पारा,लोहा,लंगड़..पता नहीं कौन-कौन से तत्व घुसेड़ कर यवनप्राश बनाया और बाजार में उतार दिया। मंजन नाम का उत्पाद भी नहीं बचा। जड़ी बूटी, मसाले,लौंग, इलायची, कत्था, चूना, पिपरमेंट, मीठा पत्ता सब कुछ ऐसे समेटा कि पान की दुकानें बंद होने लगीं। ऐसा महिमा मंडन किया कि लगा, नाश्ते में यही मंजन एक दो चम्मच फांक लिया जाए, पेट भरा लगने लगेगा। व्यवसाय ऐसा फला-फूला कि मैगी,वैगी,घी,धतूरा,साबुन तेल शेम्पू ज्ज धीरे से आंख मारते हुए सब चिपका दिए।

बाबा ने सीधी राजनीति की राह भी पकड़ी थी। यहां मुकाबला भोले भाले लोगों से नहीं घाघ नेताओं से था सो बात जमी नहीं। समझ आ गया, प्रत्यक्ष राजनीति बस की नहीं। पीछे रहकर काम करना होगा। किस्मत अछी थी। विरोधी सत्ता से बाहर हो गए और जिन्हें अपना समझते थे, अंदर आ गए। सुना है सबसे ऊंचे संवैधानिक पद के लिए भी पांसा फेंका। सत्ता समझदार निकली। झांसे में नहीं आई।

धर्म और धंधे के जोड़ ने बड़ा रंग जमाया। योग - वियोग सब भूलकर आजकल बाबा मज़े से धंधा चला रहे हैं। कायदा कानून की कोई हैसियत नहीं समझते सो जब तब अदालती डांट खाते रहते हैं। रवैया नहीं बदला तो हो सकता है दंड भी मिल जाए।

खैर अपन को क्या। अभी अभी गुजरे विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बस यही कहना है कि चिकित्सा विज्ञान पर भरोसा करें। इधर उधर ना झांको

### चतुर खिलाड़ी

नीतीश कुमार ने फिर साबित कर दिया कि वे राजनीति के कितने चतुर खिलाड़ी हैं। बिहार में भाजपा का नया मुख्यमंत्री बना भी और नहीं भी। चचा जाते-जाते भाजपा और संघ को ऐसा रिटर्न गिफ्ट दे गए हैं, जिसकी टीस नागपुर तक महसूस की जा रही है। अगर इस दर्द की गहराई नापनी हो, तो बिहार के कांटी भाजपाइयों के चेहरों पर पसरी कड़वाहट और तेजस्वी यादव की मुस्कुराहट देखिए। क्या गजब हुआ है इसकी चर्चा संघ के स्वयंसेवक और भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता बंद कमरों में कोहनी मार-मार कर एक-दूसरे से कर रहे हैं।

विडंबना देखिए, संघ अपनी स्थापना का 101वां साल मना रहा है। बिहार में पहली बार भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का सपना साकार हुआ है, लेकिन जो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा वह न कभी शाखा गया न उसने कभी नमस्ते सदा वत्सले का पाठ किया। न ही वह कभी भाजपा का प्राथमिक सदस्य रहा।

नीतीश चचा जाते-जाते ऐसा दुल्हा थमा गए जो बारात की विचारधारा से ही मेल नहीं खाता! तेजस्वी यादव का तंज एकदम सटीक है, आखिर मुख्यमंत्री जी भी तो उसी समाजवादी पाठशाला के ग्रेजुएट हैं जिसके हेडमास्टर लालू प्रसाद यादव हैं। संघ और भाजपा के चाणक्य देखते रह गए और बाजी वह मार ले गया जिसने कभी भगवा झंडा उठाने की ट्रेनिंग ही नहीं ली।

उस पर विडंबना यह कि यह सारा खेला बी.एल. संतोष जैसे कड़क संगठन मंत्री और शिवराज सिंह चौहान जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में हुआ। नितीश चचा शीर्ष भाजपा नेतृत्व की आश्चर्यचकित करने और प्रदेशों में सशक्त नेतृत्व न उभरने देने की कमजोरी का फायदा उठाने में सफल रहे। अनुशासन की बात करने वाली पार्टी आज एक ऐसे नेतृत्व को ढोने पर मजबूर है, जिसकी जड़ें कहीं और हैं। नीतीश कुमार ने साबित कर दिया कि वह राजनीति के वो इंजीनियर हैं जो पुल भले ही कचा बनाएँ, लेकिन विरोधियों के अरमानों पर पानी फेरने वाला बांध एकदम पक्का बनाते हैं। बिहार के खांटी भाजपाइयों के लिए स्थिति अब वैसी ही है दिल के अरमां आंसुओं में बह गए, हम वफ़ा करके भी तन्हा रह गए।

### उमा जी का दर्द

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती का दर्द आए दिन झलकने लगता है, लंबे अरसे से राजनीति के मैदान में चर्चित फायर ब्रांड नेता के रूप में पहचानी जाने वाली उमा भारती को अब कोई पूछ नहीं रहा सो बीच-बीच में कुछ ना कुछ ऐसा करती है जिससे वे चर्चा में आ जाए अब देखो ना पिछले दिनों जब शहर में अतिक्रमण हटाया जा रहा था तो वे जलेबी और पोहा बेचने वाले ठेले पर पहुंच गई उनका कहना था कि इनको हटाने के पहले उनकी व्यवस्था की जाए, अरे भाई हर शहर में अतिक्रमण फैला हुआ है किस किस को जगह देगी सरकार। आपके चक्कर में शिवराज सिंह जी ने शराब के अहाते बंद कर दिए थे अब हर शराब की दुकान के सामने की सड़क खुला अहाता बन गई है खुलेआम सड़कों पर लोग दारु पी रहे हैं और कोई कुछ नहीं कर पा रहा। उमा जी ये बीजेपी है आप तो बहुत अछे से जानती होगी यहां कब कौन हाशिए पर चला जाए और कब कौन मुख्यपृष्ठ पर अपना चेहरा चमका ले जाए कहना बहुत मुश्किल है फिर भी कोशिश करते रहिए हो सकता है कभी दिन ग्रह नक्षत्र साथ दे जाएं।

### सुपर हिट ऑफ़ द वीक

आपके पति पागल कैसे हो गए डाक्टर ने श्रीमान जी को चेक करते हुए श्रीमती जी से पूछा

दरअसल वो जनरल बोगी में यात्रा करते थे

तो इससे क्या रिश्ता है पागलपन का डाक्टर ने पूछा

पास बैठे यात्री बोलते थे थोड़ा खिसको, थोड़ा खिसको थोड़ा खिसको उसके बाद से ही वे परमानेंट खिसक गए श्रीमती जी ने जवाब दिया

# रूस ने भारत में उतारे सैनिक और वॉरशिप! बड़ी तैयारी से चौंका यूएस



नई दिल्ली

कहते हैं ताकतवर वही है जिससे दुश्मन दूर से ही सावधान रहे और आज भारत ने ऐसा ही एक कदम उठाया है जिसने दुनिया को सोचने पर मजबूर कर दिया है। भारत और रूस एक दूसरे की जमीन पर अपने हजारों सैनिक फाइटर जेट और वॉरशिप तैनात करने की तैयारी शुरू कर रहे हैं। क्या यह किसी बड़े युद्ध की तैयारी है या फिर एक ऐसा कदम जिसने दुनिया के कई देशों की नींद उड़ा दी है। दरअसल बता दें कि भारत और रूस के बीच रीलॉस यानी कि रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट समझौता पूरी तरह से लागू हो चुका है। इसके तहत दोनों देश एक दूसरे के एयरबेस, नेवल बेस और सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल कर सकते हैं और वह भी पूरी ऑपरेशनल क्लेरिटी के साथ। इस डील की सबसे बड़ी ताकत इसकी क्षमता है। अब दोनों देश एक साथ 3000 सैनिक, 10 मिलिट्री एयरक्राफ्ट और पांच वॉरशिप्स एक दूसरे के क्षेत्र में तैनात कर सकते हैं। लेकिन असली खेल सिर्फ तैनाती नहीं है बल्कि उस तैनाती को मिलने वाला पूरा सपोर्ट है। यानी कि रिफ्यूलिंग, रिपेयर, मेंटेनेंस, मेडिकल और ट्रांसपोर्ट यानी पूरी युद्ध मशीन को कहीं भी चलाने की ताकत। अब भारत की सेना सिर्फ अपने क्षेत्र तक सीमित नहीं बल्कि जरूरत पड़ने पर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में तेजी से ऑपरेट कर सकती है। अब अब आप यह समझिए कि यह डील इतनी जरूरी क्यों थी? पहली वजह बदलती दुनिया। आज दुनिया एक नए पावर गेम में है। जहां हर देश अपने सप्लाई रूट्स और मिलिट्री रीच को सुरक्षित कर रहा है। दूसरी वजह चीन का बढ़ता असर। चीन लगातार एशिया और इंडोपेसिफिक में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। ऐसे में भारत के लिए अपनी मौजूदगी बढ़ाना जरूरी था। तीसरी वजह रूस की रणनीति। पश्चिमी दबाव के बीच रूस को ऐसे पार्टनर की जरूरत थी जिस पर भरोसा किया जा सके और भारत इस समीकरण में सबसे मजबूत विकल्प बनकर सामने आया। रूस के पास आर्कटिक से लेकर यूरोप तक फैले सैन्य बेस है और इस डील के बाद भारत को इन इलाकों में एक्सेस मिल सकता है। खासकर आर्कटिक जहां भविष्य के नए समुद्री रास्ते बन रहे हैं। यानी आने वाले समय में व्यापार और संसाधनों पर सीधा असर होगा। दूसरा लॉजिस्टिक मतलब रियल पावर। युद्ध सिर्फ हथियारों से नहीं बल्कि सप्लाई से भी जीता जाता है। अब भारत और रूस एक दूसरे को फ्यूल, रिपेयर बेस सपोर्ट दे सकेंगे। मतलब जहां जरूरत वहां ऑपरेशन आसान। तीसरा स्ट्रेटेजिक ऑटोनोमी जिसका पहले हमने जिक्र किया। यानी कि भारत ने अमेरिका के साथ एलई एमओए किया और अब रूस के साथ रिलोस। मतलब साफ है भारत किसी एक गुट में नहीं बल्कि हर बड़ी ताकत के साथ संतुलन बनाकर चल रहा है। अब आप यह समझिए कि दुश्मन देश इससे क्यों चिंतित है। सबसे बड़ा कारण भारत की बढ़ती पहुंच। भारत अब सिर्फ अपने इलाकों तक सीमित नहीं रहा बल्कि यूरोप, आर्कटिक और एशिया में भी एक्टिव हो सकता है।

# हट जाओ वरना उड़ा देंगे... भारत के बाद अब चीनी जहाज को भी खदेड़ा

नई दिल्ली



होर्मुज में भूचाल आ चुका है। जंग फिर से कभी भी छिड़ सकती है और अब खबर है कि आईआरजीसी इस वक्त फिर से बेकाबू होती जा रही है जो सिर्फ इमाम मुस्तबा खामिनेई के इशारे पर काम कर रहे है। दरअसल भारतीय जहाज पर हमले के बाद अब एक और बड़ी खबर सामने आई है और वह यह है कि चीन के जहाज को भी आईआरजीसी ने होर्मुज पार करने से रोक दिया है। उसे साफ शब्दों में चेतावनी दी गई कि अगर तुरंत वो पीछे नहीं हटा तो निशाना बनाया जा सकता है। यानी अब हालत यह हो गई है कि जिस चीन को अब तक ईरान का सबसे बड़ा साझेदार माना जा रहा था उसके जहाज को भी बिना इजाजत हो होर्मुज गुजरने नहीं दिया गया। मुंबई स्थित ईरान के महावाणिज्य दूतावास की तरफ से खुद इस बात की पुष्टि की गई है कि सन प्रॉफिट नाम के चीनी जहाज को स्टेट ऑफ फोरमोस से वापस लौटना पड़ा। वजह साफ है। आईआरजीसी ने क्लियर कर दिया है कि अब कोई भी जहाज बिना अलग-अलग मंजूरी के इस रास्ते से गुजर नहीं सकता। यानी ब्लैंकेट अप्रूवल जैसा कोई सिस्टम नहीं है। हर जहाज को अलग से क्लीयरेंस लेना होगा। इसका मतलब समझिए होर्मू अब जब पूरी तरह ईरान के कंट्रोल में है और वहां से गुजरना अब किसी भी देश के लिए आसान नहीं रह गया। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हो पाती। इससे पहले भारत के दो जहाजों पर फायरिंग की खबर आई थी। जिसके बाद भारत सरकार हरकत में आ गई। दिल्ली में ईरान के राजदूत को तलब किया गया। विदेश सचिव ने सीधे तौर पर अपनी नाराजगी जताई और साफ कहा कि हुरमुस से गुजरने वाले भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। भारत ने यह भी कहा कि व्यापारिक जहाजों पर हमला बेहद गंभीर मामला है और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। हालांकि ईरान की तरफ से सिर्फ इतना कहा गया कि वो भारत की चिंता अपने अधिकारियों तक पहुंचाएगा। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर ईरान ऐसा कर क्यों रहा है?

दरअसल फरवरी के आखिर से ही ईरान ने होर्मुज पर सख्त नियंत्रण लागू कर रखा है। पहले कहा गया था कि चीन भारत पाकिस्तान समेत कुछ देशों को छूट दी जाएगी। लेकिन अब जो हालात बन रहे हैं उससे साफ है कि ईरान अपने ही नियम बदल रहा है और हर जहाज को केस बाय केस आधार पर देख रहा है। यानी आज दोस्त कल रूप ऐसी स्थिति बन चुकी है। ईरान का मानना है कि हर जहाज को अलग से क्लीयरेंस लेनी होगी क्योंकि ऐसे वक्त में दुश्मन बहुत ज्यादा चौकन्ना है और वो किसी तरीके की हरकत कर सकता है। शायद इसी वजह से वो हर जहाज को रोक रहे हैं और फिर अपने नियम के मुताबिक उन्हें जाने की एक-एक करके क्लीयरेंस दे रहे हैं। सबसे अहम बात यह है इजराइल लेबनान सीज फायर के बाद ईरान ने होरबुज खोलने का ऐलान किया था। लेकिन कुछ ही वक्त बाद उसने यू टर्न लेते हुए इसे फिर से उसी पुराने कंट्रोल मोड में ला दिया। इसके पीछे की वजह बताई गई डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से लगातार दी जा रही धमकियां।

## अमेरिका से नयी वार्ता की कोई योजना नहीं : ईरान

**तेहरान, (वार्ता)।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने कहा है कि अमेरिका के साथ नयी वार्ता का फिलहाल कोई कार्यक्रम नहीं है और अमेरिकी प्रशासन अपने पिछले अनुभवों से कोई सबकनहीं ले रहा। श्री बघेई ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका ने युद्धविराम लागू होते ही उसका उल्लंघन किया और इसकी जानकारी पाकिस्तान के मध्यस्थ को दी गयी थी। ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी लगाना भी युद्धविराम समझौते का उल्लंघन है। पिछली वार्ताओं के दौरान हुए अमेरिकी हमलों को भुलाया नहीं जा सकता और ईरान अपने राष्टीय हितों की रक्षा करता रहेगा। यदि अमेरिका और इजरायल कोई नया आक्रामक कदम उठाते हैं, तो हमारी सशस्त्र सेनाएं उसका जवाब देंगी। प्रवक्ता के अनुसार, ईरान ने 10-सूत्री प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर इस्लामाबाद में चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजरायल हमलों से पहले होर्मुज़ जलडमरूमध्य सुरक्षित था। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका ने लेबनान युद्धविराम को समझौते का हिस्सा मानने से इनकार किया, जबकि ईरान ने इसे पाकिस्तान के मध्यस्थ के सामने स्पष्ट किया था।

# पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सऊदी अरब पहुंचे अजीत डोभाल

नई दिल्ली



मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सऊदी अरब के दौरे पर हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के आसपास हालात बिगड़ने से वैश्विक तेल आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ गई है। रविवार को रियाद पहुंचने पर उनका स्वागत सऊदी अरब के राजनीतिक मामलों के उप मंत्री सऊद अल-साती ने किया। इसके बाद डोभाल ने ऊर्जा मंत्री अब्दुलअजीज बिन सलमान, विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मुसैद अल-ऐबान से मुलाकात की। भारतीय दूतावास के अनुसार, इन बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय स्थिति और आपसी हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

डोभाल की यह यात्रा भारत की ऊर्जा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अहम मानी जा रही है। पश्चिम एशिया में हालात बदलने के असर को समझने और भविष्य की रणनीति पर चर्चा इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य रहा।

भारत अपनी तेल जरूरतों का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। ऐसे में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में किसी भी तरह की रुकावट से ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी और आपूर्ति में दिक्कत हो सकती है। इसी कारण भारत प्रमुख तेल उत्पादक देशों के साथ लगातार संपर्क में है और हालात पर नजर बनाए हुए है।

इस बीच, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव भी बढ़ गया है। हाल ही में अमेरिका ने एक ईरानी जहाज को जब्त किया, जिससे हालात और तनावपूर्ण हो गए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के अनुसार, जहाज ने चेतावनी के बावजूद रुकने से इनकार किया था, जिसके बाद कार्रवाई की गई। इस घटनाक्रम के बाद वैश्विक तेल कीमतों में तेजी आई है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट में भी उछाल देखा गया।

इन सबके बीच अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बातचीत की संभावना भी जताई जा रही है। इससे पहले दोनों देशों के बीच पाकिस्तान में पहली दौर की वार्ता हो चुकी है। अब दूसरे दौर की बातचीत जल्द होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्र में तनाव कम करने की कोशिश की जा रही है।

# वर्ष में एक बार होने वाले बांकेबिहारी के चरण दर्शन के लिए उमड़े लाखों श्रद्धालु

मथुरा (वार्ता)

अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर धर्मनगरी वृंदावन में भक्ति का अभूतपूर्व नजारा देखने को मिला। अपने आराध्य ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के दुर्लभ चरण दर्शन की एक झलक पाने के लिए देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मान्यता है कि वर्ष में केवल इसी दिन ठाकुरजी के चरणों के दर्शन होते हैं, जिसके चलते सोमवार तड़के से ही मंदिर के बाहर भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। जैसे ही मंदिर के पट खुले, घंटों से प्रतीक्षा कर रहे श्रद्धालु बांके बिहारी लाल की जय के जयकारे लगाते हुए मंदिर में प्रवेश करने लगे। जैसे ही भक्तों की मनोकामना पूर्ण हुई और उन्हें ठाकुरजी के श्रीचरणों के दर्शन प्राप्त हुए, माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कई श्रद्धालु भाव-विभोर होकर हाथ उठाकर नाचने लगे, तो कई अपनी आंखों में खुशी के आंसू लिए प्रभु का आभार प्रकट करते दिखे। गर्मी के मद्देनजर मंदिर के सेवायत स्वामियों द्वारा ठाकुरजी को शीतलता प्रदान करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए। बांके बिहारी जी के पूरे श्रीविग्रह पर गुलाब जल मिश्रित मलय चंदन का लेपन किया गया। प्रभु को पीत (पीले) वस्त्रों और स्वर्ण आभूषणों से सजाया गया, जबकि उनके चरणों में विशेष रूप से रजत पायल पहनाई गई थी। ठाकुरजी के चरणों में चंदन का एक विशाल गोला भी रखा गया। भोग के रूप में उन्हें सत्तू, आम का पना और अन्य शीतल पेय पदार्थ अर्पित किए गए। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहा।

# संस्कृत राष्ट्र की आत्मा, मोहन ने की सीखने की अपील

नयी दिल्ली (वार्ता)



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने संस्कृत को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए लोगों से इसे सीखने अपील की है। श्री भागवत ने दिल्ली में दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित संस्कृत भारती के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर सोमवार को कहा कि संस्कृत भारती एक ऐसी संस्था है जो संस्कृत को एक जीवंत और व्यापक रूप से प्रयुक्त भाषा के रूप में बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। संस्कृत भाषा के पुनरुत्थान और वैश्विक प्रसार में अग्रणी संस्था संस्कृत भारती का नवनिर्मित केंद्रीय कार्यालय भवन प्रणव नौ मंजिला है और यहअत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। श्री भागवत ने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन जो कार्य प्रारंभ होते हैं, वह अक्षुण्ण रहते हैं। यही बात संस्कृत के बारे में कहा गया है। कभी न क्षय होने वाला आभूषण संस्कृत है। उसका कार्यालय अपने आप में यह संदेश दे रहा है। कार्यालय के उद्घाटन में उसके आनंद उत्साह में कार्य का भाव भी स्थिर होना चाहिए। रुचि के साथ प्रयोजन भी हो तो कार्य अच्छा और निरंतर होता है। साधन नहीं अवस्था में कार्य आरम्भ होता है।उन्होंने कहा, संस्कृत एक भाषा है। फिर भी यह मात्र एक भाषा नहीं है। भारत में संस्कृत राष्ट की आत्मा है क्योंकि यह विचार, जीवन और संस्कृति की सबसे प्राचीन परंपरा है। एक ऐसी परंपरा जो आज भी जीवंत है जो भारत में विद्यमान है। उन्होंने भारत के दार्शनिक विचार को और विस्तार से समझाते हुए कहा, भारत का अस्तित्व मात्र एक भौगोलिक तथ्य नहीं है। यह महज एक राजनीतिक या आर्थिक इकाई नहीं है। भारत एक जीवंत परंपरा है- वह आधारशिला जिस पर जीवन की निरंतरता टिकी हुई है। संघ प्रमुख ने संस्कृत भाषा के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, बचपन में जब स्कूल में संस्कृत पढ़ाई जाती थी, तो यह कठिन लगती थी। पाठ्यक्रम में श्लोकों को याद करना अनिवार्य था, जिससे यह धारणा बनी कि संस्कृत एक कठिन भाषा है। फिर भी जब मैंने उन्हीं श्लोकों को घर पर स्वाभाविक रूप से बोलते हुए सुना, तो वे मुझे कभी भी कठिन नहीं लगे। उन्होंने कहा यह समस्या आज भी बनी हुई है। छात्र संस्कृत को एक कठिन भाषा मानते हैं, लेकिन सवाल यह है कि यह इतनी कठिन क्यों लगती है? वास्तव में, किसी भाषा को सीखने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से नहीं, बल्कि बातचीत के माध्यम से है। किसी भी भाषा को सीखने का सबसे आसान तरीका उसमें पूरी तरह डूब जाना और नियमित रूप से उसका उपयोग करना है।

उन्होंने कहा जब भी मैं भारत भर में यात्रा करता हूं, भले ही मुझे विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं की विशिष्ट शब्दावली का ज्ञान न हो, फिर भी मैं भाव और अर्थ को समझ पाता हूं। निरंतर सुनने और बोलने से भाषा सहजतापूर्वक और बिना किसी प्रयास के सीखी जा सकती है। इसलिए, भाषा सीखने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप उस भाषा को बोलने वाले लोगों के बीच रहें, उन्हें सुनें और लगातार उस भाषा को बोलें। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में संस्कृत के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तनकारी बदलाव साफ रूप से दिखाई दे रहा है।

# अपने साथियों की विधवाओं का यौन शोषण कर रहे हमास के आतंकी

**नई दिल्ली।** गाजा पट्टी में हमास के आतंकवादी महिलाओं का यौन शोषण कर रहे हैं। वे मारे गए सदस्यों की निराश विधवाओं और युवा माताओं को भोजन जैसे सामान देकर सेक्स के लिए मजबूर कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, ईरान समर्थित इस आतंकी संगठन के सदस्य भूख से जूझ रही महिलाओं का फायदा उठा रहे हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, हमास के कर्मचारी और सदस्य इसे एक संगठित अभियान की तरह चला रहे हैं। एक महिला ने कहा कि यह उनके सभी कर्मचारियों और सदस्यों द्वारा किया जा रहा है, जैसे कि यह यौन उत्पीड़न, मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न और युवा महिलाओं को परेशान करने का एक संगठन ही हो। महिलाओं का आरोप है कि हमास के लोग विशेष रूप से उन पर नजर रखते हैं जो मदद मांगने के लिए उनसे संपर्क करती हैं। विधवाएं, हाल ही में तलाकशुदा महिलाएं और युवा या सिंगल माताएं उनके मुख्य निशाने हैं। वे उन्हें चावल, चीनी जैसी साधारण चीजें देने का वादा करके शोषण करते हैं। एक महिला ने बताया कि एक आदमी कहता है कि आओ, हमारे पास तुम्हारे लिए राहत पैकेज है। वह एक इस्लामिक संगठन का प्रतिनिधि बताता है, जो वास्तव में एक राजनीतिक संगठन है। फिर कहता है कि अगर तुम मेरे साथ आओगी और ऐसा-ऐसा करोगी, तो मैं तुम्हें ऐसा-ऐसा दूंगा। हमास से जुड़े होने का दावा करने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसके दोस्त की पत्नी ने मदद मांगने के लिए सीधे उसके कमांडर से संपर्क किया।

**फलस्तीन के स्थानीय निवासियों का खुलासा**

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# 'टॉक्सिक' के अंदर की कहानी: रॉकिंग स्टार यश ने खोला प्यार और अंधेरे का राज़

दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगास्टार यश ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म टॉक्सिक- ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स पर बात की है।



यश का कहना है कि फिल्म का स्केल बड़ा हो तो हर सीन में कुछ अलग तड़का होना चाहिए। हर सीक्वेंस में अलग स्टाइल, अलग फ्लेवर होना ज़रूरी है। उनके लिए एक्शन सिर्फ धुंआधार स्टंट नहीं, बल्कि फील होने वाला एक्सपीरियंस है।एक्शन ऐसा होना चाहिए कि दर्द फील होज मिरर न्यूरॉन्स तक हिल जाएं, तब सिनेमा मज़ा देता है!

यश ने कहा कि 'टॉक्सिक' सिर्फ एक्शन का तमाशा नहीं है, ये इमोशंस का डीप डाइव भी है। उन्होंने कहा, हम फिल्में क्यों देखते हैं? क्योंकि हम हर इमोशन अपनी ज़िंदगी में नहीं जी सकते। फिल्म के ज़रिए हम किसी और की ज़िंदगी जीते हैं, उनके दर्द और संघर्ष समझते हैं। इसी फिलॉसफी के साथ फिल्म में इंसानी जज़्बातों के सबसे डार्क और कॉम्प्लेक्स पहलुओं को पकड़ने की कोशिश की गई है। गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया जैसे दमदार चेहरे नज़र आएंगे। फिल्म टॉक्सिक 04 जून 2026 को रिलीज होगी।

# पति पत्नी और वो दो का टीज़र रिलीज़

पति पत्नी और वो दो के मेकर्स टी-सीरीज़ और बी आर स्टूडियोज़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित कॉमेडी ड्रामा का टीज़र जारी कर दिया है।

पति-पत्नी-और-वो की क्लासिक कहानी को एक नए अंदाज़ में पेश करते हुए, पति पत्नी और वो दो का टीज़र दर्शकों को पतियों की दुनिया यानि पतिवर्स में फिर से ले जाता है। इस बार कहानी में नया ट्विस्ट जोड़ा गया है। आयुष्मान खुराना, प्रजापति पांडे के किरदार में नजर आ रहे हैं, जो अपनी जिंदगी में मची उथल-पुथल से जूझते दिखते हैं। हालात तब और बिगड़ जाते हैं, जब वे एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीन महिलाओं के बीच फंस जाते हैं। इन महिलाओं के किरदार में सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह नजर आएँगी। बढ़ती गलतफहमियों के बीच जब मामला पूरी तरह उलझ जाता है, तब विजय राज एक पुलिस अधिकारी के रूप में एंट्री लेते हैं और कहानी में और भी मज़ेदार मोड़ आ जाता है। गुलशन कुमार, बी आर चोपड़ा और टी-सीरीज़ प्रस्तुत, टी-सीरीज़ फिल्म्स और बी आर स्टूडियोज़ के बैनर तले बनी %पति पत्नी और वो दो% का निर्देशन मुदस्सर अज़ीज़ ने किया है। इस फिल्म को भूषण कुमार, रेनू रवि चोपड़ा और कृष्ण कुमार ने निर्मित किया है, जबकि इसके क्रिएटिव प्रोड्यूसर जूनो चोपड़ा हैं। यह फिल्म 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है।




# रोज़ सरदाना ने 'मार डाला' पर डांस कर माधुरी दीक्षित को दिया ट्रिब्यूट

अभिनेत्री रोज़ सरदाना ने अपनी आने वाली फिल्म इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ज़ॉम्बीज़ का गाना 'मार डाला', के जरिये धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित को ट्रिब्यूट दिया है। रोज़ सरदाना, फिल्म भूल भुलैया 3 में माधुरी दीक्षित के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आई थीं। वह अब अपने लंबे समय से प्रेरणा रही आइकन माधुरी दीक्षित के साथ एक और खास जुड़ाव दर्शकों को देने जा रही हैं। उनकी आने वाली फिल्म इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ज़ॉम्बीज़ का गाना 'मार डाला', माधुरी के उस प्रतिष्ठित गाने का एक मॉडर्न, वेस्टर्न-डांस रीइंटरप्रिटेशन है, जिसे उन्होंने अमर बना दिया था।जहां देवदास का मूल गाना 'मार डाला',अपनी पारंपरिक मुजरा शैली और माधुरी के शानदार प्रदर्शन के लिए जाना जाता है, वहीं रोज़ का वर्ज़न एक नया, समकालीन अंदाज़ लेकर आता है। फ्लुइड मूवमेंट्स, शार्प कोरियोग्राफी और वेस्टर्न एनर्जी से भरपूर यह गाना, मूल की कालातीत खूबसूरती को सम्मान देते हुए, नई पीढ़ी के लिए एक अलग विज़ुअल अनुभव पेश करता है। रोज़ के लिए यह गाना सिर्फ एक परफॉर्मेंस नहीं, बल्कि एक बेहद व्यक्तिगत श्रद्धांजलि है। भूल भुलैया 3 में माधुरी दीक्षित के साथ काम करने के बाद, यह अनुभव और भी खास बन गया।



रोज़ सरदाना ने कहा,माधुरी दीक्षित हमेशा से मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा रही हैं। हाल ही में मुझे उनके साथ भूल भुलैया 3 में काम करने का सम्मान मिला, और उनके साथ एक ही सेट पर होना भी अविश्वसनीय लगा। 'मार डाला' वह गाना है जिसे मैंने बचपन से ही मंत्रमुग्ध होकर देखा है। आज उसी पर अपने तरीके से परफॉर्म करना एक अलग ही एहसास था। हमारा वर्ज़न काफी अलग है,ज्यादा वेस्टर्न, ज्यादा एक्सपेरिमेंटल ,लेकिन हर मूव में उस जादू के लिए सम्मान और प्रशंसा थी जो उन्होंने ओरिजिनल में रचा। यह मेरी तरफ से उन्हें एक विनम्र श्रद्धांजलि है।

# हस्तिनापुर के वीर में द्रोणाचार्य का किरदार निभायेंगे जितेन लालवानी

अभिनेता जितेन लालवानी सोनी सब के आने वाले शो हस्तिनापुर के वीर में द्रोणाचार्य का किरदार निभाते नजर आयेंगे। सोनी सब अपने नए पौराणिक शो हस्तिनापुर के वीर के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। अभिनेता जितेन लालवानी इस शो में द्रोणाचार्य का अहम किरदार निभाते नजर आयेंगे। जितेन लालवानी ने कहा, मुझे हमेशा से पौराणिक कहानियों से गहरा जुड़ाव रहा है और पहले भी कुछ का हिस्सा बनकर मैंने महसूस किया है कि ये पात्र कितने शक्तिशाली और कालातीत हैं, लेकिन द्रोणाचार्य अलग हैं, वह मौन शक्ति हैं जो पांडवों और कौरवों दोनों की किस्मत गढ़ते हैं। मुझे याद है कि वर्कशॉप्स के दौरान इसने मुझे मेरी अपनी यात्रा और उन गुरुओं के बारे में सोचने पर मजबूर किया जिन्होंने मुझे मार्ग दिखाया। मुझे पौराणिक किरदार निभाने में सबसे अच्छा यही लगता है कि इनमें हमेशा कई परतें होती हैं। द्रोणाचार्य के साथ यह सिर्फ़ ताक़त की बात नहीं है, बल्कि ज़िम्मेदारी, चुनाव और आंतरिक संघर्ष की भी है। यही इस कहानी और इस किरदार को मेरे लिए इतना खास बनाता है। 'हस्तिनापुर के वीर' सोनी सब पर जल्द ही प्रसारित होगा।



# मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान कर रही सरकार : उदय प्रताप सिंह

## मंत्री श्री सिंह व अन्य अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को मंच से वितरित किए हितलाभ

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार सभी धर्मों के बेटा-बेटियों को समान दृष्टि से देखती है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मंत्री श्री सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में इस योजना के माध्यम से वर वधु के हित में एक बड़ा सराहनीय कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से भी लाभान्वित कर रही है। उन्हें नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराकर आगे की पढ़ाई के लिए सहायता प्रदान कर रही है। मंत्री श्री सिंह ने प्रत्येक जोड़ो को विदाई स्वरूप 5100 रुपए देने की बात कही। मंत्री श्री



उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजनांतर्गत नवीन कृषि मंडी करेली में रविवार को विधि विधान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने पुष्प वर्षा कर बारातियों का स्वागत किया। मंत्री श्री सिंह व अन्य अतिथियों ने मंच से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत 49 हजार रुपये राशि के चैक वितरित किए। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह का कार्यक्रम विधि- विधान और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन की उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन लता पटेल के द्वारा प्रत्येक जोड़े को उपहार स्वरूप राशि प्रदाय की गई। सभी नव जोड़ों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल, विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, नगर पालिका करेली की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता नेमा, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, श्री रामसनेही पाठक, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया, श्री जितेन्द्र गोस्वामी, श्री ब्रजेश, पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह और लाड़ली बहना, लाडली लक्ष्मी जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने का काम कर रही है। सरकार किसानों के बैंक खातों में प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की राशि अंतरित कर आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है। संबल योजना के तहत परिवार के मुखिया के निधन पर दो लाख रुपये की सहायता देकर परिवार को संबल प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जन्म से लेकर जीवन के हर महत्वपूर्ण पड़ाव तक परिवारों के साथ खड़ी है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विवाह के बाद जीवन में आने वाली हर चुनौतियों को दूर करने के लिए सरकार हरसंभव मदद करेगी। वर वधु को शासन की योजना का लाभ देकर उनके जीवन को सुखमय बनाएंगे। कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह/ निकाह का कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया गया। मंत्री श्री सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। कार्यक्रम को विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल, विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, श्री रामसनेही पाठक ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी वर वधु को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## कौरव समाज का 22 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन सपन्न

### परिणय सूत्र में बंधे 18 जोड़े



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

कौरव समाज का 22 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन नई गल्ला मंडी प्रांगण में किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत गंगा पुत्र कौरव समाज के आराध्य भीष्म पितामह के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों एवं शहर से आए हुए 18 जोड़े अपने परिणय सूत्र में बधे। पूरे रीति रिवाज के साथ 18 जोड़ों की शादियां संपन्न हुई । कार्यक्रम में कौरव सेवा समिति के सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में कौरव समाज के अध्यक्ष राव पवन सिंह तेंदूखेड़ा विधायक मुलायम सिंह पटेल,राव अजेन्द्र सिंह,राव बीरेन्द्र सिंह,सुनीता पटेल,गौतम पटेल,मझले भेया,राहुल कौरव,मोना कौरव सहित बड़ी संख्या में सजातीय बंधु उपस्थित रहें।

# सरस्वती शिशु मंदिर संचालन समिति की बैठक का आयोजन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर संचालन समिति की आगामी कार्ययोजना एंव विद्यालय के नये नए परिवेश और आयामों को समाहित करने वाले विषयों पर जिला सचिव राजकुमार जैन के साथ विभाग समन्वयक कमलेश अग्रहरि ने सारगर्भित चर्चा करते हुए विद्यालय को जनभावना के अनुरूप ढालने का मिलजुलकर, कदम से कदम मिलाकर अग्रसर होने की आवश्यकता प्रतिपादित की द्य जिसमें विद्यालय के समिति अध्यक्ष गोपाल मालपानी, सचिव मुरली मालानी, , कोषाध्यक्ष ओम काबर, उपाध्यक्ष संतोष शर्मा, सहसचिव नरेंद्र राय के साथ-साथ संस्था के सभी वरिष्ठ सदस्य



अशोक लूनावत,भूपेंद्र सिंह ठाकुर,उमाकांत गुप्ता, कीर्ति लूनावत, नवनीत पलोड, शरद मोलासरिया,अजय जैन पंकज मालानी, मधुर मोलासरिया की उपस्थित में जिला सचिव राजकुमार जैन ने विद्यालय को प्रगति पथ पर ले जाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए आग्रह किया , जिसमें पढ़ाई परिणाम और प्रवेश की बात पर जोर दिया गया एवं समिति में समन्वय के साथ आचार्य के विकास के लिए उन्होंने अपने काव्यात्मक ढंग से अपनी बात रखी द्य वहीं विभाग समन्वयक कमलेश अग्रहरि ने विद्यालय को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए जानकारी एवं नवीन सत्र में प्रवेश पर विशेष ध्यान देने के लिए आग्रह किया । राजकुमार जैन ने सभी को प्रेरणादायी रूप से उत्साहित किया । कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि राजकुमार , अशोक लूनावत, संतोष शर्मा गोपाल मालपानी भूपेंद्र सिंह सहित सभी ने सरस्वती व भारत माता पूजन किया , तो वही दूसरी ओर सभी उपस्थित जनो का शब्दार्थ अभिनंदन कर परिचय अशोक मोलासरिया ने कराया । घनश्याम राजपूत को नगर पालिका गाडरवारा में पार्षद मनोनीत होने पर व नवनीत पलोड को माहेश्वरी समाज अध्यक्ष निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई दी गई ।

# मुख्य अभियंता का भ्रमण, कई अधिकारियों को लगाई फटकार

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत

मध्य प्रदेश शासन ऊर्जा विभाग की समाधान योजना 2025/ 2026 को लेकर मुख्य अभियंता जबलपुर का नरसिंहपुर जिले में भ्रमण हुआ। उन्होंने कई अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई। सोमवार 20 अप्रैल को मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर के मुख्य अभियंता सरोज गिरिया ने नरसिंहपुर व्रत अंतर्गत नरसिंहपुर संचा संधा संभाग के समस्त कार्यपालन अभियंता ओर सहायक अभियंता , कनिष्ठ अभियंता की समाधान योजना को लेकर समीक्षा बैठक लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। मुख्य अभियंता श्री गिरिया के द्वारा



वितरण केन्द्रवार समीक्षा की। जिसमें समाधान योजना में निम्न स्तर का परफॉर्म करने वाले अधिकारियों को फटकार लगाते हुए नाराजगी प्रगट की। जिसमें गोटेगांव ग्रामीण, करकवेल , गुंदरई ,श्रीनगर को एक सप्ताह में सुधार परिलक्षित करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशीत किया गया कि प्रत्येक गांव गांव जाकर समाधान योजना का लाभ पहुंचाकर 30 अप्रैल तक 90 प्रतिशत तक हर हाल में अपने अपने वितरण केंद्र में समाधान योजना अंतर्गत राशि जमा करवा लेवे। साथ ही संख्या में भी 90प्रतिशत तक पहुंच जाएं। बैठक में सख्त लहजे में निर्देशित किया गया कि मुख्य अभियंता द्वारा राजस्व की समीक्षा भी की गई जिसमें पंप बिल शत प्रतिशत राशि जमा करवाना, जले ट्रांसफर समय सीमा में बदलना ओर सीएम हेल्पलाइन 1912 संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करना व अटल ज्योति लाइन 24 घंटे ओर कृषि सिंचाई लाइन 10 घंटे निर्बाध रूप से देने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्वत कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले कार्यपालन अभियंता एसटीएम प्रियंक दीपक ओर समस्त सहायक अभियंता ओर कनिष्ठ अभियंता बैठक में उपस्थित रहे।

# मगरदर्रा गांव के चरवाहे का बेटा बना डॉक्टर

## एमबीबीएस परीक्षा में पाई ऐतिहासिक सफलता, डॉक्टर बनकर करेंगे सेवा

बालाघाट

जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर ग्रामीण अंचल ग्राम मगरदर्रा। जहां आज भी संसाधनो की कमी और आर्थिक तंगी के कारण कई प्रतिभाए आगे नही बढ पाती। लेकिन इसी बीच गाय चरवाही करने वाले चरवाहे के बेटे निकेश मर्सकोले ने अपनी कड़ी मेहनत, लग्न और अटूट आत्मविश्वास के बल पर एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर पूरे क्षेत्र का नाम गौरन्वित किया। निकेश मर्सकोले बेहद ही साधारण परिवार से है। जिनकी आर्थिक स्तिथि बेहद कमजोर है। पिता जैसे तैसे चरवाही करके परिवार का भरण पोषण करते और बेटे को भी पढ़ाया। परिणाम स्वरूप उनके बेटे ने अपनी अर्थव्यवस्था को देखते हुये उच्च शिक्षा के लिये पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कर अपने लक्ष्य को हासिल करते हुए क्षेत्र एवं अपने गांव का नाम ऊंचा किया। कभी अपने सपनो को कमजोर होने नही दिया। अपनी शिक्षा को प्राथमिकता दी और हर चुनौती का सामना किया। बताया जाता है निकेश मर्सकोले बचपन से ही पड़ाई मे रूची रखता था और गंभीर स्वभाव का छात्र रहा। उसने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के स्कूल से हीं



प्राप्त की हैँ,जहा सीमित संसाधनो के बावजूद उसने हमेशा अच्छे अंक प्राप्त किये और आगे की पढ़ाई के लिये उसे कई बार आर्थिक और सामाजिक बाधाओ का सामना करना पड़ा। लेकिन उसने हार नही मानी। आज वह कामयाब छात्र के रूप में उभरकर सामने आया है। स्वजनो के अनुसार निकेश का सपना था कि डाक्टर बनकर समाज की सेवा करे। वह अक्सर कहता रहता था कि गांव मे स्वास्थ सुविधाओ की कमी है और वह डॉक्टर बनकर गरीब एव जरूरतमंद लोगों का इलाज करना चाहता है ताकि किसी भी व्यक्ति को इलाज के अभाव मे परेशान ना। इसी सोच और सेवा भाव ने उसे निरंतर आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। एमबीबीएस परीक्षा में उत्तीर्ण करना कर डिग्री हासिल करना आसान नही होता, विशेष रूप से तब संसाधन सीमित हो लेकिन निकेश मर्शकोंले ने अपनी कड़ी मेहनत अनुशासन और समर्पण के बल पर यह साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हो तो कोई भी लक्ष्य दुर नही होता, उसकी सफलता ने यह संदेश दिया है कि प्रतिभा किसी भी परिस्थिति को मोहताज नही होती। इस उपलब्धि के बाद गांव मे खुशी का माहौल देखने को मिला। ग्राम के बुजुर्गो ने कहा की यह गांव के इतिहास मे एक गौरवपूर्ण क्षण है।

## वैष्णवी विश्वकर्मा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में क्राइस्ट चर्च कॉन्वेंट स्कूल में अध्यनरत हनुमान वार्ड निवासी चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा की पुत्री क्राइस्ट चर्च कॉन्वेंट की छात्रा वैष्णवी विश्वकर्मा ने कक्षा 12वीं में 500 में से 433 अंक प्राप्त कर 86.6त्न से विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर स्कूल एवंअपने परिवार का नाम रोशन किया है । वैष्णवी की इस उपलब्धि पर उनके शुभचिंतकों ने अपनी बधाइयां दी हैं ।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने किया ग्राम भामा व ढिलवार का किया निरीक्षण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने रविवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम भामा व ढिलवार में खेत तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अन्य अधिकारी-कर्मचारी व हितग्राही मौजूद थे। यहां कलेक्टर को अवगत कराया गया कि ग्राम भामा में कुल 80.74 लाख रुपये की लागत से 22 खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। इससे करीब 60.13 हेक्टर रकबे में सिंचाई की जा सकती है। इसी तरह ग्राम पंचायत ढिलवार में 51.38 लाख रुपये की लागत से 14 खेल तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। इन खेत-तालाबों में करीब 57400 से.मी. जल संग्रहण क्षमता है। इससे करीब 38.26 हेक्टर रकबे में सिंचाई की जा सकती है। कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के महत्वपूर्ण घटक के रूप में पी.एम.के.एस.वाय. (प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना) वाटरशेड की 3 परियोजनाओं अंतर्गत निर्मित 108 फॉर्म पौंड चांवरपाठा जनपद के ग्राम भामा में हितग्राही श्री हल्के भैया, श्री गणेश केवट, श्री वीरेंद्र ठाकुर, श्री हिमांशु ठाकुर एवं ढिलवार में हितग्राही अन्नो बाई, शांति बाई, ओम प्रकाश मेहरा के निर्मित खेत तालाबों का निरीक्षण किया गया।हितग्राहियों ने बताया कि खेत-तालाब बन जाने से फसल सिंचाई के लिए सतही जल का विकल्प उपलब्ध हो गया है। जल प्रबंधन तथा भूजल भरण की दिशा में एक सार्थक कार्य है।

## बिहार के बक्सर में प्रशासनिक दायित्व निभायेगी आईएएस फरखंदा कुरैशी

**बालाघाट।** यूपीएससी-2024 में 67वीं रैंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाने वाली आईएएस



फरखंदा कुरैशी पांच माह की मसूरी में ट्रेनिंग पूरी कर बालाघाट स्थिति अपने घर पहुंची हैं। उन्होंने रविवार को मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत के दौरान भारत दर्शन के अपने अनुभव साझा किए। बताया कि उनको बिहार के बक्सर जिले में सहायक कलेक्टर के पद पर तैनाती मिली है। वह 27 अप्रैल को बक्सर पहुंचकर पदभार ग्रहण करेंगी। यूपीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे जिले के युवाओं में फरखंदा कुरैशी काफी लोकप्रिय है। उन्होंने अपनी पूरी पढ़ाई बालाघाट से की है। केवल छह माह के लिए वह दिल्ली में तैयारी के लिए गई थी। कोविड कॉल शुरू होने से वह घर लौट आई। इसके बाद घर पर ही रहकर तैयारी की। चार बार प्रयास करने के बाद उनको यह सफलता मिली।

# नदी की सफाई कर दिया पानी बचाने का संदेश



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मानव जीवन विकास समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद निर्भय सिंह के नेतृत्व में सरकार की मंशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 को सफल बनाने कटनी जिले का ढीमरखेड़ा ब्लॉक के दैगवां गांव में महानदी में साफ-साफई पानी को स्वच्छ रखने एवं पानी बचाने का संदेश दिया गया। नदी नालों का पानी व्यर्थ नहीं बह जाये इसके लिए सभी से आग्रह किया गया। भूमि का जल स्तर बढे इसके लिए जगह जगह बारिस के पहले हमें बोरी बंधान, ट्रैंच, कंटूर, डेम एवं चैक डेम बनाकर पानी को रोका जा सकता है। यह भी बताया गया की जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य है अधिक से अधिक पानी बचाने का प्रयत्न करें ताकि गर्मी के दिनों में पर्याप्त पानी की उपलब्धता हो सके। बहते पानी को रोककर भूमिगत जल स्तर तो बढ़ेगा साथ ही साथ मवेशियों को, पशु पक्षी एवं जंगली जानवरों को गर्मियों के दिन पर पानी पीने के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। सभी से आग्रह किया गया की ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान में शामिल कर पानी बचाने का जरूर प्रयास करें। पानी है अनमोल रतन ऐसे बचाने करे जतन के साथ नारे की आवाज गूंजी। जल ही जीवन है, जल नहीं तो कल नहीं सभी साथियों ने जल बचाने का संकल्प लिया। समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से महानदी की साफ-सफाई का कार्य किया गया ।

# नाबालिग बालिका को हैदराबाद से किया दस्तयाब

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा अपहृत बालक/बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया व थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पांण्डेय के नेतृत्व में 17 अप्रैल को बिलहरी चौकी पुलिस थाना कुठला पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर हैदराबाद ले जाकर गलत काम (बलात्कार) करने वाले अपचारी बालक को गिरफ्तार कर लिया है। 11 अप्रैल को प्रार्थी द्वारा थाना कुठला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पुत्री उम्र 16 वर्ष 4 माह की कक्षा 11वीं की छात्रा है। 10 अप्रैल को घर से अपना रिजल्ट लेने करीबन 10 बजे शासकीय स्कूल बिलहरी निकली थी लेकिन वह रिजल्ट लेने स्कूल नहीं पहुँची सूचना मिलने पर घर पहुँचकर तलाश पता साजी की गई, किन्तु उसका कोई पता नहीं चला, कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। रिपोर्ट पर अपहरण का अपराध पंजीबद्ध कर अपहृता एवं अज्ञात आरोपी की पता तलाश चौकी बिलहरी थाना कुठला पुलिस द्वारा परम्परागत एवं तकनीकी सहायता लेकर विवेचना की गई उसी दौरान




अपहृता के हैदराबाद में होने की जानकारी प्राप्त होते ही पुलिस टीम को तत्काल मामले की गम्भीरता से लेते हुए रवाना किया गया जहाँ से नाबलिग बालिका उम्र 16 वर्ष 4 माह अपचारी बालक 16 माह 10 महीने को 17 अप्रैल को अभिरक्षा मे लिया गया तथा अपचारी बालक को माननीय किशोर न्यायालय पेश कर वारंट बनने पर बाल संप्रेक्षण गृह सिवनी मे दाखिल किया गया।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

उमरिया (स्वतंत्रमत)

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रियदर्शन शर्मा ने बताया कि 9 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में न्यायिक प्रकरण आपराधिक,सिविल, श्रम, मोटरयान दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय के लंबित, प्रिलिटिगेशन के समझौता योग्य प्रिलिटिगेशन के रूप में सभी बैंको के प्रकरण,नगर पालिका समकेतिक कर एवं जलकर एवं विद्युत प्रकरणों का निराकरण भी किया जाएगा।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया ने अधिवक्ताओं एवं जनमानस से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा आपसी सुलह समझौता के माध्यम से 9 मई 2026 को निपटारा कराएं एवं नेशनल लोक अदालत का फायदा उठाएं।

## नबालिका ने लगाई फाँसी

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** कोतवाली थाना अंतर्गत शारदा कालोनी वार्ड 24 में एक 17 वर्षीय युवती ने फंदे में झूलकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। घटना सोमवार के दोपहर की बताई जा रही है।नबालिका ने किन कारणों से इतना बड़ा कदम उठाया है,फिलहाल साफ़ नही है,हालांकि घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने सम्बंधित कोतवाली पुलिस को दे दी है।

# घर-घर हुआ गुड्डे गुड़ियों का विवाह



## अक्षय तृतीया पर पुरानी परंपरा को किया जीवंत

### शुभ मुहूर्त में की ख रीददारी, विवाह के अनेक आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

भगवान परशुराम जयंती के साथ शहर में अक्षय तृतीया का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाकर पुरानी परंपरा को जीवंत किया। अक्ति के पर्व पर गुड्डे-गुड़ियों के विवाह की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें बच्चे खेल-खेल में विवाह की सभी रस्में निभाते हैं। इस दौरान घर के बड़े भी शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हैं। इस उपलक्ष्य में जिले के बड़वारा जनपद कार्यालय परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें 99 जोड़ों के सामूहिक विवाह संपन्न हुए। इस शुभ मुहूर्त में शहर में विवाह समारोहों की भी धूम है। अक्षय तृतीया पर संध्या समय घरों के आंगन में चौक पूरकर आम के पत्तों से सुंदर मंडप सजाया गसा। गुड्डे-गुड़ियों को पटे पर बिठाकर पूरे विधि-विधान से विवाह संपन्न कराने की रस्म भी दिनभर निभाई गई। बाजे-गाजे के साथ बारात निकाली गई और जयमाला की रस्म भी निभाई गई।

इस दौरान परिजनों द्वारा टिकावन के रूप में उपहार भेंट किए गए। पर्व के अवसर पर घरों में विशेष रूप से विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन भी बनाए गए। अक्षय तृतीया को अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन किए गए दान-पुण्य का फल अक्षय रहता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान परशुराम का अवतरण हुआ था। हिन्दू धर्म के अनुसार अक्षय तृतीया विवाह के लिए शुभ दिन माना गया है। इस दिन किसी भी शुभ कार्य या विवाह के लिए मुहूर्त की आवश्कता नहीं होती है। इस दिन गांव-गांव व शहर में भारी संख्या में शादी होती है। कई परिवारों में बच्चे के साथ माता-पिता ने भी गुड्डे-गुड्डियों के विवाह की रश्में उसी तरह संपन्न कराई



जैसे वास्तव में विवाह हो रहा हो। बच्चे पेड़ों की डालियों को छावनीनुमा बनाकर काल्पनिक गुड्डे-गुड्डियों को शादी के बंधन में बांधकर भेंट करने घर-घर गये। इस वर्ष बाजार में महंगाई की मार अधिक है लोग अच्छी संख्या में ख़रीदी करने पहुंचे।

### परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण सत्संग भवन में भगवान का पूजन हवन शहर के वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा कराया गया। भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा मनमोहक झांकियों के साथ संतों के सानिध्य में गोलबाजार रामलीला मैदान से शाम 5 बजे आरम्भ होकर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से सुभाष चौक, शेर चौक होते हुए ब्राह्मण सत्संग भवन में महाआरती भोजन प्रसाद के साथ सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में इस बार भी मनमोहक झांकियों का संग्रह किया गया।

फोटो : विकास गुप्ता



# पंजाबी बिरादरी द्वारा ऑडिटोरियम में भव्यता से संपन्न हुआ वैशारवी दी शाम कार्यक्रम

### दिल्ली के मशहूर गायक सतवंत सिंह की रही विशेष मौजूदगी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पंजाबी बिरादरी द्वारा शहर के ऑडिटोरियम में वैशाखी दी शाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर पूरे आयोजन स्थल को रंग-बिरंगी रोशनी और पारंपरिक सजावट से सजाया गया, जिसने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ की गई, जिसमें गुरुवाणी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंजाबी लोक नृत्य भांगड़ा और गिद्दा की प्रस्तुतियों ने माहौल को पूरी तरह उत्सव मय बना दिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि हरि सिमरनप्रीत कौर रही कार्यक्रम मे दसवीं कक्षा मे 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विरादरी के बच्चो का सम्मान किया गया। इस खास मौके पर मशहूर गायक दिलेर मेंहदी मीका सिंह के भतीजे सतवंत सिंह एवं बाहर से आए कलाकारों की विशेष मौजूदगी ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उन्होंने अपने गीतों और प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, जिस पर लोग झूमने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में पंजाबी बिरादरी के लोगों ने हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर बैसाखी पर्व की खुशियां साझा की और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारे और अपनी परंपराओं को जीवित रखना है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान चमनलाल आनन्द, एम.जे.एस. लाम्बाण्विनय कोहली, डॉ जय चड्ढा, राकेश जैन, विमल साहनी, नवलेश मलिक, नवीन भसीन, मुकेश्र राजपूत, बाबी सचदेवा, दिनेश बाठला, अनिल चक्रवर्ती, राजेश धाम, बीरेन मैनी, दीपक भल्ला, रमन सेठी, नवीन चक्रवर्ती, वागीश आनन्द, विकास नाकरा की विशेष मौजूदगी रही।

फोटो : विकास गुप्ता



# आहना ग्रुप ने किया पक्षियों के लिए पेयजल का प्रबंध



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी की वजह से नदिया तालाब और पानी के अन्य स्रोत जहां सूखते जा रहे हैं वही पक्षियों के लिए भी पीने का पानी का एक संकट सामने आ रहा है। गर्मी के मौसम में अनेकों पक्षी पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते हैं इनमें से न जाने कितने पक्षियों की गर्मी और प्यास की वजह से मौत हो जाती है। इसी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जॉइंट्स ग्रुप ऑफ आहना ने सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है की भावना से बगीचों, भीड़ भाड़ वाले इलाकों और बड़े पेड़ों में सकोरों को बंधवाकर और कई सार्वजनिक स्थलों में सकोरे बटवा कर पक्षियों को नया जीवन देने का कार्य किया है। साथ ही ग्रुप की सभी समाज सेविकाओं ने सकोरो में रोजाना पानी भरने का भी संकल्प लिया। इस सेवा कार्य में सहयोग करने के लिए जॉइंट्स फेडरेशन ग्रुप से दीपिका शर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, सुषमा गोस्वामी, दीपाली गुप्ता, आहना की अध्यक्ष, वाणी गट्टाणी, निशा गुप्ता, कविता लालवानी, उपाध्यक्ष स्वाति नायक और वंदना गट्टानी उपसचिव उपासना बजाज, शालिनी बजाज, उपकोष अध्यक्ष रश्मि गट्टाणी, सिमरन महेश्वरी भव्या जसूजा, स्मिता सोमानी, रेनुका गोयनका, प्रीति बिलिया, रश्मि राय और सोनिया चौरसिया शामिल रही। फोटो : विकास गुप्ता

# सायना इंटरनेशनल स्कूल में छह दिवसीय कार्यशाला संपन्न

### कला और नृत्य केवल विधाएं नहीं, बल्कि आत्मअभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम हैं : डॉ निधि पाठक

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी में 13 अप्रैल से 18 अप्रैल तक स्पीक मैके के अंतर्गत कत्थक नृत्य एवं आर्टस पैंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक धरोहर को जोड़ कर रखना है। इस कार्यक्रम में राजधानी दिल्ली से पधारी सुप्रसिद्ध नृत्यांगना प्रियंका शाह एवं राजस्थान चित्तौड़गढ़ से आए आर्ट्स पैंटिंग के आर्टिस्ट दिलीप जोशी एवं सायना के



प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का अभिवादन करतल ध्वनि के साथ किया। इस कार्यक्रम में सायना के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेषभूषा में अत्यंत सुंदर और आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी, जिनमें ताल, लय, हस्त भावभंगिमा तथा भावों का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। कत्थक नृत्य के माध्यम से कलाकारों ने विभिन्न भावों और कथाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल सांस्कृतिक ज्ञान को बढ़ाते हैं बल्कि विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और रचनात्मकता का भी विकास करते हैं। अब शिक्षा के मायने बदल रहे हैं। नई शिक्षा नीति के कारण आ रहे परिवर्तनों को स्वीकार करते हुए पठन-पाठन की शैली भी बदलनी होगी। हमें नई चुनौतियों का सामना करते हुए गतिविधि आधारित शिक्षा को अपनाना होगा, साथ ही हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि बच्चे टेकनॉलोजी का सकारात्मक प्रयोग करते हुए आदर्श भारत के निर्माण में सहयोगी बनें। सायना की चेयरपर्सन डॉ. निधि पाठकने अपने संदेश में कहा कि नृत्य और कला की इस शानदार वर्कशॉप का सफल समापन हम सभी के लिए गर्व का विषय है। बच्चों से जिस लगन एवं रचनात्मकता और ऊर्जा के साथ भाग लिया, वह वास्तव में सराहनीय है। कला और नृत्य केवल विधाएं नहीं बल्कि आत्मअभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस वर्कशॉप से बच्चों ने कुछ नया सीखा होगा और अपनी प्रतिभा को नया आयाम दिया होगा। सभी प्रशिक्षकों का विशेष आभार जिन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन किया। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सायना की सचिव निर्मला सत्येन्द्र पाठक पूर्व महापौर, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक पूर्व राज्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन ने इस सुंदर प्रस्तुति की सराहना करते हुए नजभकामनाएँ दी।

# पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का औचक निरीक्षण

### जिले में अपराध पर पूर्ण प्रभावी नियंत्रण एवं अपराधियों पर सख्त कार्यवाही

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा चिन्हित शैडो एरिया में भ्रमण के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्हित शैडो एरिया अपराध- प्रवण एवं एकांत स्थानों पर स्वयं पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा चिन्हित शैडो एरिया का भ्रमण किया गया। एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसका उद्देश्य जिले में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों एवं उनके ठिकानो को अपराध मुक्त करना है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा स्वयं कुठला अंतर्गत चिन्हित शैडो एरिया चमड़ा गोदाम, इंदिरा नगर



गली नंबर 1, पन्नी कॉलोनी, इंदिरा नगर गली नंबर 7, इंदिरा नगर गली नंबर 9, पहलवांन ढाबा, इंदिरा नगर बाईपास अंडर ब्रिज चाका, तिराहा राधे होटल लमतड़ा ओवर ब्रिज, ट्रांसपोर्ट नगर, पूरेनी बस्ती, भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया द्वारा थाना माधव नगर अंतर्गत शैडो चिन्हित शैडो एरिया अमकुही पहाड़ी, एसीसी, डेहरु लाइन, बंगला लाइन, अमीरगंज, इमलियारॉबर्ट लाइन, कुम्हार मोहल्ला बडा गांव रोड पुलिस लाइन का भ्रमण कर थाना प्रभारियों एवं गश्ती दल को विशेष दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया, ताकि आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा, थाना प्रभारी माधव नगर संजय दुबे एवं पुलिस टीमों द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों की पहचान हेतु गहन तलाशी अभियान, वाहनों की सघन चेकिंग की गई, यातायात नियम को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में चालानी कार्यवाही की गई। फोटो : विकास गुप्ता

# नयन पटेल ने एमबीबीएस उत्तीर्ण कर बढ़ाया जिले का गौरव



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** इंदिरा गाँधी वार्ड, नगर निगम कटनी के पूर्व पार्षद आरती सतीश पटेल के सुपुत्र डॉ. नयन पटेल ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज, इंदौर से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर परिवार व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। कुलपति ने उन्हें डिग्री प्रदान करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नयन ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा को दिया।

# 60 एकड़ फसल जली लेकिन उम्मीद अभी ज़िंदा है

### मोहनटोला के किसानों के लिए राहत की आस जगी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विजयराघवगढ़ के मोहनटोला गांव में 15 अप्रैल को लगी भीषण नरवाई की आग ने लगभग 35 किसानों की करीब 60 एकड़ गेहूँ की खड़ी फसल को चंद घंटों में राख कर दिया। किसानों की छह महीने की मेहनत सपने और आजीविका इस आग में स्वाहा हो गई। खेतों के साथ-साथ सिंचाई उपकरण कृषि सामग्री और आम के पेड़ भी जलकर नष्ट हो गए जिससे किसानों की हालत बेहद दयनीय हो गई है। लेकिन इस दर्दनाक घटना के बीच अब राहत की किरण दिखाई देने लगी है। प्रशासन हरकत में सर्वे और राहत प्रक्रिया शुरू घटना के बाद स्थानीय पटवारी द्वारा पंचनामा तैयार किया गया है और अब राजस्व विभाग द्वारा विस्तृत सर्वे कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार प्रभावित किसानों को शासन की आपदा राहत योजना के तहत



मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रदेश स्तर पर भी इस घटना की जानकारी पहुँचने के बाद जिला प्रशासन को निर्देश दिए जाने की संभावना जताई जा रही है कि प्रभावित किसानों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। किसानों को राहत राशि बीमा क्लेम और कृषि पुनर्वास योजना का लाभ दिलाने पर भी विचार किया जा रहा है। हालांकि शुरुआती दिनों में किसानों को उपेक्षा का एहसास हुआ लेकिन अब प्रशासनिक टीम गांव पहुंचकर हालात का जायजा ले रही है। किसानों को भरोसा दिलाया जा रहा है कि उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। भले ही आग ने उनकी मेहनत को जला दिया लेकिन मोहनटोला के किसान हिम्मत नहीं हारे हैं। एक बार फिर खेतों में हरियाली लाने का संकल्प उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा है। यह घटना जितनी दर्दनाक है उतनी ही यह भरोसा भी जगाती है कि शासन-प्रशासन और समाज मिलकर किसानों के इस संकट को कम करने में पीछे नहीं हटेंगे। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि राहत कितनी जल्दी और कितनी प्रभावी रूप से किसानों तक पहुँचती है। खेत जले हैं हौसले नहीं मोहनटोला फिर से खड़ा होगा।

# हनीट्रैप के जाल में फंसाकर की युवक की निर्मम हत्या

### 36 घंटे में खुलासा पति-पत्नी व साला गिरफ्तार

### एनकेजे पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन मे अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्या. रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में थाना एनकेजे प्रभारी उप.निरी. रुपेन्द्र राजपूत के नेतृत्व मे टीम गठित कर हत्या के फरार आरोपीगणों का पता लगाकर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था। 17 अप्रैल को थाना एनकेजे पुलिस को डायल- 112 मे एक अज्ञात व्यक्ति खून से लत पत हालत मे प्रेमनगर काली मंदिर के पास पडे होने की सूचना प्राप्त हुयी तत्काल डायल- 112 मौके पर पहुंची एवं उपरोक्त अज्ञात व्यक्ति को बेहोशी हालत मे पायी जिसे तत्काल डायल- 112 से जिला अस्पताल कटनी जाकर दाखिल कराया गया जिसे उपचार के दौरान डां. के द्वारा



मृत घोषित कर दिया था। अज्ञात मृतक की पहचान प्रदीप साहू पिता सुरेश साहू उम्र 23 साल नि. पहरिया थाना बडवारा कटनी के रूप में हुयी। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल थाना एनकेजे पुलिस मौके पर पहुंची मौके पर जाकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया जो काली मंदिर के पास प्रेमनगर मे रामजी मिश्रा के मकान के सामने आम रोड का होना पाया गया। मौके पर घटना स्थल के आस पास के लोगो से पूछताछ करने पर मृतक प्रदीप साहू को शिवानी जयसवाल, मनीष जयसवाल एवं विपिन दुबे तीनो नि. प्रेमनगर थाना एनकेजे कटनी के द्वारा एक राय होकर चाकू ए डंडा से मारपीट कर घटना कारित करना बताये है। दौरान जांच वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन मार्गदर्शन मे एफ.एस.एल टीम जबलपुर को मौके पर तलब किया गया तथा एन.के.जे. पुलिस द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज चैक किये गये फुटेज के अनुसार उपरोक्त अज्ञात व्यक्ति घटना स्थल के बगल मे स्थित शीला यादव के मकान से अधमरी हालत मे निकलना एवं कुछ दूर आगे जाकर गिर जाना पाया गया। शीला यादव एवं उसके पति सुनील से पूछताछ करने पर मोहल्ले की रहने वाली शिवानी जायसवाल, उसका पति विपिन दुबे एवं भाई मनीष जायसवाल के द्वारा अज्ञात व्यक्ति को दोस्त बताकर शीला के घर लाना एवं कुछ देर बाद डंडा एवं चाकू से मारना बतायी। जिस पर से थाना एनकेजे में अप. क्र. 203/26 धारा 103(1), 238(बी), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। जिसके बाद थाना एनकेजे पुलिस उपरोक्त तीनो फरार आरोपियो की पता तलाश मे लग गयी। दौरान पता तलाश के 19 अप्रैल को आरोपिया शिवानी जायसवाल को उसके प्रेमनगर स्थित घर से एवं दो अन्य आरोपी बिपिन दुबे एवं मनीष जायसवाल को प्रेमनगर पुरानी मल्टी के पास नदी के किनारे घर से दस्तयाब कर अभिरक्षा मे लिया गया। पूछताछ करने पर 17 अप्रैल की शाम को शिवानी जायसवाल ने अपने पति विपिन दुबे एवं भाई मनीष जायसवाल के साथ मिलकर प्रदीप साहू निवासी ग्राम पहरिया थाना बडवारा को अपने से फोन करके प्रेमनगर स्थित शीला यादव के मकान मे शारीरिक संबंध का झासा देकर मिलने के लिए षडयंत्र पूर्वक बुलाया। प्रदीप के आने पर शिवानी जायसवाल उसके साथ शीला यादव को यह बताकर कि यह मेरा दोस्त है उसके घर के बाहर वाले कमरे मे चली गयी। योजना अनुसार कुछ देर बाद शिवानी का पति विपिन एवं भाई मनीष जायसवाल कमरे मे गये एवं प्रदीप साहू से पैसे की माँग करने लगे, पैसे न देने की बात को लेकर तीनो हाथ मुक्को, चाकू व डंडे से मारपीट करने लगा बताया गया। प्रकरण के विपिन दुबे पिता अजय दुबे उम्र 22 साल नि. तिलक कालेज के पास प्रेमनगर थाना एनकेजे कटनी, मनीष जायसवाल पिता शम्भू जायसवाल उम्र 18 साल नि. प्रेमनगर थाना एनकेजे कटनी, शिवानी जयसवाल पति विपिन दुबे उम्र 22 साल नि. प्रेमनगर थाना एनकेजे कटनी से कड़ाई से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किये है।

फोटो : विकास गुप्ता

# शीर्ष चार की दौड़ में आगे निकलने के लिए भिड़ेगी हैदराबाद और दिल्ली

हैदराबाद (वार्ता)

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में छह-छह अंकों के साथ तालिका में चौथे और पांचवें स्थान पर विराजमान सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स कल राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से शीर्ष चार की दौड़ में आगे निकलने के लिए भिड़ेगी।




***सबसे खतरनाक बल्लेबाजी टीम बनकर उभरी हैदराबाद***– इस सीरीज में सनराइजर्स हैदराबाद सबसे खतरनाक बल्लेबाजी टीम बनकर उभरी है, जो लगातार 200 से अधिक का स्कोर बना रही है। इसकी मुख्य वजह अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी द्वारा दी गई विस्फोटक शुरुआत है।वहीं ईशान किशन नंबर तीन पर आकर टीम की गति को और बढ़ाते हैं, जबकि हेनरिक क्लासेन मिडिल ऑर्डर में लगातार बड़े शॉट्स लगाकर सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें सलिल अरोड़ा, अनिकेत वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी का साथ मिलता है, जो बल्लेबाजी इकाई को और मजबूत और लचीला बनाते हैं।

***फॉर्म में चल रही निसंका और राहुल की जोड़ी***– इसके विपरीत, दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी को फॉर्म में चल रही पथुम निसंका और केएल राहुल की सलामी जोड़ी स्थिरता देते हैं। समीर रिजवी और करुण नायर मध्यमक्रम में बल्लेबाजी के विकल्प देते हैं, जबकि अक्षर पटेल, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मिलकर मैच को फिनिश करने और तेज़ी से रन बनाने वाली मुख्य यूनिट बनाते हैं। खासकर स्टब्स, दबाव में भी मैच जिताने की काबिलियत रखने वाले एक अहम इम्पैक्ट प्लेयर साबित हुए हैं।

***गेंदबाजी में भी दोनों टीमों के बीच बड़ा अंतर***– गेंदबाजी में भी दोनों टीमों के बीच उतना ही बड़ा अंतर देखने को मिलता है। एसआरएच अपने मुख्य विकेट-टेकर के तौर पर ईशान मलिंगा पर निर्भर रहती है। उन्हें प्रफुल हिंगे, साकिब हुसैन, शिवांग कुमार और रेड्डी का साथ मिलता है, जो बॉलिंग में भी अपना योगदान देते हैं। इसके जवाब में दिल्ली की ओर से लुंगी एनगिडी तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करते हैं। उनके साथ कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, मुकेश कुमार, टी नटराजन और आकिब नबी डार मिलकर एक ऐसी स्पिन-पेस जोड़ी बनाते हैं, जो मिडिल ओवर्स में मैच पर अपना कंट्रोल बनाए रखने के लिए तैयार की गई है।

***हैदराबाद की पिच एक बार फिर बल्लेबाजो के लिए मददगार***– ऐसा माना जा रहा है कि हैदराबाद की पिच एक बार फिर बल्लेबाजो के लिए मददगार साबित होगी। यहां अब बड़े स्कोर बनना आम बात हो गई है और रात में खेलने वाली टीमें अक्सर लक्ष्य का पीछा करने में कामयाब रहती हैं। हालांकि, एसआरएच ने यह भी साबित कर दिया है कि वे पिच के हालात चाहे जैसे भी हों, अपने बनाए स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव कर सकते हैं। इससे घरेलू मैदान पर उनकी बादशाहत और भी मजबूत होती है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच एक और रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है।

# पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष तीन में पहुंचे प्रिंस यादव

न्यू चंडीगढ़ (वार्ता)




लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज प्रिंस यादव कल खेले गये मुकाबले में पंजाब किंग्स के दो विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष तीन में जगह पहुंच गये हैं। प्रिंस ने इस आईपीएल में सभी छह मैचों में खेले है। रविवार को उन्होंने पंजाब किंग्स के दो विकेट झटके, इसी के साथ इस सीजन में उनके कुल 11 विकेट हो गए, जो गुजरात टाइटंस (जीटी) के प्रसिद्ध कृष्णा के बराबर है। हालांकि प्रिंस की इकॉनमी रेट प्रसिद्ध से बहुत बेहतर है। अंशुल कम्बोज 13 विकेट के साथ अभी भी तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं, वहीं राजस्थान रॉयल्स (आआर) के रवि बिश्नोई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ एक विकेट लेने के बाद 10 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भुवनेश्वर कुमार चौथे नंबर पर हैं। रविवार के मैचों के बाद आरआर के जोफ्रा आर्चर के भी आठ विकेट हो गए हैं, जो चार अन्य गेंदबाजो के बराबर हैं। इसमें केकेआर के कार्तिक त्यागी भी शामिल हैं, जिन्होंने आरआर के खिलाफ तीन विकेट लिये थे। वहीं ऑरेंज कैप, रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष तीन स्थान पर कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में नंबर एक रहने वाला खिलाड़ी अब चौथे स्थान पर है। एसआरएच के हाइनरिक क्लासन, जीटी के शुभमन गिल और आरसीबी के विराट कोहली शीर्ष तीन स्थान पर हैं, जबकि आरआर के वैभव सूर्यवंशी केकेआर के खिलाफ 46 रन बनाने के बाद अब चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। पंजाब के कूपर कॉनॉली इस सीजन में अपना दूसरा बड़ा स्कोर 46 गेंदों में 87 रन बनाया और वह भी तालिका में 223 रन के साथ छठे स्थान पर हैं, जो आरआर के यशस्वी जायसवाल के बराबर हैं। प्रियंश आर्य ने भी दो सौ रनों का आंकड़ा पार कर लिया है।

## भारत के सूरज और मिस्त्र की रूकैया ने जीते एचसीएल स्क्वैश पीएसए चैलेंजर टूर के खिताब

**चेन्नई (वार्ता)।** भारत के सूरज कुमार चांद और मिस्त्र की रूकैया उस्मान ने एचसीएल स्क्वैश पीएसए चैलेंजर टूर 2026 में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते। रविवार को खेले गये मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त सूरज कुमार चांद को पुरुष फाइनल जीतने में 34 मिनट लगे। उन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रयू को 3-0 (11-5, 11-9, 11-3) से हराकर अपना चौथा पीएसए चैलेंजर टूर खिताब पक्का किया।

# हॉकी इंडिया ने 36-सदस्यीय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर की घोषणा की



नयी दिल्ली (वार्ता)

हॉकी इंडिया ने सोमवार को आगामी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 36-सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों के मुख्य समूह की घोषणा की। यह शिविर 20 अप्रैल से 9 मई तक बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य फोकस रणनीतिक तालमेल, फिटनेस और मैच-सिमुलेशन सत्रों पर होगा। टीम का लक्ष्य एक व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले अपनी तैयारियों को और बेहतर बनाना है। इस अंतरराष्ट्रीय सत्र में एफआईएच प्रो लीग 2025-26 का यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेल शामिल हैं। इसके अलावा, टीम अपनी लय बनाने, आपसी तालमेल को निखारने और सभी विभागों में अपनी बेंच स्ट्रेंथ (खिलाड़ियों की गहराई) को मजबूत करने पर भी ध्यान देगी। गोलकीपिंग यूनिट में अनुभवी कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा और पवन प्रमुख हैं। इनके साथ-साथ मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार और प्रिंसदीप सिंह जैसी उभरती हुई प्रतिभाएं भी मौजूद हैं। रक्षा पंक्ति (डिफेंस) में, टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के हाथों में होगी। इन्हें जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और खिलाड़ियों के एक होनहार समूह का समर्थन मिलेगा, जिसमें पूवन्ना चंदुरा बॉबी, यशदीप सिवाच, नीलम संजीप जेस और अमनदीप लाकरा हैं। मिडफील्ड में अनुभव और युवा जोश का एक बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा, इसमें मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह और विवेक सागर प्रसाद टीम की अगुवाई करेंगे। इनके साथ राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, मोइरंगथेम रबिचंद्र सिंह, विष्णु कांत सिंह, राज कुमार पाल, नीलाकांत शर्मा और रोशन कुजूर भी शामिल होंगे। फॉरवर्ड लाइन में अनुभवी खिलाड़ियों और उभरते सितारों का एक रोमांचक मिश्रण है, जिसमें मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, अभिषेक और सुखजीत सिंह शामिल हैं। इन्हें शिलानंद लाकरा, अरजीत सिंह हुंदल, अंगद बीर सिंह, उत्तम सिंह, सेल्वम कार्थी, आदित्य अर्जुन लालागे और मनिंदर सिंह का सहयोग मिलेगा।

## बीसीबी ने क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रुबेल को किया सम्मानित

मीरपुर (वार्ता)

बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सोमवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले से पहले, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन को सम्मानित किया। बीसीबी ने आज यहां ने मैच से पहले का यह समारोह आयोजित किया, जिसमें मौजूदा खिलाड़ियों के साथ-साथ तमीम इकबाल (तदर्थ समिति के अध्यक्ष) भी मौजूद थे। तमीम इकबाल ने बांग्लादेश क्रिकेट के लिए रुबेल की सेवाओं को मान्यता देते हुए उन्हें एक फ्रेम की हुई जर्सी और एक यादगार प्रतीक चिन्ह भेंट किया। रुबेल के पूर्व साथी खिलाड़ी शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के मौके पर इकट्ठा हुए। यह एक भावुक पल बन गया जब रुबेल अपने छोटे बेटे के साथ मैदान के बीच में आए। उन्होंने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि संन्यास की घोषणा के बाद उन्हें बीसीबी से किसी तरह की पहचान मिली, जो दुनिया के इस हिस्से में बहुत आम बात नहीं है। इतिहास को देखते हुए, यह काफी हैरानी की बात थी कि बीसीबी ने घोषणा की कि वे रुबेल को सम्मानित करेंगे। इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने आखिरी बार 2021 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बंगलादेश का प्रतिनिधित्व किया था और पिछले हफ्ते, उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा की थी।

# बंगलादेश ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया




**मीरपुर (वार्ता)।** नाहिद राणा (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद तंजिद हसन (76) और नजमुल शांतो ( ) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की बदौलत बंगलादेश ने सोमवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 87 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ बंगलादेश ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी ली हैं। बंगलादेश ने 35.3 ओवर में चार विकेट पर 199 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। 199 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 21 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। सैफ हसन (आठ) को स्मिथ ने पहले ही ओवर में बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। सौम्य सरकार (आठ) को विलियम ओरूर्क ने आउट किया। इसके बाद नजमुल शांतो ने तंजिद हसन के साथ पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 120 रन जोड़े। 23वें ओवर में लेनॉक्स ने तंजिद हसन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। तंजिद हसन ने 58 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 76 रन बनाये। लिटन कुमार दास (सात) को भी लेनॉक्स ने आउट किया। 29वें ओवर में नजमुल शांतो (50) रन बनाकर रिटायर हर्ट हुए। शांतों ने 71 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाये। मो. तौहीद हृदोय (30) रन और कप्तान मेहदी हसन मिराज (आठ) रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के लिए जेडेन लेनॉक्स ने दो विकेट लिये। नेथन स्मिथ और विलियम ओरूर्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। आज यहां इससे पहले बंगलादेश नाहिद राणा की अगुवाई में गेंदबाजी आक्रमण के दम पर न्यूजीलैंड की पूरी टीम को 48.4 ओवरों में 198 रन के स्कोर पर समेट दिया था। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# चावल, गेहूं, चीनी, दालों के भाव बढ़े

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 71 रुपये बढ़कर 3,844 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी छह रुपये महंगा हुआ और 2,780 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 23 रुपये गिर गयी। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 130 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चना दाल 128 रुपये और मसूर दाल 116 रुपये महंगी



हुई। मूंग दाल में 65 रुपये और उड़द दाल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा 47 रिंगिट चढ़कर 4,497 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.77 प्रतिशत की मजबूती के साथ 68.43 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 209 रुपये और मूंगफली तेल 152 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 97 रुपये और सूरजमुखी तेल की 21 रुपये घट गयी। वहीं, वनस्पति में 77 रुपये और सरसों तेल में 60 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गयी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 78 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। चीनी भी 20 रुपये महंगी हुई। दाल चना 7680.23 रुपये, मसूर काली 8088.33 रुपये, मूंग दाल 10172.49 रुपये, उड़द दाल 10807.77 रुपये, तुअर दाल 11253.76 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2779.66 रुपये और चावल 3843.72 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3260.14 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4300.86 रुपये और गुड़ 5008.39 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17858.02 रुपये, मूंगफली तेल 18832.78 रुपये, सूरजमुखी तेल 17475.48 रुपये, सोया तेल 14852.41 रुपये, पाम ऑयल 13417.88 रुपये और वनस्पति 14901.84 रहा।

# चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस ने कोलकाता से कुनमिंग के लिए शुरू की सेवा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** चीन की विमान सेवा कंपनी चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस ने कोलकाता और चीन के कुनमिंग के बीच अपनी सेवाएं फिर से शुरू की है। एयरलाइंस ने सोमवार को बताया कि भारत और चीन के बीच हवाई संपर्क को मजबूत करते हुए 19 अप्रैल को दोनों शहरों के बीच सीधी उड़ान शुरू की गयी। कोरोना काल में उड़ानों पर रोक के बाद पिछले साल से दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें दोबारा शुरू हुई हैं। चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस ने पिछले साल दिल्ली से शंघाई के लिए सेवा शुरू की थी। कोलकाता और कुनमिंग के बीच उड़ानें सप्ताह में छह दिन उपलब्ध होंगी। कोलकाता हवाई अड्डे पर दीप प्रज्वलन के साथ उद्घाटन समारोह शुरू हुआ। इस मौके पर चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस के भारत के महाप्रबंधक लियू योंगहोंग और इंटरग्लोब एयर ट्रांसपोर्ट के निदेशक जे.बी. सिंह के साथ, कोलकाता स्थित चीन के वाणिज्य दूतावास के महावाणिज्य दूत शू वेई और उप महावाणिज्य दूत किन योंग, तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और आव्रजन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। एयरलाइंस ने बताया कि इस विस्तार को सुगम बनाने में इंटरग्लोब एयर ट्रांसपोर्ट की महत्वपूर्ण भूमिका है, जो पिछले दो दशकों से भारत में एयरलाइन के बिक्री और विपणन से लेकर टिकटिंग और सहायता तक सभी वाणिज्यिक और परिचालन कार्यों का प्रबंधन कर रहा है।

# बैंकिंग शेयरों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

**मुंबई (वार्ता)।** बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक मामूली बढ़त में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 26.76 अंक (0.03 प्रतिशत) चढ़कर 78,520.30 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 11.30 अंक यानी 0.05 प्रतिशत ऊपर 24,364.85 अंक पर पहुंच गया। बाजार में आज काफी-उतार चढ़ाव देखा गया। विशेषकर शुरुआती कारोबार में बढ़त में खुलने के बाद प्रमुख सूचकांक पिछले कारोबारी दिवस के स्तर के मुकाबले ऊपर-नीचे होते रहे। कोराबार की समाप्ति से पहले भी कुछ देर के लिए सेंसेक्स लाल निशान में गया था, लेकिन अंत में ऊपर बंद हुआ। बीच कारोबार में यह ऊपर 78,942.45 अंक तक और नीचे 78,203.30 अंक तक गया। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत वृहत बाजारों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.19 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.45 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। सार्वजनिक बैंकों, मीडिया, ऑटो, तेल एवं गैस और वित्तीय समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। आईटी, धातु, निजी बैंकों, एफएमसीजी, रसायन, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सवा तीन प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक में ढाई फीसदी, एशियन पेंट्स में दो फीसदी और एनटीपीसी तथा बजाज फाइनेंस में एक फीसदी से अधिक की तेजी रही। इंडिगो, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और पावरग्रिड के शेयर भी हरे निशान में रहे।एलएंडटी और बीईएल में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, सनफार्मा और टाइटन के शेयर भी टूट गये।

## सी-डॉट ने जंप्स ऑटोमेशन के साथ की साझेदारी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) ने साइबर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष गेमिफिकेशन प्लेटफॉर्म विकसित करने के लिए जंप्स ऑटोमेशन के साथ साझेदारी की है। सी-डॉट कोलैबोरेटिव रिसर्च प्रोग्राम (सीसीआरपी) के तहत जंप्स ऑटोमेशन के साथ किये गये समझौता ज्ञापन (एमओयू) का उद्देश्य आम लोगों और उद्यमों में साइबर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए एक नवोन्मेषी गेमिफिकेशन प्लेटफॉर्म विकसित करना है। सी-डॉट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजकुमार उपाध्याय और जंप्स ऑटोमेशन के प्रौद्योगिकी प्रमुख रोहण चंदक की मौजूदगी में एक समारोह के दौरान इस एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य साइबर सुरक्षा जागरूकता को सुदृढ़ करना, साइबर सुरक्षा तैयारियों को बढ़ाना और पारंपरिक प्रशिक्षण को एक आकर्षक, संवाद आधारित और प्रभावी शिक्षण अनुभव में बदलना है। इस प्लेटफॉर्म में गेमिंग एरिना, लीडरबोर्ड, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, चर्चा के लिए मंच और फिशिंग अटैक, सोशल इंजीनियरिंग, मैलवेयर से बचाव और समय सीमा के भीतर संकट प्रबंधन जैसे विषयों पर आधारित वास्तविक सिमुलेशन परिदृश्य शामिल होंगे।

# आठ प्रमुख उद्योग क्षेत्रों का उत्पादन घटा

## कोयला उत्पादन चार प्रतिशत और कच्चे तेल का उत्पादन 5.7 प्रतिशत घटा

नयी दिल्ली (वार्ता)



पश्चिम एशिया संकट के बीच कोयला, कच्चा तेल, उर्वरक और बिजली उत्पादन घटने से देश के आठ प्रमुख उद्योग क्षेत्रों के उत्पादन में मार्च में सालाना आधार पर 0.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। पिछले साल मार्च में यह 4.5 प्रतिशत और इस साल फरवरी में 2.8 प्रतिशत बढ़ा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि एक साल पहले की तुलना में मार्च में आठ प्रमुख उद्योग क्षेत्रों में से चार के उत्पादन में वृद्धि और अन्य चार में गिरावट रही। कोयला उत्पादन चार प्रतिशत और कच्चे तेल का उत्पादन 5.7 प्रतिशत घट गया। उर्वरक उत्पादन में 24.6 प्रतिशत की जबरदस्त गिरावट दर्ज क गयी। बिजली उत्पादन 0.5 प्रतिशत घट गया। वहीं, मार्च में प्राकृतिक गैस का उत्पादन 6.4 प्रतिशत, रिफाइनरी उत्पादों का 0.1 प्रतिशत, इस्पात का 2.2 प्रतिशत और सीमेंट का चार प्रतिशत बढ़ा। अक्टूबर 2025 के बाद यह पहला मौका है जब आठ प्रमुख उद्योग क्षेत्रों के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गयी है। पिछले साल अक्टूबर में इसमें 0.1 फीसदी की गिरावट रही थी। पूरे वित्त वर्ष के दौरान आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में सालाना 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। यह कोरोना काल (वित्त वर्ष 2020-21) के बाद का निचला स्तर है। उस समय इसमें 6.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी थी। वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर 4.5 फीसदी रही थी। गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान इस्पात उत्पादन में 9.1 प्रतिशत और सीमेंट उत्पादन में 8.6 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि रही। बिजली उत्पादन 0.9 फीसदी बढ़ा।अन्य पांच क्षेत्रों में गिरावट रही। कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन 2.8 प्रतिशत घट गये। कोयला उत्पादन में 0.5 प्रतिशत और रिफाइनरी उत्पाद तथा उर्वरक उत्पादनों में 0.1 प्रतिशत की गिरावट रही।

# प्रकृति और स्थानीय जीवन के कल्याण के प्रयासों में ही सेवा की सार्थकता : पटेल

## लोकभवन में राज्यपाल से मिले भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि भारतीय वन सेवा, महज प्रशासनिक दायित्व नहीं बल्कि मानवता, प्रकृति, वन्य जीव, सांस्कृतिक धरोहर और भावी पीढ़ियों के प्रति भी एक उत्तरदायित्व है। आप सभी सौभाग्यशाली है, जिन्हें जीवन भर प्रकृति की गोद में रहकर उसके संरक्षण और संवर्धन का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी, वन कानूनों और जनजातीय कल्याण के प्रावधानों का गहनता से अध्ययन करें, उन्हें समझे और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप लागू करें। प्रशिक्षण की सीख को प्रकृति, वन, वन्य जीव और स्थानीय जन जीवन की बेहतरी में उपयोग करें। उनके कल्याण प्रयासों में ही आपकी सेवा की सार्थकता है। यह याद रखें कि आपका आत्मीय व्यवहार, वंचितों के प्रति समानुभूति और संवेदनशीलता ही आपकी सफलता का अंतिम पैमाना होगी। राज्यपाल श्री पटेल सोमवार को भारतीय वन सेवा के 2024-26 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के सौजन्य भेंट कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को अखिल भारतीय सेवा में चयन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। लोकभवन के बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे।



### पर्यावरण संरक्षण के लिए सेवा भाव जरूरी

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्राकृतिक असंतुलन, पर्यावरणीय चुनौतियों आदि के कारण वन एवं वन्य जीवन के संकट का समाधान अत्यंत जरूरी है। वन अधिकारी के रूप में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन आपका प्राथमिक दायित्व है। इसके लिए आपकी सोच, संकल्प और सेवा का भाव सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के साथ हमेशा आत्मीय, सरल और सहज व्यवहार करें। अपने अच्छे व्यवहार और सहयोग से उनका विश्वास जीते। वनों की अवैधानिक कटाई, शिकार आदि समस्याओं के समाधान में स्थानीय लोगों का सहयोग प्राप्त करें। राज्यपाल श्री पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक पेड़-माँ के नाम अभियान की चर्चा की। इसे सहभागिता से पकृति के संरक्षण और संवर्धन की सराहनीय पहल बताया।

### प्रदेश जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध राज्य

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध राज्य है। यहाँ की वन भूमि प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर होने के साथ हमारी गौरवशाली सभ्यता, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को भी संजोए हुए हैं। प्रदेश में विस्तृत और विश्व प्रसिद्ध वन, अनेक राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य है। मध्यप्रदेश बाघ, चीतल, तेंदुआ, गिद्ध, घड़ियाल और चीता स्टेट के रूप में प्रसिद्ध है। राज्य में गैंडा, हाथी आदि वन्य जीवों के पुनर्वास के अभूतपूर्व प्रयास भी चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग के वैज्ञानिक प्रबंधन प्रयासों के फलस्वरूप मध्यप्रदेश आज वन-वन्य जीव प्रबंधन में अग्रणी राज्य है।

### सतत-समावेशी विकास और संरक्षण, आपकी जिम्मेदारी

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि देश में जनजातीय आबादी और वनों में मध्यप्रदेश प्रथम है। यहाँ की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों को सतत्-समावेशी विकास और संरक्षण के द्वारा और अधिक समृद्ध बनाना आपकी जिम्मेदारी है। जनजातीय संस्कृति, परंपराओं, विश्वास, मान्यताओं और मौलिकता के प्रति सम्मान के भाव के साथ कार्य करना, आपका नैतिक और संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय के प्राकृतिक और संवैधानिक अधिकारों के रक्षक के रूप में उनके सशक्तिकरण और कल्याण में आपकी भूमिका बहुत प्रभावी है। अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उपयोग पर्यावरणीय चुनौतियों, जलवायु परिवर्तन, घटते वन क्षेत्र, जैव विविधता के संकटों के समाधान में करें। राज्यपाल ने कहा कि आउट ऑफ बॉक्स थिंकिंग के साथ वन, वन्य जीवों और स्थानीय लोगों के संरक्षण और संवर्धन का कार्य करें।



# मध्यप्रदेश में खेल सुविधाओं का निरंतर हो रहा विस्तार : डॉ. यादव

## फिरोजिया ट्रॉफी विजेताओं के लिये अतिरिक्त पुरस्कार की घोषणा की

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में खेल सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। शासन का प्रयास है कि खिलाड़ियों को हर स्तर पर आधुनिक खेल संरचना, प्रशिक्षण और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों। शासन के इन प्रयासों से मध्यप्रदेश की खेल प्रतिभाएं विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उज्जैन में भी विभिन्न खेल मैदानों में खेल व्यवस्थाओं का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उज्जैन के क्षीर सागर मैदान को भी नगर निगम और खेल विभाग द्वारा विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को देर रात उज्जैन में फिरोजिया ट्रॉफी का फाइनल मैच देखा और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने इस अवसर पर फिरोजिया ट्रॉफी की विजेता टीम को रुपए 1 लाख और उप विजेता टीम को 51 हजार रुपए के अतिरिक्त नगद पुरस्कार की घोषणा भी की। फिरोजिया ट्रॉफी का आयोजन 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक उज्जैन के क्षीर सागर मैदान पर किया गया।

फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला, जिससे दर्शक अंत तक मैच का आनंद लेते रहे। सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का फिरोजिया ट्रॉफी में प्रत्येक वर्ष पधारने और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पर आभार व्यक्त किया। फिरोजिया ट्रॉफी सांसद अनिल फिरोजिया के पिता स्व. भूरेलाल फिरोजिया की स्मृति में विगत 21 वर्षों से हर वर्ष आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रुपए 5 लाख 51 हजार है और द्वितीय पुरस्कार 2 लाख 51 हजार रुपये है। प्रतियोगिता में इस वर्ष नारी शक्ति वंदन की भावना को साकार करते हुए महिला क्रिकेट मैच और मातृशक्ति सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री रवि सोलंकी और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# परशुराम टेकरी जबलपुर नाका में हुआ भव्य आयोजन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर परशुराम टेकरी जबलपुर नाका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक जयंत मलैया द्वारा विधायक निधि मद से 5 लाख रुपये की लागत से टीन शेड, चबूतरा चेकर एवं कुर्सी निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्व ब्राह्मण समाज दमोह द्वारा विधायक मलैया के समक्ष मंदिर के लिए गेट निर्माण की मांग रखी गई जिसे उन्होंने तत्परता दिखाते हुए तत्काल स्वीकार कर 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। समाजजनों ने उनके इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इसी क्रम में दमोह के राहुल सिंह लोधी द्वारा गत वर्ष सामुदायिक भवन निर्माण हेतु प्रदान की गई 10 लाख रुपये की राशि के लिए आभार व्यक्त किया गया। उनके प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित उनके निज सचिव हुक्म सिंह ठाकुर का भी स्मृति चिन्ह, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।इस अवसर पर विधायक मलैया ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा सर्व समाज को दिशा दिखाने का कार्य करता है। हिन्दू समाज को एकजुट करने में विप्रजनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आगे भी समाज के मार्गदर्शन में उनकी भूमिका अहम बनी रहेगी।

# मंत्री पटेल ने जरारूधाम गौ अभ्यारण्य का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** नर्मदा खंड सेवा संस्थान के संरक्षक एवं पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जरारूधाम गौ अभ्यारण्य का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने गौमाता को रोटी खिलाकर गौ सेवा का संदेश दिया। परिसर की पवित्रता और सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि यहां आकर मन सदैव आनंदित होता है।



पंचायत मंत्री पटेल ने निर्माणाधीन कार्यों का स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। संस्थान के अध्यक्ष नरेंद्र बजाज की अध्यक्षता में अन्य पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में जरारूधाम गौ अभ्यारण और गुबरा गौशाला में निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री पटेल ने स्पष्ट रूप से कहा गौ माता कमाने का साधन नहीं बल्कि सेवा का माध्यम है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में कहा केवल पौधारोपण पर्याप्त नहींए बल्कि उनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है जिससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बन सके। नर्सरी के संबंध में उन्होंने कहा केवल नर्सरी आधारित गतिविधियों से दीर्घकालिक एवं सुदृढ़ आय सुनिश्चित नहीं की जा सकती, पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आय के विविध एवं टिकाऊ साधनों को विकसित करना आवश्यक है।

इसी क्रम में उन्होंने गौ काष्ठ गोबर से निर्मित लकड़ी एवं गोबर आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए कहा यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के प्रभावी अवसर सृजित कर सकती है। उन्होंने कहा देश में विरले ही ऐसे स्थल हैं, जहां एक ही परिसर में गौ सेवा, जैविक गतिविधियां, पर्यावरण संरक्षण, प्रशिक्षण एवं रोजगार से जुड़ी इतनी व्यापक और सुव्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध है और इस दृष्टि से जरारूधाम एक आदर्श समग्र विकास मॉडल के रूप में उभर रहा है। मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा गाय शिक्षा और पर्यावरण समग्र विकास के प्रमुख स्तंभ हैं जिनके समन्वित प्रयास से ही समाज की सतत प्रगति संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान हम सभी का है और इसके विकास एवं उन्नति के लिए सामूहिक सहभागिता एवं समन्वय आवश्यक है। उन्होंने जैविक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जैविक खाद डीएपी के विकल्प के रूप में के उत्पादन हेतु एक समर्पित प्लांट स्थापित किया जा रहा है।

# गौशालाएं केवल आश्रय नहीं, संस्कृति और जिम्मेदारी का प्रतीक : कलेक्टर

## निरीक्षण के दौरान चार गौशालाओं का लिया जायजा

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव रविवार को सुबह 6 बजे से गौशालाओं का जायजा लेने आकस्मिक रूप से निकले। इस दौरान उन्होंने जिले की चार गौशालाओं का आकस्मिक रूप से जायजा लिया। इस दौरान सबसे खास बात यह रही कि उनके साथ किसी भी विभाग के अधिकारी उनके साथ नहीं थे। औचक तौर से गौशालाओं में पहुंचकर जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने गौशाला संचालकोंए वहां संलग्न कर्मचारियों से चर्चा की और गौ सेवा के बेहतर से बेहतर तरीके से अंजाम देने के लिए कहा। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा इस कार्य में किसी तरह की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संचालन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि गौशालाएं सिर्फ गौ माताओं को रखने का स्थान नहीं हैं बल्कि यह हमारी संस्कृति, सद्भाव, जिम्मेदारी और आस्था का प्रतीक हैं।

उन्होंने नागरिकों से इनके संरक्षण में सहयोग की अपील की। कलेक्टर ने कहा केवल गौशाला बनाना पर्याप्त नहीं है बल्कि वहां चारा, पानी, छाया और समय पर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा निरीक्षण के दौरान मारुताल गौशाला का संचालन उत्कृष्ट पाया गया। यहां कार्यरत लोगों की प्रतिबद्धता और पशुओं की स्थिति संतोषजनक रही। उन्होंने कहा गौशालाओं में अव्यवस्थाएं पाई गईं, वहीं एक स्थान पर ताला लगा मिला। इस पर सीईओ जिला पंचायत को संबंधित समूहों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा जहां कमियां पाई गईं, वहां सुधार के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर निरीक्षण जारी रहेगा और लापरवाही मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# भगवती मानव कल्याण संगठन ने पकड़ी अवैध शराब

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** नशा मुक्ति जन आंदोलन के तहत भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में दमोह जिले के बांदकपुर सेक्टर के ग्राम आनू में 20 अप्रैल को अलग-अलग स्थान पर रात्रि में दो जगह अवैध शराब जो मोटरसाइकिल से परिवहन कर रहे आरोपी अरविंद सिंह ठाकुर जो वन विभाग पुलिस कर्मी पटेरा तहसील के कोटा बीट में पदस्थ है।

# विसनाखेड़ी तालाब पर हुआ श्रमदान

**दमोह ।** अनुभूति कार्यक्रम के तहत चिंतन मप्र जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण मप्र में जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अभाना सेक्टर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति विसनाखेड़ी के सहयोग से नवांकुर संस्था उन्मुक्त सर्वजन कल्याण समाज सेवी संस्था द्वारा ग्राम विसनाखेड़ी तालाब पर श्रमदान एवं नदी अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां रेवा के पूजन व आरती के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा तालाब पर श्रमदान किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अभाना दान सिंह ने कहा कि नदियों एवं जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का यह अभियान समुदाय की सहभागिता से ही सफल होगा। आप लोगो को संकल्प लेना होगा कि हम सभी लोग मिलकर नदी तालाब को व ग्राम के जल स्रोतों की निरंतर सफाई करेंगे। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता दयाराम पटेल ने कहा कि ग्रामवासियों एवं जन समुदाय में जल संरक्षण की अलख जगाने हेतु नदी अनुभूति कार्यक्रम एक नवाचारी पहल है ।





# भगवान परशुराम का विधि-विधान से पूजन हुआ

**हटा (स्वतंत्र मत)।** आराध्य भगवान परशुराम के पावन जन्मोत्सव पर नगर हटा में धर्म, भक्ति और सनातन परंपराओं का अनुपम दृश्य देखने को मिला। सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में भगवान परशुराम की विधिविधानपूर्वक पूजा अर्चना, अभिषेक एवं वैदिक रीति से हवन-पूजन संपन्न किया गया। प्रात:कालीन बेला से ही ब्राह्मण समाज धर्मशाला में श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो गया और संपूर्ण परिसर वेद मंत्रों की गूंज, शंखध्वनि से भक्तिमय हो उठा। विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में यज्ञ कुंड में आहुतियाँ अर्पित की गईं जिससे वातावरण दिव्यता, पवित्रता एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। ब्राह्मण समाज के लोगों के द्वारा श्रद्धा भाव से भगवान परशुराम जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर धर्म, सत्य, पराक्रम एवं न्याय के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लेते नजर आए। इस पावन अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों के महंतों एव मदिरों के महात्माओं का सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा तिलक वंदन कर पुष्पमालाओं एवं श्रीफल भेंट कर उन्हे सम्मानित किया गया और कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 2 बजे से विशाल भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। इस पुण्य प्रसाद वितरण में नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए ब्राह्मण समाज ने सहभागिता निभाई और प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किया। इस दिव्य आयोजन में सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, महिला अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारीगण एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह पावन आयोजन न केवल धार्मिक आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बना बल्कि समाज में एकता, सद्भाव, नैतिक मूल्यों एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का प्रेरणादायी संदेश देता है

# जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण की दिशा में हुआ अभूतपूर्व कार्य

## जल प्रबंधन से कृषि, पर्यावरण एवं आजीविका में आया उल्लेखनीय सुधार

भोपाल (स्वतंत्र मत)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और ग्रामीण विकास का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। अभियान के तहत जल स्रोतों के पुनर्जीवन और नई जल संरचनाओं के निर्माण को गति मिली है। जनभागीदारी से जल प्रबंधन सशक्त हुआ है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश के विभिन्न जिलों में जल उपलब्धता में वृद्धि हुई है, कृषि उत्पादन में सुधार हुआ है और जैव विविधता को संरक्षण मिला है। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ हुई है और लोगों की आजीविका में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

### पालाचौरई में तालाब निर्माण से बढ़ी कृषि उत्पादकता

छिंदवाड़ा जिले के विकासखंड जुन्नारदेव का ग्राम पालाचौरई हरियाली और समृद्धि की मिसाल बनकर उभरा है। अभियान में ग्राम में जल संरचनाओं के निर्माण और पुराने जल स्रोतों के पुनर्जीवन को प्राथमिकता दी गई। मत्स्य पालन तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समन्वित प्रयासों से आधा एकड़ से लेकर ढाई एकड़ तक के तालाबों का निर्माण किया गया, जिससे वर्षभर जल उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। जल स्तर में वृद्धि का सीधा लाभ कृषि क्षेत्र को मिला है। पूर्व में वर्षा पर निर्भर रहने वाले किसान अब सिंचित खेती कर रहे हैं। वर्तमान में किसान 3 फसलें लेकर उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि कर रहे हैं। रबी सीजन में गेहूं, चना, मसूर, सरसों, मटर का उत्पादन बढ़ा है। जायद सीजन में मूंग एवं उड़द की खेती भी संभव हो पाई है। इसके अतिरिक्त किसानों ने मछली पालन, मोती उत्पादन एवं सिंघाड़ा जैसी गतिविधियों से आय के वैकल्पिक स्रोत विकसित किए हैं।



### पृथ्वी ताल पुनर्जीवन से हुआ पर्यटन विकास

ग्वालियर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में ऐतिहासिक पृथ्वी ताल का कायाकल्प किया गया है। इसे आधुनिक, उपयोगी और आकर्षक जलाशय के रूप में विकसित किया गया है। लगभग 7.27 हैक्टेयर में फैला यह तालाब पहले गाद, जलकुंभी और अतिक्रमण से प्रभावित था। इसकी उपयोगिता लगभग समाप्त हो गई थी। अब यह पुनर्जीवित होकर जल संरक्षण का प्रभावी केंद्र बन गया है। अभियान के तहत व्यापक स्तर पर गाद निकासी, गहरीकरण और सफाई कार्य किए गए, जिससे जल संग्रहण क्षमता बढ़ी। निकाली गई उपजाऊ मिट्टी का उपयोग आसपास के खेतों में किया गया,जिससे कृषि को भी लाभ मिला।

सौंदर्यीकरण कार्यों के बाद यह स्थल अब नागरिकों के लिए प्रमुख पिकनिक स्पॉट और स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि जैव विविधता का पुनरुद्धार है। वर्तमान में 120 से अधिक देशी-विदेशी पक्षियों की प्रजातियां यहां निवास कर रही हैं। कछुए और अन्य जलीय जीव भी यहां पाए जा रहे हैं,जिससे यह क्षेत्र एक जीवंत पारिस्थितिक तंत्र के रूप में विकसित हुआ है।

### बावड़ी के पुनरुद्धार से मिला स्थायी जल स्रोत

मंदसौर जिले के ग्राम थडोद में प्राचीन हजरत गालिब की बावड़ी का पुनर्जीवन एक प्रेरणादायक उपलब्धि के रूप में सामने आया है। वर्षों से उपेक्षित यह बावड़ी गंदगी, मलबे और अव्यवस्था के कारण अनुपयोगी हो गई थी।


अभियान में प्रशासन और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से इस बावड़ी का व्यापक जीर्णोद्धार किया गया। श्रमदान कर मलबा हटाया गया, जल स्रोत की सफाई की गई और आसपास के क्षेत्र को व्यवस्थित किया गया। इससे यह बावड़ी पुन: स्वच्छ, सुरक्षित और उपयोगी जल स्रोत के रूप में स्थापित हुई है। अभियान से न केवल एक ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण हुआ है, बल्कि ग्रामवासियों को एक स्थायी जल स्रोत भी उपलब्ध हुआ है। भू-जल स्तर में सुधार की संभावनाएं बढ़ी हैं और यह प्रयास अन्य ग्रामों के लिए प्रेरणा बनकर उभरा है।

### सतत विकास की दिशा में प्रभावी पहल

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे प्रयास जल संसाधनों के संरक्षण और उपयोग में ठोस परिवर्तन ला रहे हैं। छिंदवाड़ा, ग्वालियर और मंदसौर के उदाहरण यह दर्शाते हैं कि योजनाबद्ध क्रियान्वयन और जनसहभागिता से स्थानीय स्तर पर स्थायी परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। यह पहल वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ भविष्य के लिए जल सुरक्षा की मजबूत नींव भी तैयार कर रही है और प्रदेश में संतुलित एवं दीर्घकालिक विकास को गति दे रही है।

## मदन महल थाने का मामला, जांच में जुटी पुलिस

### मुआवजे को लेकर अस्पताल के बाहर लड़ पड़े 2 पक्ष




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मदन महल थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल के बाहर सोमवार को सड़क दुर्घटना के बाद हंगामा हो गया। बताया जाा रहा है कि यहां पर पहुंचे घायल बच्चे के परिजन और आरोपी पक्ष के बीच मुआवजे व इलाज को लेकर विवाद बढ़ गया, जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

## नाबालिग की शादी करने कर रखी थी पूरी तैयारी

### प्रशासन की सतर्कता से रुका बाल विवाह



**जबलपुर।** प्रशासन की सतर्कता से अक्षय तृतीया पर होने जा रहे एक बाल विवाह को रोकने में कामयाबी मिली है। महिला एवं बाल विकास की टीम को पनागर परियोजना की टीम को सूचना मिली थी कि ग्राम पंचायत नरगवा सेक्टर इमलई में एक विवाह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।

## पर्यटन और औद्योगिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

### ब्यौहारी स्टेशन की बदली तस्वीर



**जबलपुर।** शहडोल जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत ब्यौहारी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया गया। पमरे के जबलपुर मंडल में कटनी-सिंगरौली रेल मार्ग पर स्थित यह स्टेशन लंबे समय से क्षेत्र का महत्वपूर्ण रेलवे केंद्र रहा है।



## बीना विधायक दलबदल मामला

# जवाब पेश करने राज्य सरकार ने हाईकोर्ट से मांगा समय

### विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष सुनवाई न होने पर बढ़ाई गई तारीख

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट मे एक बार फिर बीना विधायक निर्मला सप्रे के दलबदल मामले में सुनवाई हुई। बता दें कि 20 दिन पहले सागर जिले की बीना सीट से विधायक निर्मला सप्रे ने कहा था कि मैं अब भी कांग्रेस में हूं। इस बयान को मप्र हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड में लिया है। मामले में याचिकाकर्ता और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को सप्रे के बीजेपी में शामिल होने के सबूत पेश करने के निर्देश दिए गए थे। इस पर सिंघार ने जवाब देते हुए कहा कि वे 9 अप्रैल तक पार्टी व्हिप की प्रतियां प्रस्तुत करेंगे। अब इस मामले की सुनवाई सोमवार को हुई। जिसमें सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि 9 अप्रैल को विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष सुनवाई नहीं हो सकी, क्योंकि प्रशासनिक व्यस्तता के कारण समय नहीं मिल



पाया। राज्य सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय मांगा। इस पर हाईकोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष 22 अप्रैल को सुनवाई की तारीख तय की, जबकि हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के दौरान बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे ने बीजेपी का दामन थाम लिया था। इसे दलबदल बताते हुए उमंग सिंघार ने उनकी सदस्यता खत्म करने की मांग विधानसभा अध्यक्ष से की थी। कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

### 2023 में कांग्रेस टिकट पर जीती थीं चुनाव

2023 में बीना सीट से निर्मला सप्रे ने कांग्रेस की टिकट पर विधानसभा चुनाव जीता था। 5 मई 2024 को लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान वे सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ बीजेपी के कार्यक्रम में शामिल हुई थीं। इसके बाद उनके बीजेपी में शामिल होने के दावे किए गए थे। 5 जुलाई 2024 को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सप्रे की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने के लिए स्पीकर के समक्ष याचिका लगाई। इसमें कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत पार्टी बदलने पर विधायक की सदस्यता खुद-ब-खुद समाप्त हो जाती है। जब इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो सिंघार ने नवंबर 2024 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

### पहले किया कांग्रेस में होने का दावा

इससे पहले चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सुनवाई की थी, तब निर्मला सप्रे के वकील संजय अग्रवाल ने उनके कांग्रेस में ही होने का दावा किया था। कहा कि ऐसे में निर्मला सप्रे की विधानसभा सदस्यता को समाप्त करने का सवाल ही नहीं उठता। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विभोर खंडेलवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहा था कि 9 अप्रैल तक पार्टी व्हिप की प्रतियां पेश कर देंगे। निर्मला सप्रे के भाजपा में शामिल होने के सबूत सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ भी उनकी कई तस्वीरें और पोस्ट वायरल हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट के आधार पर संबंधित व्यक्ति की स्थिति तय नहीं हो सकती है। याचिकाकर्ता, स्पीकर के समक्ष ठोस और प्रमाणिक साक्ष्य प्रस्तुत करें, जिससे यह साबित हो सके कि निर्मला सप्रे ने वास्तव में दल-बदल किया है।



### खेत में लगी भीषण आग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर भरदा के बीच सोमवार को रेलवे क्रॉसिंग के बगल में खेत की नरवाई में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। मौजूदा ग्रामीणजनों ने तत्काल इसकी सूचना दी। जानकारी लगते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने का हर संभव प्रयास किया। आज इतनी विकराल हो चुकी थी कि इसे बुझाने में अग्निशामक दल को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। आग बुझाने के बाद किसान ने बताया कि आग की चपेट में आने से सिंचाई में उपयोग होने वाले करीब 12 पाइप, बिजली की केबल और सटक चलकर राख हो गई। फिलहाल आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

## पालोमी घोष आज हितकारिणी डेंटल कॉलेज में देंगी प्रस्तुति



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

एकल अभिनय में दक्ष बंगाल की बालिका पालोमी घोष मंगलवार को हितकारिणी डेंटल कॉलेज, हितकारिणी हिल्स डुमना रोड में अपने अभिनय की प्रस्तुति देंगी। वह बुधवार को हितकारिणी नर्सिंग कॉलेज में भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। आपको बता दें पालोमी घोष पश्चिम बंगाल की कलाकार है जो हेलेन किलर के ऊपर एक घंटे का प्रेरणादायक अभिनय करती है। उल्लेखनीय बात यह है कि इस अभिनय के दौरान उन्हें लाइट और साउंड की जरूरत भी नहीं पड़ती है। गौरतलब है कि अमिताभ बच्चन और रानी मुखर्जी की फ़िल्म ब्लैक इसी अभिनय पर आधारित थी।

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में ऊर्जा विभाग नंबर-1

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण की स्थिति के आधार पर जारी ग्रेडिंग में ऊर्जा विभाग को प्रथम स्थान हासिल हुआ है। 1 मार्च से 31 मार्च की जारी ग्रेडिंग (20 अप्रैल 2026 की स्थिति में) में शिकायतों के निराकरण में ऊर्जा विभाग नम्बर-1 है। दूसरे नम्बर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग है। इस ग्रेडिंग से सिद्ध होता है कि ऊर्जा विभाग की आमजनों के बीच लगातार संवेदनशील छवि बनी हुई है। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर ऊर्जा विभाग से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिये एल-1 अधिकारी के रूप में कनिष्ठ अभियंता/सहायक अभियंता, एल-2 अधिकारी के रूप में कार्यपालन अभियंता, एल-3 अधिकारी के रूप में अधीक्षण अभियंता एवं एल-4 अधिकारी के रूप में मुख्य अभियंता सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज हैं और उक्त सभी अधिकारियों द्वारा आमजन की शिकायतों का संवेदनापूर्वक निराकरण किया जाता है। प्रत्येक स्तर पर शिकायत के निराकरण के लिये 7 दिन का समय निर्धारित किया गया है। शिकायतों के निराकरण के बाद सीएम हेल्पलाइन कॉल-सेंटर द्वारा शिकायतकर्ता से दूरभाष पर निराकरण के संबंध में संतोषजनक जवाब प्राप्त करने के बाद ही शिकायतों को बंद किया जाता है।

### आँखों में मिर्च पाउडर डालकर लूट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लॉर्डगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़ा फाटक इलाके में बदमाशों ने एक दुकानदार को अपना निशाना बनाया। बाइक सवार तीन बदमाशों ने न केवल दुकानदार पर हमला किया, बल्कि उसकी आँखों में मिर्च पाउडर डालकर दुकान के गल्ले में रखी नगदी लूटकर फरार हो गए। दुकानदार संयम जैन ने पुलिस को बताया कि शनिवार को पड़ोसी छोटू सेन से सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल फैलाने को लेकरकहासुनी हुई थी। उस वक्त मामला शांत हो गया था, लेकिन आरोपी छोटू ने इसे रंजिश बना लिया। रविवार को जब संयम अपनी दुकान पर था, तभी आरोपी छोटू सेन अपने दो अन्य साथियों के साथ बाईक पर वहां पहुंचा और योजनाबद्ध तरीके से बदमाशों ने सबसे पहले दुकानदार की आँखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया, ताकि वह कुछ देख न सके।

### छात्रों से रंगदारी मांगकर चाकू व लाठी से हमला

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्रातंर्गत करौंदी मरघटाई रेलवे लाईन के पास बैठकर बाते कर रहे स्कूली छात्रों से दो बदमाशों ने हर माह हजार रुपये की रंगदारी मांगते हुए उन पर चाकू व लाठी से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि शांति नगर निवासी 16 वर्षीय हर्षित समन कक्षा दसवीं का छात्र है। जो करोंदी मरघटाई के पास रेल्वे लाईन में बैठकर बातचीत कर आपस में हंसी मजाक कर रहे थे। उसी समय मरघटाई के पास रहने वाला मेहताब अंसारी व शोएल अंसारी पहुंचे और बोले कि रांझी में रहना है तो हम लोगों हर महीना रंगदारी के एक हजार देने पड़ेगें। हर्षित ने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालीगलौज शुरु कर दी।

## जेल के अंदर बंदी ने गमछे से लगाई फांसी, मौत

### दो साल से बंद था जेल में, ज्यूडिशियल जांच शुरु

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय कारागार के अस्पताल परिसर स्थित शौचालय में सोमवार सुबह करीब आठ बजे एक बंदी ने गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बंदी जब काफी देर तक बाहर नहीं निकला तो दरवाजा तोड़कर सुरक्षा प्रहरी अंदर पहुंचे, जहां बंदी 60 वर्षीय गुड्डु उर्फ राजा फंदे पर मृत लटका था। जिसके बाद पूरे



जेल परिसर में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में जेल अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना सिविल लाईन पुलिस व ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट को दी गई। जिसके बाद पूरे मामले की छानबीन शुरु कर दी गई है।जेल अधिकारियों ने बताया कि संजीवनी नगर साईं कालोनी निवासी 60 वर्षीय गुड्डु उर्फ राजा पिता गुलाब विश्वकर्मा को थाना संजीवनीनगर के अपराध क्रमांक 273/24 धारा 140(1), 103, 238, 61(2) बीएनएस में न्यायालय द्वारा जारी जेल वारण्ट पर अगस्त 2024 के पालन में जेल में दाखिल कराया गया था। जिसकी अपील माननीय न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। बंदी गुड्डु उर्फ राजा का स्वास्थ्य खराब होने पर उसे जेल परिसर के अस्पताल में शिफ्ट किया गया था। शनिवार सुबह करीब 8 बजे अस्पताल खण्ड के वार्ड क्रमांक-3 के अंदर स्थित शौचालय में बंदी गुड्डु उर्फ राजा विश्वकर्मा ने फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। चूंकि मामला जेल परिसर के अंदर का है, जिसकों लेकर जूडियिशल जांच प्रारंभ हो गई है। वहीं सिविल लाईन पुलिस भी मामले की छानबीन कर रहीं है।

#### इनका कहना है

बंदी गुड्डु उर्फ राजा ने सोमवार सुबह जेल अस्पताल के शौचालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिसकी जानकारी सिविल लाईन पुलिस व ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सहित मुख्यालय को दी गई। जिसकी जांच पड़ताल भी शुरु हो गई है।

**मदन कमलेश, जेलर**
**केन्द्रीय जेल जबलपुर**

## यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं

### बीच सड़क बसें खड़ी करने वालों पर बड़ी कार्रवाई, 6 बसें जब्त

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर की बेलगाम यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्रशासन ने अब ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपना ली है। कलेक्टर के निर्देश पर गठित गरूड़ दल ने आज



दीनदयाल चौक पर औचक दबिश देकर बीच सड़क बसें खड़ी करने वाले चालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम, पुलिस और आरटीओ की संयुक्त टीम ने यह अभियान चलाया। इस टीम में एसडीएम अधारताल, डीएसपी (यातायात) और आरटीओ के अधिकारी शामिल रहे।

# माइनिंग टीम से घबराकर अवैध रेत खनन कर रहे युवक ने नर्मदा नदी में लगाई छलांग

### बरेला थाना क्षेत्र के खिरैनी रेत घाट का मामला

### युवक की मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

अवैध खनन के खिलाफ सोमवार बरेला थाना क्षेत्र के खिरैनी रेत घाट पहुंची माइनिंग विभाग की टीम को देख बोरी में भरकर अवैध रेत ले जा रहे एक युवक ने घबराकर नर्मदा नदी में छलांग लगा दी। इस घटना में युवक की डूबने से मौत हो गई। इस घटना की जानकारी लगते ही मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। जिन्होंने जिला प्रशासन पर बड़े खनन माफियाओं को छूट देने और छोटे-मोटे रूप में खनन कर रहे लोगों पर कार्यवाही करने के आरोप लगाए हैं।

***ये है पूरा मामला***- दरअसल सोमवार को दोपहर करीब 2 बजे माइनिंग विभाग



और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध खनन पर रोक लगाने बरेला थाना क्षेत्र के खिरैनी रेत पर दबिश दी। इस दौरान वहां पर 4 से 5 लोग नदी से बोरी में भरकर रेत ले जाते हुए दिखे। जैसे ही उन्होंने जिला प्रशासन की टीम को देखा तो सब भागने लगे। इसी बीच माइनिंग टीम से डरकर 25 वर्षीय मानक वर्मा, निवासी ग्राम जमतरा ने नर्मदा नदी में छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि काफी मशक्कत के बाद मानक का शव नदी से कुछ दूरी पर उतराता हुआ दिखा।

***ग्रामीणों ने लाठीचार्ज के आरोप लगाए***- इस घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन किया। बरेला सहित रांझी, गोराबाजार और खमरिया थाना क्षेत्रों की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को शांत कराने में जुटी रही। ग्रामीणों ने टीम की गाड़ियों की हवा निकाल दी और लाठीचार्ज के आरोप लगाए। परिजन ने आरोप लगाया कि मानक वर्मा को एसडीएम और माइनिंग टीम ने घेर लिया था। बचने के लिए उसने डरकर नदी में छलांग लगा दी। उनका कहना है कि टीम उसे दौड़ाकर पकड़ने की बजाय सिर्फ वाहन जब्त करती, तो उसकी जान बच सकती थी।



### पुलिस और खनन टीम पर घूसखोरी का आरोप

परिजनों ने आरोप लगाया कि बड़े खनन माफिया को पुलिस-प्रशासन का संरक्षण मिलता है, जबकि छोटे स्तर पर बोरी से रेत निकालने वालों पर बार-बार कार्रवाई होती है। उनका कहना है कि माफिया के साथ मिलकर पुलिस और खनन विभाग की टीम घूसखोरी करती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बड़ी गाड़ियां लगातार चल रही हैं, लेकिन उन्हें रोकने के बजाय रिश्वत लेकर छोड़ दिया जाता है। वहीं, बोरी में रेत ले जाने वालों को पकड़ लिया जाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब युवक भाग रहा था, तो उसे पकड़ने की कोशिश क्यों की गई। मौके पर उसकी गाड़ी खड़ी थी, उसे जब्त किया जा सकता था।

### खनिज अधिकारी बोले- हम नहीं गए कार्रवाई करने

इधर जिला खनिज अधिकारी एके राय ने कहा कि जमतरा खिरैनी घाट पर क्या हुआ और किस युवक की मौत हुई, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम कार्यवाही करने नहीं गई थी। संभव है कि एसडीएम के साथ पुलिस टीम गई हो, क्योंकि राजस्व विभाग को भी अवैध खनन पर कार्रवाई के अधिकार होते हैं। मामले को लेकर एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि गौर चौकी क्षेत्र के जमतरा घाट पर लंबे समय से अवैध खनन चल रहा था। सोमवार दोपहर संयुक्त कार्रवाई की गई, जिसमें एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व, माइनिंग विभाग और पुलिस टीम ने दबिश दी थी। इसी दौरान युवक टीम को देखकर नदी में कूद गया। गहराई अधिक होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सका। तुरंत एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया, लेकिन बाहर निकालने तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### शादी का कार्ड बांटने निकले व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एक परिवार की खशियां उस वक्त मातम में तब्दील हो गई, जब घर का मुखिया शादी के कार्ड बांटते हुए सड़क हादसे का शिकार हो गया। दरअसल जब रवि पटेल शादी के कार्ड लेकर गढ़ा रेलवे स्टेशन की ओर से आगे बढ़े, तभी एक लोडिंग पिकअप वाहन ने उन्हें कुचल दिया, जिनकी उपचार दौरान मेडिकल अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस को टेमरभीटा निवासी नितेश पटेल ने बताया कि उसके पिताजी 51 वर्षीय रवि पटेल शादी के कार्ड बांटने भेड़ाघाट तरफ गये थे। दोपहर को जब वह गढ़ा रेलवे स्टेशन से तिलवारा की ओर जा रहे थे, उसी समय लोडिंग पिकअप वाहन क्रमांक एमएच-40 सीटी-5403 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनके वाहन में टक्कर मार दी। जिससे रवि पटेल को सिर व हाथ पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे आ गई।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**